मूल्य : 2 रुपए | पृष्ठ : 14 | वर्ष : 29 | अंक : 31

जयपुर

# महानगर टाइम्स

मिशन पत्रकारिता का प्रहरी

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।

www.mahanagartimes.com | जयपुर, मंगलवार, 23 दिसम्बर, 2025 | जयपुर, कोटा, दौसा, अलवर, उदयपुर एवं जोधपुर से एक साथ प्रकाशित




11

राज्य सरकार के 2 वर्ष के उपलक्ष्य में झालावाड़ में महिला सशक्तीकरण सम्मेलन

## अरावली पर्वतमाला से नहीं करने दी जाएगी छेड़खानी : भजनलाल

### नारी सशक्तीकरण से ही देश का विकास : राजे

महानगर संवाददाता

**झालावाड़/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि अरावली पर्वतमाला हमारे प्रदेश का आधार है, इसके बारे में भ्रम फैलाया जा रहा है। प्रदेश सरकार अरावली पर्वतमाला के सरंक्षण के लिए संकल्पित है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस पर्वतमाला के साथ किसी भी प्रकार की छेड़खानी नहीं की जाएगी और ना ही करने दी जाएगी। सीएम शर्मा सोमवार को राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हो रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में झालावाड़ के दुधालिया में आयोजित महिला सशक्तीकरण सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। जहां उन्होंने सरकार की ओर से अरावली को लेकर सरकार का रुख साफ कर दिया।

सीएम ने महिला सशक्तीकरण को लेकर कहा कि महिला हमारे परिवार का आधार है और राष्ट्र निर्माण की सच्ची शिल्पकार है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास में महिला शक्ति अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और हमारी सरकार भी महिला उत्थान के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान की धरा रानी पद्मिनी, रानी कर्णावती, हाड़ी रानी जैसी वीरांगनाओं की धरा है। इनके शौर्य एवं पराक्रम से राजस्थान वीरभूमि बना। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के गौरवशाली 2 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर हम प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में जाकर गरीब, युवा, महिला और किसान सहित हर वर्ग से संवाद कर रहे हैं।



### 'नारी शक्ति सामाजिक बदलाव की अग्रदूत'

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। वे केवल घर ही नहीं संभालतीं, बल्कि देश-प्रदेश को सशक्त करने में भी अपना अमूल्य योगदान दे रही हैं। उन्होंने कहा कि खुरपी और दरांती से काम करने वाली महिलाओं के हाथ में आज टैबलेट और लैपटॉप आ गया है। यह प्रगति का सूचक है। उन्होंने कहा कि पीएम मातृ वंदना योजना में 10 लाख गर्भवती महिलाएं लाभान्वित हुई हैं। राज्य में 500 कालिका पेट्रोलिंग यूनिट का गठन कर उनका प्रभावी संचालन किया जा रहा है। साथ ही हमने प्रदेश में कानून व्यवस्था चाक-चौबंद की है, जिससे अपराध में उल्लेखनीय कमी आई है।

### अरावली पर्वत बचाने के लिए आंदोलन, जोधपुर में लाठीचार्ज

**सीकर।** अरावली पर्वत श्रृंखला में खनन को मंजूरी मिलने से नाराज लोगों ने सोमवार को प्रदर्शन किया। कांग्रेस और सामाजिक संगठनों के लोगों की उदयपुर कलेक्ट्रेट में पुलिस से धक्का-मुक्की हुई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। यहां पुलिस ने कुछ कार्यकर्ताओं को अरेस्ट भी किया। सीकर में 945 मीटर ऊंचाई पर स्थित हर्ष पर्वत पर प्रदर्शन किया गया। जोधपुर में एनएसयूआई कार्यकर्ता प्रदर्शन के दौरान बेरिकेड्स पर चढ़ गए। पुलिस ने लाठी चलाकर भीड़ को खदेड़ा।

### अरावली पहाड़ियों का लगभग 90 फीसदी इलाका सुरक्षित : भूपिंदर यादव

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपिंदर यादव ने अरावली पहाड़ियों के संरक्षण को लेकर कहा कि अवैध खनन के खिलाफ सख्ती बरती गई है। उन्होंने अरावली पहाड़ियों की केंद्र की परिभाषा को सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्वीकार किए जाने के बाद 'अरावली बचाओ' अभियान पर यह प्रतिक्रिया दी। सुप्रीम कोर्ट ने यह परिभाषा अवैध खनन को रोकने के इरादे से दी है। एक इंटरव्यू में उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि अरावली रेंज में सिर्फ 0.19 फीसदी क्षेत्र में खनन की इजाजत होगी। ये एक फीसदी से भी कम है और उस एरिया में भी कोई नई खदान नहीं खोली गई है। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि अरावली का लगभग 90 फीसदी इलाका सुरक्षित है।

### प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के कर रहे सार्थक प्रयास : राजे

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि सीएम भजनलाल शर्मा प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के सार्थक प्रयास कर रहे हैं। आज हमारा प्रदेश विकसित राज्य बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने महिलाओं के सशक्तीकरण की योजनाओं को गति प्रदान की है। छात्राओं को स्कूटी वितरण, किसान सम्मान निधि के अंतर्गत वार्षिक 9 हजार रुपए देने के साथ ही पेपरलीक पर सख्ती से लगाम लगाई है। झालावाड़ को भी विकास कार्यों की कई सौगातें दी गई हैं। सांसद दुष्यंत सिंह ने राज्य सरकार के उल्लेखनीय कार्यों को रेखांकित किया।

### 78 लाख महिला लाभार्थियों के खातों में 187 करोड़ 59 लाख हस्तांतरित

मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी योजना के तहत प्रदेशभर की 78 लाख महिला लाभार्थियों के खातों में 187 करोड़ 59 लाख और लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत 18 हजार लाभार्थियों के खातों में 2500-2500 रुपए की प्रथम किस्त की राशि हस्तांतरित की। इसके साथ ही राजीविका के दो स्वयं सहायता समूहों को 18 करोड़ 13 लाख ऋण के चेक वितरित किए। इससे पहले मुख्यमंत्री ने दुधालिया गांव में महिलाओं द्वारा संचालित गौशाला, बायोगैस प्लांट एवं मियावाकी उद्यान का लोकार्पण किया। उन्होंने गोवर्धन गैस प्लांट का अवलोकन किया और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी स्थल पर पांच दिव्यांग जनों को स्कूटी एवं दस स्कूली बालिकाओं को साइकिल वितरित की। इस दौरान पंचायतीराज राज्य मंत्री एवं प्रभारी मंत्री ओटाराम देवासी, विधायक गोविंद प्रसाद सहित विभिन्न जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

## बजरी माफिया से मिलीभगत पर 5 एसएचओ सस्पेंड, 6 लाइन हाजिर

15 पुलिसकर्मियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के आदेश

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश में बजरी माफिया से पुलिस अधिकारियों की मिलीभगत को लेकर पुलिस मुख्यालय ने कड़ा एक्शन लिया है। जयपुर समेत 4 जिलों के 5 थानों के एसएचओ को सस्पेंड किया है। इसके अलावा 5 जिलों के 6 थानों के एसएचओ को लाइन हाजिर किया है। पुलिस मुख्यालय की सतर्कता शाखा ने 18 और 19 दिसंबर को प्रदेशभर में बजरी के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण के खिलाफ डिकॉय ऑपरेशन चलाया था। इस दौरान ड्यूटी में लापरवाही सामने पर इन पुलिस अधिकारियों पर एक्शन लिया गया है। एडीजी एस. सेंगाथिर ने बताया टीमों में शामिल पुलिसकर्मियों ने आमजन बनकर पुलिस स्टेशनों की कार्यप्रणाली, नाकाबंदी और गश्त व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान सामने आया कि कई थानों में बजरी के अवैध परिवहन को नजर अंदाज ही नहीं किया जा था, बल्कि ड्यूटी के प्रति भी भारी लापरवाही बरती जा रही थी।

### इन पर गिरी गाज



जांच में दोषी पाए जाने पर 21 दिसंबर को पुलिस मुख्यालय ने सख्त कदम उठाते हुए जयपुर (साउथ) के शिवदासपुरा थाना, टोंक के पीपलू और बरौनी थाना, अजमेर के पीसांगन थाना और धौलपुर के कोतवाली थाना के एसएचओ को सस्पेंड कर दिया। इसके साथ ही भीलवाड़ा के गुलाबपुरा थाना, कोटा के कुन्हाड़ी और नांता थाना, दौसा के लालसोट थाना, चित्तौड़गढ़ के गंगरार थाना और जोधपुर (वेस्ट) के लूणी थाना के एसएचओ को लाइन हाजिर किया है। इन सभी के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश भी दिए गए हैं। वहीं डिकॉय ऑपरेशन में दोषी मिले 11 थानों के 15 पुलिसकर्मियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के लिए पुलिस मुख्यालय से आईजी जयपुर, कोटा, भरतपुर और अजमेर को निर्देश जारी किए गए हैं।

### कोहरे में लिपटा रहा प्रदेश पारे में आया उतार-चढ़ाव

**जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** पश्चिम विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश में बादल छाए रहे और इससे शहरों के पारे में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। प्रदेश के 5 शहरों का रात का पारा 10 डिग्री से नीचे रहा। वहीं कई शहरों में 10 से 50 मीटर तक विजिबिलिटी दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार 7.6 डिग्री के साथ माउंट आबू की रात सबसे सर्द रही। राज्य के उत्तरी पूर्वी भागों में 23-24 दिसंबर को कहीं-कहीं हल्का, मध्यम, एक-दो स्थानों पर घने कोहरे की संभावना है। उत्तरी-पूर्वी भागों में 23-25 दिसंबर के मध्य न्यूनतम तापमान में 2-4 डिग्री की गिरावट हो सकती है। जयपुर का अधिकतम पारा 27.3 और न्यूनतम 10 डिग्री रहा।

### सस्ती शिक्षा और इलाज तक लोगों की हो आसान पहुंच : डॉ. भागवत



महानगर टाइम्स संवाददाता

**चंद्रपुर।** महाराष्ट्र के चंद्रपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि सस्ती पढ़ाई और इलाज हर व्यक्ति की मूल जरूरत है और हर इंसान को ये सुविधाएं उसके पास में ही मिलनी चाहिए। इन सुविधाओं की समाज के आखिरी व्यक्ति तक आसानी से पहुंच होनी चाहिए। चंद्रपुर में पंडित दीनदयाल कैंसर अस्पताल के उद्घाटन कार्यक्रम में भागवत ने कहा कि कैंसर जैसी बीमारी का असर सिर्फ मरीज तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरे परिवार को इससे जूझना पड़ता है। उन्होंने समाज से अपील की कि ऐसे मरीजों और उनके परिवारों की भावनात्मक और सामाजिक मदद की जाए। भागवत ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा के लिए सिर्फ पैसा नहीं, बल्कि समय देना भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि कैंसर जैसी बीमारियों के पीछे तनाव, प्रदूषण और मिलावटी खाद्य पदार्थ जैसे कई कारण हो सकते हैं। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि इस तरह के कैंसर अस्पताल जैसी सुविधाएं प्रभावी ढंग से कार्य करें।





## एक महीने की मेहनत से संभव हो पाया मध्यप्रदेश से हवाई सफर

# हेलिकॉप्टर से लाई गई बाघिन पीएन-224

## वन्यजीव संरक्षण का नया कीर्तिमान! रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व बूंदी में सॉफ्ट एन्क्लोजर में छोड़ा

### मध्यप्रदेश के पेंच टाइगर रिजर्व से हवाई ट्रांसलोकेशन : 200 अधिकारी-कर्मचारियों सहित भारतीय वायुसेना की महत्वपूर्ण भूमिका

कृष्णा धाकड़

**जयपुर/बूंदी।** प्रदेश के बाघों का जीन पूल सुधारने की कवायद के तहत मध्यप्रदेश के पेंच टाइगर रिजर्व से बाघिन पीएन-224 को रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व में हवाई ट्रांसलोकेशन वन विभाग के 200 अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम की एक महीने की कड़ी मेहनत और तैयारी से सम्भव हो पाया। इस बाघिन ने लगभग महीने भर तक वन विभाग की टीम को जम कर छकाया और बड़ी मुश्किल से काबू में आ पाई। सोमवार तड़के इसे रामगढ़ विषधारी अभयारण्य के एक एन्क्लोजर में रिलीज कर दिया गया, यहां से कुछ दिन बाद इसे खुले जंगल में छोड दिया जाएगा।

विभाग के अधिकारियों का कहना था कि यह पूरी एक्सरसाइज खासी मुश्किल रही। चूंकि हवाई ट्रांसलोकेशन देश में ही पहली बार किया जा रहा था, इसलिए वन विभाग ने हेलिकॉप्टर से कई रिहर्सल किए, जिसमें भारतीय वायुसेना की महत्वपूर्ण भूमिका रही। दो सौ से अधिक वनकर्मियों, प्रशासनिक अधिकारियों और सेना के जवानों ने दिन-रात मेहनत की। सभी अफसरों में समन्वय सटीक रहा और कोई चूक नहीं हुई।

आमतौर पर बाघों का ट्रांसलोकेशन सड़क मार्ग से किया जाता है, जो लंबा और तनावपूर्ण होता है, लेकिन इस बार सुरक्षा, गति और बाघिन के तनाव को कम करने के लिए हवाई मार्ग चुना गया। पेंच से हेलिकॉप्टर ने उड़ान भरी और सीधे जयपुर में लैंड किया। रात करीब 10 बजकर 15 मिनट पर एमआई-17 हेलिकॉप्टर जयपुर स्टेट हैंगर पर उतरा, जहां वन विभाग, जिला प्रशासन और वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारी पूरे समय नजर रखे हुए थे। एमआई-17 हेलिकॉप्टर को विशेष रूप से इस मिशन के लिए तैयार किया गया था। इसमें बाघिन के कंटेनर को सुरक्षित रूप से फिट किया गया और उड़ान के दौरान पायलट्स ने न्यूनतम ऊंचाई और गति पर ध्यान दिया, ताकि जानवर को कोई असुविधा न हो।

### रेडियो कॉलर टूटने से बदली योजना

पेंच टाइगर रिजर्व में बीते करीब 25 दिन से बाघिन पर नजर रखी जा रही थी। कोटा से सीसीएफ सुगनाराम जाट और पशु चिकित्सक डॉ. तेजेंद्र रियाड़ 25 नवंबर को पेंच टाइगर रिजर्व पहुंच गए थे, लेकिन बाघिन को 5 दिसंबर को ट्रेंकुलाइज कर पाए। वैसे तो बाघिन को 10 दिसंबर को रामगढ़ लाना था, लेकिन 6 दिसंबर को रेडियो कॉलर टूट गया। इस कारण पूरी प्रक्रिया ही अटक गई और ट्रांसलोकेशन में देरी होती चली गई। पीएन-224 को लाने के लिए करीब 10 दिन तक ट्रेसिंग की गई। आखिरकार सफलता मिली और रविवार शाम को ट्रेंकुलाइज किया गया। इसके बाद पीएन-224 को जंगल के करीब से हेलिपेड तक ट्रक में लाया गया। इस दौरान डॉक्टर्स की टीम उस पर नजर रख रही थी। पहले योजना थी कि बाघिन को पेंच से सीधे रामगढ़ टाइगर रिजर्व लाया जाएगा। इसके लिए रामगढ़ में हेलिपेड भी तैयार करवा लिया गया था। बूंदी में दो दिन तक हेलिकॉप्टर से ट्रायल भी किया गया, लेकिन जब बाघिन को ट्रेंकुलाइज कर बूंदी लाने के लिए एयरफोर्स से अनुमति मांगी गई तो उन्होंने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए इनकार कर दिया। रामगढ़ में जो हेलिपेड तैयार किया गया था, वहां लाइटिंग की समस्या थी। इसी कारण जोखिम की आशंका जताई गई और पूरी योजना बदलनी पड़ी।

### इनकी अहम भूमिका रही

कोटा से सीसीएफ सुगनाराम जाट और पशु चिकित्सक डॉ. तेजिंदर पिछले एक महीने से अभियान का समन्वय कर रहे थे। पिछले 8 दिनों से पेंच टाइगर रिजर्व में मौजूद रहकर अभियान की सतत निगरानी कर रहे थे। यह स्थानांतरण कार्य फील्ड डायरेक्टर देवप्रसाद के सहयोग और उप संचालक रजनीश कुमार सिंह, पेंच टाइगर रिजर्व के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। बाघिन का चेकअप डॉ. अखिलेश मिश्रा और डॉ. प्रशांत द्वारा वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन ट्रस्ट की टीम के साथ और डॉ. काजल और डॉ. अमोल (वेटरनरी कॉलेज, जबलपुर एवं फील्ड बायोलॉजिस्ट अनिमेष चव्हाण के सहयोग से किया गया। पेंच टाइगर रिजर्व से रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व स्थानांतरण के दौरान पेंच टाइगर रिजर्व से मिशन लीडर सहायक संचालक गुरलीन कौर, वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ. मिश्रा, पशु चिकित्सक डॉ. प्रशांत देशमुख और रेंज अधिकारी लोकेश कुमार चौधरी, पेंच टाइगर रिजर्व, सिवनी-राजस्थान के अधिकारियों की टीम के साथ एमआई-17 हेलिकॉप्टर से बाघिन के सुरक्षित स्थानांतरण किया।



### विशेष प्रोटोकॉल के साथ 200 किमी सड़क से सफर

जयपुर से आगे का सफर सड़क मार्ग से तय किया गया। विशेष प्रोटोकॉल के तहत बाघिन को एक सुरक्षित वाहन में रखा गया, जो करीब 200 किलोमीटर की दूरी तय करके बूंदी पहुंचा। रास्ते में किशोरपुरा टोल प्लाजा पर वन विभाग और पुलिस की टीमें पूरी मुस्तैदी से तैनात रहीं। कोई भी अनधिकृत वाहन या व्यक्ति को पास नहीं आने दिया गया। सोमवार सुबह करीब 6 बजकर 36 मिनट पर बाघिन पीएन-224 को रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व के बजालिया इलाके में स्थित सॉफ्ट एनक्लोजर में रिलीज किया गया। यह एनक्लोजर एक अस्थायी सुरक्षित क्षेत्र है, जहां बाघिन को नए पर्यावरण से अनुकूलित होने का समय दिया जाएगा। यहां उसके व्यवहार, स्वास्थ्य और नए पर्यावरण से सामंजस्य की सतत निगरानी की जा रही है। पूरी तरह से अनुकूल पाए जाने पर इसे खुले जंगल में छोड़ दिया जाएगा। पेंच टाइगर रिजर्व की बाघिन को इसलिए चुना गया, क्योंकि उसकी जेनेटिक क्वालिटी रामगढ़ की स्थानीय आबादी से अलग है, जो इनब्रिडिंग की समस्या को दूर करेगी।

### इन्होंने कहा...

**5 दिन के लिए सॉफ्ट एनक्लोजर में रखा**

बाघिन पीएन-224 को फिलहाल 5 दिन के लिए सॉफ्ट एनक्लोजर में रखा गया है। यहां उसके व्यवहार, स्वास्थ्य और नए पर्यावरण से सामंजस्य की निगरानी की जाएगी। पूरी तरह अनुकूल पाए जाने पर बाघिन को खुले जंगल में छोड़ा जाएगा। पीएन-224 को राजस्थान लाने के लिए करीब एक महीने से कोशिश की जा रही थी।

**अरुण कुमार** डी. डीएफओ, रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व

**पहली बार दूसरे राज्य से ट्रांसलोकेशन**

अब तक बाघों के ट्रांसलोकेशन राज्य के भीतर ही हुए हैं। रणथम्भौर से ही बाघ सरिस्का, रामगढ़ और मुकुंदरा भेजे गए हैं। पहली बार है कि एक राज्य से दूसरे राज्य में बाघ का ट्रांसलोकेशन किया गया है। सभी टाइगर लगभग एक ही जीन-पूल के होने के कारण इनब्रीडिंग आपस में हो रही है। ये पहली बार है, जब पेंच से बाघिन को लाकर रामगढ़ में छोड़ा गया है। अभी एक और बाघिन मुकुंदरा टाइगर रिजर्व में ट्रांसलोकेट की जाएगी। वो बाघिन भी बाहर से ही आएगी, ताकि आने वाले समय में बाघ जेनेटिकली मजबूत रहें।

**दौलत सिंह शक्तावत,** टाइगर मैन, (सेवानिवृत्त उपवन संरक्षक)

**लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने बताया बड़ी उपलब्धि**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि राजस्थान के लिए यह वन्यजीव संरक्षण के इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे बून्दी के रामगढ़ टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या और जैव विविधता को मजबूत आधार मिलेगा। यह सफलता केंद्र और राज्य सरकारों के समन्वित प्रयासों का परिणाम है।



### फैक्ट्स

- रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व में अब 7 बाघ
- 5 बाघिन, 1 बाघ और 12 महीने का एक शावक
- बूंदी, कोटा और भीलवाड़ा में फैला है 1501 वर्ग किमी. क्षेत्रफल
- 2022 में रामगढ़ विषधारी को टाइगर रिजर्व घोषित किया गया

### राजस्थान में बाघों की कुल संख्या : 143

- सबसे ज्यादा रणथम्भौर टाइगर रिजर्व में 71 बाघ
- अलवर के सरिस्का में 49
- कोटा के मुकुंदरा टाइगर हिल्स रिजर्व में 5
- बूंदी के रामगढ़ विषधारी में 7
- धौलपुर-करौली टाइगर रिजर्व में 11

## उपमुख्यमंत्री ने फैशन एक्सपो-2026 के पोस्टर का किया विमोचन

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** जयपुर गारमेंट्स क्लब की ओर से चंदनवन सीतापुरा में 9 और 10 जनवरी को जयपुर गारमेंट्स क्लब एक्सपो इंटरनेशनल लेवल फैशन कलरफुल ड्रेस के साथ आयोजित किया जाएगा। सांगानेरी प्रिंट से बने परिधान रैंप शो में शोकेस किए जाएंगे। फैशन के मिश्रण के माध्यम से एथनिक और फ्यूजन वियर श्रेणी के तहत डिजाइनर अनारकली कुर्तियां, प्लाजो सूट सेट, इंडो-वेस्टर्न आदि डिस्प्ले किए जाएंगे। सोमवार को उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने पोस्टर का विमोचन किया। इस दौरान जयपुर गारमेंट्स क्लब के अध्यक्ष दीपक जैन, अशोक गुप्ता, सिद्धार्थ जैन, केशव शुक्ला, शंकर जोशी, रामरतन रूंडला आदि लोग मौजूद रहे। इस एग्जीबिशन में देशभर के गारमेंट्स एजेंट्स भी शामिल हैं।

जयपुर के अनुभवी गारमेंट्स मैन्युफैक्चरर्स अपनी-अपनी गारमेंट्स स्टॉल के माध्यम से अपने कलेक्शन का प्रदर्शन कर बायर्स से ऑर्डर लेंगे। यहां इस एग्जीबिशन में नेपाल, लंदन, बेंगलुरू, हैदराबाद, चेन्नई, भोपाल, ओडिशा, दिल्ली, गोवा, रायपुर, कोटा आदि जगहों से कस्टमर्स द्वारा होलसेल में सभी मैन्युफैक्चरर्स को ऑर्डर दिए जाएंगे। इस फेयर में अनुमानित 2000 होलसेलर कस्टमर आएंगे। इस एग्जीबिशन में कॉटन, रेयॉन, शिफॉन, सिल्क से बनी कुर्ती, प्लाजो सेट, अनारकली, इंडियन और वेस्टर्न परिधान डिस्प्ले किए जाएंगे। जयपुर गारमेंट्स क्लब के अध्यक्ष दीपक जैन और सेक्रेटरी अशोक गुप्ता ने जयपुर के टॉप 60 मैन्युफैक्चरर्स को यह प्लेटफॉर्म दिया है।

## अजमेर में सांसद खेल महोत्सव आज से, पीएम मोदी करेंगे वर्चुअल संबोधन

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर/अजमेर/किशनगढ़।** सांसद खेल महोत्सव राष्ट्रीय कार्यक्रम 2025 के तहत अजमेर संसदीय क्षेत्र में 23 से 25 दिसंबर तक जिलास्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिताएं पटेल स्टेडियम और चंद्रवरदाई नगर खेल मैदान में होंगी। इससे पहले ब्लॉक स्तर पर आयोजित मुकाबलों में विजेता रहे खिलाड़ी अब जिला स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सांसद खेल महोत्सव युवाओं की छिपी प्रतिभा को मंच देने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप ग्रामीण व वंचित क्षेत्रों के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। 23-24 दिसंबर को चंद्रवरदाई नगर खेल मैदान में क्रिकेट, वॉलीबॉल, हॉकी व खो-खो, जबकि 23 से 25 दिसंबर तक पटेल स्टेडियम में कबड्डी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन सहित अन्य खेल होंगे। 25 दिसंबर को समापन अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी वर्चुअल माध्यम से खिलाड़ियों को संबोधित करेंगे।

### युवा संसद आयोजन में राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर चर्चा

## 'लोकतंत्र सर्वोपरि, जनता का हित हमारा हित'

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** युवाओं को देश की संसद की कार्यप्रणाली और लोकतंत्र में अपनी बात रखने के तरीकों की जानकारी देने सहित अन्य सभी मार्गदर्शन के लिए राजधानी में युवा संसद का आयोजन किया गया। आयोजन के पहले दिन संसद का माहौल जीवंत रहा, जहां 'वन नेशन, वन इलेक्शन' जैसे राष्ट्रीय महत्व के विषय पर गंभीर, विचारोत्तेजक और संतुलित विमर्श देखने को मिला।

उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि आईएएस नीरज के. पवन ने प्रतिभागियों से कहा कि युवा ही लोकतंत्र की असली शक्ति हैं और ऐसे मंच उन्हें नीति निर्माण को समझने का अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल के रूप में पूर्व पुलिस महानिरीक्षक ए.वी. शुक्ला, रिटायर्ड आईएएस एन.के. गुप्ता, प्रो. श्याम मोहन अग्रवाल, एडवोकेट बुलबुल पाठक और सीनियर जर्नलिस्ट त्रिभुवन मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में एनएसएस के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. एस.पी. भटनागर तथा राजस्थान विश्वविद्यालय के मुख्य कुलानुशासक प्रो. आर.एन. शर्मा उपस्थित रहे। सत्र की अध्यक्षता डॉ. निकी चतुर्वेदी एवं डॉ. मीना रानी ने की, जिन्होंने संसदीय मर्यादाओं, तर्कपूर्ण असहमति और लोकतांत्रिक संवाद की गरिमा को बताया।

सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने 'संविधान सर्वोपरि, लोकतंत्र हमारी पहचान' जैसे नारों के साथ सभागार को ऊर्जा से भर दिया। इसके बाद 'वन नेशन, वन इलेक्शन' से संबंधित विधेयक को सांसद किरेन रिजिजू बने छात्र की ओर से सदन में प्रस्तुत किया गया, जिस पर पक्ष-विपक्ष से संतुलित और तथ्यात्मक चर्चाएं हुईं।

### 23 राज्यों के 200 युवा ले रहे भाग

कार्यक्रम के समन्वयक मोहित शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि देश के 23 राज्यों से 400 से अधिक युवाओं ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 200 प्रतिभागियों का चयन कर उन्हें संसद में चर्चा का अवसर दिया गया। युवाओं को एक मंच पर सुनना अपने-आप में एक अनोखा अनुभव है। राष्ट्रीय युवा संसद के दूसरे दिन सदन में 'वक्फ संशोधन विधेयक' पर गंभीर चर्चा प्रस्तावित है, जिसे लेकर प्रतिभागियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

## जयपुर में खुलेगा पूर्व सैनिक परामर्श व सुविधा केंद्र, आज होगा उद्घाटन

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान सरकार पूर्व सैनिकों के कल्याण और रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रही है। जयपुर के विद्याधर नगर स्थित राजस्थान एक्स सर्विसमैन कॉरपोरेशन (रेक्स्को) मुख्यालय में पूर्व सैनिक परामर्श व सुविधा केंद्र की स्थापना की जा रही है। इस केंद्र का उद्घाटन 23 दिसंबर को दोपहर 2:30 बजे सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ करेंगे। केंद्र में पूर्व सैनिकों को सरकारी नौकरियों की तैयारी, विभिन्न योजनाओं और भविष्य की संभावनाओं पर मार्गदर्शन मिलेगा। कार्यक्रम में रेक्स्को प्रबंध निदेशक मेजर जनरल विजय सिंह, सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक ब्रिगेडियर वीएस राठौड़ सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक उपस्थित रहेंगे।

## पीएमश्री विद्यालयों की रिपोर्ट पर दिल्ली में बैठक 27 को

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** हाल ही में 22 दिसम्बर को मुख्य सचिव वी.श्रीनिवास ने डॉ. राधाकृष्णन शिक्षा संकुल का दौरा किया था। असल में यह दौरा आगामी 27 दिसंबर को दिल्ली में पीएमश्री विद्यालयों के संबंध में होने वाली चर्चा से पहले का दौरा था, जिसमें मुख्य सचिव वी.श्रीनिवास ने राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के माधव सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में राज्य में स्थापित 639 पीएमश्री विद्यालयों की 18 मानकों पर आधारित रैंकिंग का अनावरण किया और इनकी मापदण्ड और वर्तमान स्थिति के बारे में जाना। इस दौरान ही शिक्षा विभाग की ओर से स्थापित विद्या समीक्षा केंद्र को एक बेहतरीन पहल बताया और केन्द्र के इस मॉडल के बारे में मार्गदर्शन भी किया।

### पीएमश्री विद्यालय अधिकांश मानक पर खरे

स्कूल शिक्षा सचिव कृष्ण कुणाल ने मुख्य सचिव को प्रजेंटेशन के माध्यम से स्कूल शिक्षा विभाग के स्ट्रक्चर, नवाचार और विभिन्न अभियानों के तहत चलाए जा रहे कार्यक्रम मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान, निपुण राजस्थान, प्रखर राजस्थान, शाला संबलन ऐप, डिजिटल प्रवेशोत्सव, स्टेट ओपन और बाल वाटिका सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी।

### कक्षा में पहले दो कालांश सिर्फ रीडिंग, अच्छी पहल बताया

मुख्य सचिव वी.श्रीनिवास ने प्रदेश के 639 पीएमश्री विद्यालयों की मानक रैंकिंग के अनावरण के साथ ही, पीएमश्री विद्यालयों की सुविधाओं के अनुसार राष्ट्रीय स्तर पर रैंकिंग के स्टेटस के बारे में जाना। इसके बाद यहां के राजकीय स्कूलों में छात्राओं के लिए टॉयलेट व क्लास रूम की स्थिति के बारे में जानना चाहा, तो उन्हें प्रदेश के महात्मा गांधी राजकीय स्कूल के साथ ही पीएमश्री स्कूलों में भी छात्राओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं के बारे में बताया गया। साथ ही स्वास्थ्य रक्षा व खेलों के लिए दी जा रही सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। स्कूल शिक्षा के सचिव कृष्ण कुणाल ने बताया कि राजकीय विद्यालयों में अधिकांश ग्रेड में नामांकन का रेशो नेशनल रेशो से बेहतर है। इतना ही नहीं, कोविड के बाद नामांकन रेशो में वृद्धि हुई है। 2024-25 में ड्रॉपआउट रेशो भी राष्ट्रीय रेशो से कहीं ज्यादा कम है। कृष्ण कुणाल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संबंध में राजस्थान की शिक्षा पद्धति में हो रहे बदलाव और नवाचारों के बारे में भी मुख्य सचिव को जानकारी दी। मुख्य सचिव ने इस बारे में जानकर संतोष जताया कि कक्षा में पहले दो कालांश केवल रीडिंग के लिए रखे गए हैं, जिससे बच्चों की रीडिंग कैपेसिटी में सुधार आया है। मुख्य सचिव ने कहा कि भविष्य की नींव के लिए प्रदेश के बच्चों को इस प्रकार तैयार किया जाना चाहिए।

## ईपीएफओ शुरू करेगा कर्मचारी नामांकन अभियान



**जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने प्रदेश में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना एवं कर्मचारी नामांकन अभियान-2025 को लागू करने के निर्देश दिए हैं, ताकि राज्य में अधिक से अधिक नियोक्ताओं एवं कर्मचारियों को इन योजनाओं का लाभ मिल सके। ईपीएफओ की राजस्थान अंचल की सोमवार को हुई राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए राजस्थान के प्रभारी एवं अपर केंद्रीय आयुक्त अजीत कुमार ने कहा कि ईपीएफओ राजस्थान अंचल के सभी कार्यालय अपने अंशदाताओं एवं पेंशनभोगियों को समयबद्ध रूप से उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करें तथा यह सुनिश्चित करें कि सभी हितधारकों को हालिया श्रम सुधारों एवं नवाचारों की जानकारी प्रभावी ढंग से उपलब्ध कराई जाए। बैठक में क्षेत्रीय आयुक्त प्रशांत कुमार सिन्हा, भूपेंद्र यादव, पारितोष कुमार, अजय चौधरी, राकेश नायक, आशुतोष एवं सुधीर बत्रा सहित राजस्थान के सभी क्षेत्रीय एवं जिला कार्यालयों के प्रभारी अधिकारियों ने भाग लिया।

## अन्य राज्यों के अधिकारी देख रहे राजस्थान में हुआ एसआईआर

### मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत प्रदेश में किए नवाचार देखने आ रहे राजस्थान

**जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर के तहत प्रदेश में किए गए नवाचारों को देखने के लिए अन्य राज्यों के अधिकारी भी यहां आ रहे हैं। सोमवार को उड़ीसा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राजस्थान का दौरा किया। अब मंगलवार को महाराष्ट्र की टीम आएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि उड़ीसा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी आरएस गोपालन ने राजस्थान में एसआईआर कार्यों का अवलोकन किया और यहां लागू एसआईआर प्रक्रिया को सुव्यवस्थित, तकनीकी रूप से उन्नत, पूर्णतः पारदर्शी तथा मतदाता-केंद्रित बताया। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता एवं समावेशिता सुनिश्चित करने के लिए राजस्थान द्वारा अपनाए तरीके और नवाचार अन्य राज्यों के लिए आदर्श मॉडल हैं। महाजन ने बताया कि उड़ीसा के बाद अब महाराष्ट्र की टीम फील्ड निरीक्षण के दौरान मतदाता सूची संशोधन प्रक्रिया, पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने एवं हटाने की कार्रवाई, घर-घर सत्यापन तथा विशेष प्रविष्टियों और प्रावधानों के क्रियान्वयन का अवलोकन करेगी।

## सुशासन सप्ताहः कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय कार्यशाला आज

**जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** सरकार की ओर से सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में जयपुर जिला प्रशासन की ओर से कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला में भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी बी.एल. सोनी मुख्य अतिथि होंगे। वहीं जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी, सीईओ जिला परिषद प्रतिभा वर्मा सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे।

### 10 दिन-10 स्थल स्वच्छता का संकल्प, आदर्श नगर व हवामहल जोन में सख्त कार्रवाई

# दो किमी एरिया में सफाई कर एकत्र किया 12 टन कचरा

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** नगर निगम की ओर से 10 दिन-10 स्थल महासफाई अभियान के तहत सोमवार को व्यापक स्तर पर सघन सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान करीब 2 किलोमीटर क्षेत्र में सफाई कर कुल 12 टन कचरा एकत्रित किया गया। मात्र तीन घंटे में सफाई कर्मचारियों ने कई क्षेत्रों की तस्वीर बदल दी। नगर निगम जयपुर के आदर्श नगर जोन में कबाड़ी वालों के रास्ते पर सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क पर हार्डवेयर दुकान द्वारा रखे गए लोहे के गेट से किए गए अतिक्रमण को हटवाया गया। साथ ही संबंधित दुकान पर 5000 का मौके पर ही चालान किया गया। इस कार्रवाई के दौरान पीआईयू टीम मौके पर उपस्थित रही। जोन में 100 मीटर क्षेत्र की सफाई कर 300 किलो कचरा एकत्रित किया गया। स्वच्छता के अभियान को देखकर वहां से गुजर रहे एक विदेशी पर्यटक ने भी इस स्वच्छता महाभियान की तारीफ की और कहा कि सभी को जयपुर शहर को स्वच्छ व सुंदर करने के लिए प्रयास करने चाहिए।

हवामहल जोन (पुराना वार्ड संख्या-1, नवीन वार्ड संख्या-149) में स्टेडियम से बंद तालाब रोड तक विशेष सफाई अभियान संचालित किया गया। इस दौरान क्षेत्र की गलियों, सड़कों, फुटपाथों, नालियों एवं ओपन डिपो में झाड़ू लगाकर कचरे को हाथगाड़ी व स्वच्छता रथ के माध्यम से उठाया गया। नालियों की गहन सफाई कर पूरे क्षेत्र को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया गया। इस दौरान मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक वीरेंद्र खराड़िया, स्वास्थ्य निरीक्षक मुकेश सहित अन्य लोग मौजूद रहे। आमेर जोन में 200 मीटर क्षेत्र की सफाई कर 300 किलो कचरा एकत्रित किया गया।

### जोन वाइज सफाई अभियान की स्थिति

| जोन | सफाई | कचरा |
|---|---|---|
| मुरलीपुरा | 100 मीटर में | 2 टन |
| विद्याधर | 100 मीटर | 500 किलो |
| झोटवाड़ा | 200 मीटर | 1 टन |
| वैशाली नगर | 100 मीटर | 3 टन |
| मानसरोवर | 100 मीटर | 400 किलो |
| सांगानेर | 300 मीटर | 1 टन 200 किलो |
| झालाना | 100 मीटर | 100 किलो |
| मालवीय नगर | 200 मीटर | 300 किलो |
| सिविल लाइन | 600 मीटर | 1 टन |
| किशनपोल | 100 मीटर | 2 टन कचरा |

### नगर निगम की सतर्कता शाखा ने हटाए अस्थाई अतिक्रमण

## 39 हजार का कैरिंग चार्ज वसूल 9 केंटर सामान किया जब्त

**जयपुर।** नगर निगम की सतर्कता शाखा ने सोमवार को बड़ी संख्या में सड़क मार्ग से अस्थाई अतिक्रमण हटाए। निगम ने झारखंड महादेव मंदिर के सामने, धुदिया स्कूल 200 फीट बाइपास, कृष्णा नगर गोपालपुरा बाइपास, बिरला मंदिर शांतिपथ, जेएलएन मार्ग, अपेक्स सर्किल मालवीय नगर, जगतपुरा महल रोड, बड़ी चौपड़, रामगंज चौपड़ से सूरजपोल गेट तक, गलता गेट, दिल्ली बाइपास रोड, ब्रह्मपुरी नगर, आमागढ़, आमागढ़ पर्वत कॉलोनी, घाट गेट सांगानेरी गेट, जोहरी बाजार, हवामहल बाजार, छोटी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, किशनपोल बाजार, चांदपोल बाजार, संजय सर्किल से सेंट्रल चौराहा रोड से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 39 हजार रुपए का केरिंग चार्ज वसूल कर 9 केंटर सामान जब्त किया गया।





पुलिस और ऑयल कंपनियों के प्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए गठित ऑनशोर सिक्योरिटी कोऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक

# तेल-गैस परिसंपत्तियों की सुरक्षा होगी सुदृढ़, चोरों का तैयार होगा डाटाबेस

**महानगर टाइम्स संवाददाता**



**जयपुर।** राज्य में स्थित तेल और गैस क्षेत्र की महत्वपूर्ण परिसंपत्तियों की सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए पुलिस विभाग संबंधित कंपनियों के साथ मिलकर तेल चोरों का डेटाबेस तैयार करेगी। पुलिस और ऑयल कंपनियों के प्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से गठित ऑनशोर सिक्योरिटी कोऑर्डिनेशन कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक में पुलिस महानिदेशक और कमेटी के अध्यक्ष राजीव कुमार शर्मा ने इस बारे में निर्देश दिए।

इस कमेटी में पुलिस, ओएनजीसी, आईओसीएल, एचपीसीएल, बीपीसीएल समेत समस्त ऑयल कंपनियों के प्रतिनिधि सदस्य होते हैं। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने समस्त ऑयल कंपनियों को स्थानीय प्रशासन व पुलिस के साथ निरंतर और प्रभावी समन्वय स्थापित करते हुए उनसे जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान पर जोर दिया। पुलिस महानिदेशक शर्मा ने कहा कि किसी भी प्रकार की सुरक्षा संबंधी चुनौती के प्रभावी समाधान के लिए रियल टाइम रिपोर्टिंग अत्यंत आवश्यक है। इसके साथ ही उन्होंने ऑयल चोरी संबंधित अपराधियों से संबंधित मजबूत और अद्यतन डेटा बेस तैयार करने तथा ऑयल पाइपलाइन संपूर्ण के देश एवं राज्य के आधारभूत परिदृश्य को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

डीजी लॉ एंड ऑर्डर संजय अग्रवाल ने ऑयल कंपनियों की ओर से सूचनाओं के व्यवस्थित संधारण के लिए एक डिजिटल पोर्टल विकसित करने तथा उपलब्ध रिसोर्स की मैपिंग किए जाने का सुझाव दिया। इसके साथ ही उन्होंने सभी ऑयल कंपनियों के लिए एक राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त करने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

### विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर हुई विस्तृत चर्चा

बैठक में पॉवर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण के माध्यम से वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और कंपनियों के प्रतिनिधियों ने विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान विभिन्न ऑयल कंपनियों द्वारा की गई मॉक ड्रिल के संबंध में जानकारी दी गई। बैठक में सजग प्रहरी प्रोत्साहन योजना, पुलिस के साथ जॉइंट पेट्रोलिंग, पुलिस नाकाबंदी, चैक पॉइंट्स और नियमित सिक्योरिटी कोऑर्डिनेशन मीटिंग्स, ड्रोन थ्रेट के लिए एसओपी, नो-ड्रोन जोन क्षेत्र की घोषणा और राजस्थान ऑनशोर सिक्योरिटी कोऑर्डिनेशन कमेटी के पुनर्गठन संबंधित विषयों पर भी चर्चा की गई। बैठक में ऑयल कंपनियों के समस्त प्रतिनिधियों ने बारी-बारी से अपने फीडबैक में पुलिस एवं जिला प्रशासन से प्राप्त सहयोग की सराहना की और आईओसीएल व एचपीसीएल ने विशेष तौर से पाइप लाइन से तेल चोरी की घटना के आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए राजस्थान पुलिस की प्रशंसा की। इस दौरान ऑयल कंपनियों द्वारा राजस्थान पुलिस के कई अधिकारियों व पुलिसकर्मियों को डीजीपी राजीव कुमार शर्मा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया।

## आमजन तक पहुंचाएंगे साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत के किस्से : टीटी

**भाजपा 26 को प्रदेशभर में मनाएगी वीर बाल दिवस**



**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 26 दिसंबर को देशभर में 'वीर बाल दिवस' मनाया जाएगा। इस अवसर पर सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंदसिंह जी के पुत्र साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह की अद्वितीय शहादत की स्मृति में भाजपा की ओर से प्रदेशभर में विविध कार्यक्रम किए जाएंगे।

भाजपा कार्यालय में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं 'वीर बाल दिवस' कार्यक्रम के प्रदेश समन्वयक सरदार सुरेंद्रपाल सिंह टीटी ने बताया कि पार्टी मंडल से लेकर जिला और प्रदेश स्तर तक विशेष सभाएं, जागरूकता कार्यक्रम और सांस्कृतिक आयोजन करेगी। इन कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं और आमजन को साहिबजादों के अदम्य साहस, बलिदान और राष्ट्रभक्ति से परिचित कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्थानीय गुरुद्वारों में शबद कीर्तन का आयोजन किया जाएगा, वहीं मंडल एवं जिला स्तर पर प्रभात फेरियां निकाली जाएंगी।

साहिबजादों की शहादत को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रदेशभर में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं, जिलास्तरीय बौद्धिक संगोष्ठियां, स्कूलों-कॉलेजों में विचार गोष्ठियां और भाषण प्रतियोगिताएं होंगी। 26 दिसंबर को राजकीय विद्यालयों में एक घंटे के विशेष सत्र के दौरान विद्यार्थियों को वीरता और शहादत की प्रेरणादायक कहानियां सुनाई जाएंगी। भाजपा कार्यकर्ता मंडल स्तर पर डॉक्यूमेंट्री फिल्मों का प्रदर्शन करेंगे तथा साहिबजादों के जीवन और बलिदान पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाएंगे।

# सरकार का कामकाज चुस्त-दुरुस्त बनाने को सात सेक्टर्स में बांटे प्रशासनिक सचिव

**केंद्र का मॉडल प्रदेश में भी लागू, 'विकसित राजस्थान-2047' के लक्ष्यों में होगा मददगार**

**महानगर टाइम्स संवाददाता**



**जयपुर।** सरकार के कामकाज को चुस्त-दुरुस्त बनाने और विकसित राजस्थान-2047 के विजन के लक्ष्यों के अनुरूप काम करने के लिए मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने राज्य सरकार के आला अधिकारियों को सात सेक्टर्स में बांट दिया है। प्रशासन का यह मॉडल केंद्र सरकार में चलता है और इसके अच्छे परिणाम प्राप्त हुए हैं। ऐसे में इसे अब प्रदेश में भी लागू कर दिया गया है। मुख्य सचिव के निर्देश पर सोमवार को राज्य के प्रशासनिक सुधार व समन्वय विभाग ने 7 'सेक्टोरल ग्रुप ऑफ सेक्रेट्रीज' के गठन के आदेश जारी किए हैं।

राज्य सरकार ने कुछ समय पूर्व विकसित राजस्थान 2047 का विजन पेपर जारी किया था। इसके लक्ष्यों को प्राप्त करने, मध्यकालिक और दीर्घकालिक कार्य-योजना एवं मुख्य परफोर्मिंग इंडिकेटर्स बनाने, अंतर-विभागीय मुद्दों के निस्तारण, बजट घोषणाओं व राजस्थान संकल्प पत्र-2023, फ्लैगशिप योजनाओं तथा समान उद्देश्यों वाली योजनाओं को आपस में मिलाकर लागू करने या समीक्षा करने के लिए विभागों के प्रशासनिक सचिवों के समूहों का गठन किया गया है।

### इस तरह बनाए समूह

समूह 1 में ग्रामीण विकास और कृषि से जुड़े सभी विभागों के सचिव शामिल किए गए हैं। समूह 2 में अवसंरचना और उद्योग एवं वाणिज्य, समूह 3 में संसाधन, समूह 4 में सामाजिक मुद्दे एवं कल्याण, समूह 5 में वित्त एवं अर्थव्यवस्था, समूह 6 में शासन एवं प्रौद्योगिकी व समूह 7 में सुरक्षा से जुड़े विभागों के शासन सचिव शामिल किए गए हैं। प्रत्येक समूह के लिए एक संयोजक और एक सह-संयोजक बनाए गए हैं, जो समूह के सदस्यों के साथ अपने स्तर पर बैठकें करेंगे और प्रमुख परफोर्मिंग इंडीकेटर्स सहित कार्य योजना का सारांश तैयार करेंगे, जिसे समय-समय पर मंत्रिपरिषद के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। 'सेक्टोरल ग्रुप ऑफ सेक्रेट्रीज' का प्रशासनिक विभाग आयोजना विभाग को बनाया गया है।

## देश-दुनिया में अपनी संस्कृति को साकार कर रहे मारवाड़ी : शर्मा

**महानगर टाइम्स संवाददाता**



**जयपुर।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को ओडिशा के संबलपुर में मारवाड़ महोत्सव को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान जगन्नाथ की धरती ओडिशा अध्यात्म, धर्म, संस्कृति, संस्कार, साहित्य और देश की आजादी के लिए लड़ने वालों की भूमि है। उन्होंने कहा कि शौर्य और वीरता की धरती राजस्थान से यहां आए मारवाड़ी समाज का अपनी मातृभूमि से गहरा जुड़ाव है।

बिरला ने कहा कि मारवाड़ी समाज ओडिशा की धरती पर अपने कर्म और श्रम से अमूल्य योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान और ओडिशा का गहरा संबंध भी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रवासी राजस्थानियों को अपनी जन्मस्थली से जोड़ने का सराहनीय कार्य किया है। इसी कड़ी में प्रवासी राजस्थानी दिवस का आयोजन किया। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजस्थान और ओडिशा तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। एक भारत और श्रेष्ठ भारत के लिए राजस्थान व ओडिशा में निवेश के अवसर बढ़ रहे हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि देश-दुनिया में मारवाड़ी अपनी संस्कृति को संरक्षित कर एक भारत-श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को साकार कर रहे हैं। मारवाड़ी समाज शिक्षा, चिकित्सा जैसे क्षेत्रों में सामाजिक सरोकार के कार्य कर सभी जगह मेहनत व ईमानदारी से राजस्थान की मिट्टी की खुशबू को फैला रहे हैं। शर्मा ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच का यह महोत्सव सांस्कृतिक एकता, लोक परंपरा और भारतीय गौरव का अद्वितीय संगम है। साथ ही राजस्थान की लोक कला, संगीत, नृत्य, हस्तशिल्प और खानपान को एक मंच पर लाकर भारत की सांस्कृतिक आत्मा को एक माला में पिरोने का सशक्त प्रयास है।

## विशेष निरोधात्मक अभियान में नष्ट की हजारों लीटर वॉश और भट्टियां

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** प्रदेश में अन्य राज्यों की शराब की तस्करी, अवैध मदिरा निर्माण, भंडारण, परिवहन और विक्रय पर रोकथाम के जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत नाकाबंदी, गश्त, छापामार की प्रभावी कार्रवाई कर कई अभियोग दर्ज किए गए।

आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते के निर्देशानुसार प्रदेश में अभियान के तहत जीरो टोलरेंस की नीति अपनाते हुए अन्य राज्य की शराब की तस्करी, अवैध मदिरा के परिवहन व विक्रय पर आबकारी निरोधक टीमें कार्रवाई कर रही हैं। कार्रवाई के दौरान बांसवाड़ा जिले के कुशलगढ़ क्षेत्र में 650 लीटर वॉश व 2 भट्टियां नष्ट की गईं। साथ ही नाकाबंदी के दौरान 26 केन बीयर को सीज कर एक अभियोग दर्ज किया गया। हनुमानगढ़ में ग्राम अमरपुरा थेड़ी में दबिश के तहत 2500 लीटर वॉश एवं 6 कच्ची भट्टियां नष्ट की गईं। चित्तौड़गढ़ में निंबाहेड़ा के साथ संयुक्त कार्रवाई में सीतामाता अभ्यारण्य क्षेत्र में 2200 लीटर वॉश नष्ट कर 14 लीटर अवैध हथकड़ शराब जब्त की गई। दौसा जिले के ग्राम खटवा व दौलतपुरा में एक हजार लीटर वॉश और 2 भट्टियां नष्ट की गईं। मौके से अभियुक्त बद्रीलाल मीणा को गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार प्रदेश के अन्य जिलों में भी निरोधात्मक अभियान के तहत नाकाबंदी, दबिश व सघन गश्त की जा रही है।

## चालीस टीबी मरीजों को प्रदान की पोषण युक्त निशुल्क राशन किट

**प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत हुआ कार्यक्रम**

**महानगर टाइम्स संवाददाता**



**जयपुर।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत निक्षय मित्र कार्यक्रम के तहत सोमवार को मुकुल माधव फाउंडेशन द्वारा अपने सीएसआर पार्टनर फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सहयोग से गवर्नमेंट हॉस्पिटल, सांगानेर स्थित टीबी यूनिट पर टीबी मरीजों को निशुल्क पोषण राशन का वितरण किया गया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में 40 टीबी मरीजों को पोषण युक्त राशन किट प्रदान की गई, जिसका उद्देश्य टीबी मरीजों के उपचार के साथ-साथ उनके पोषण स्तर को सुदृढ़ करना और शीघ्र स्वस्थ होने में सहयोग देना है। कार्यक्रम में अस्पताल प्रशासन एवं टीबी यूनिट के प्रतिनिधियों सहित डॉ. एमके जैन, डॉ. सत्येद्र एवं केके शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान दयाराम स्वामी (सीएसआर-एग्जीक्यूटिव -एमएमएफ) ने बताया कि जयपुर-द्वितीय क्षेत्र की 5 टीबी यूनिट्स में निक्षय मित्र कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक माह लगभग 200 टीबी मरीजों को नियमित रूप से निशुल्क राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। यह पहल टीबी उन्मूलन के राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मुकुल माधव फाउंडेशन एवं फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा टीबी मरीजों के लिए निरंतर किए जा रहे इस सहयोग की सराहना करते हुए उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि ऐसे सामाजिक सहभागिता वाले प्रयासों से टीबी के विरुद्ध लड़ाई को मजबूती मिलती है तथा मरीजों में सकारात्मक मनोबल विकसित होता है।

कार्यक्रम के अंत में स्वास्थ्य विभाग एवं टीबी यूनिट स्टाफ का आभार जताया गया और भविष्य में इस प्रकार के जन-स्वास्थ्य हितैषी कार्यक्रम निरंतर जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई गई।

## अजमेर-हैदराबाद उर्स स्पेशल ट्रेन का संचालन

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** रेलवे द्वारा उर्स मेले के लिए अतिरिक्त यात्री यातायात को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 07732 अजमेर-हैदराबाद उर्स स्पेशल ट्रेन अजमेर से 27 दिसंबर के स्थान पर 28 दिसंबर को नए नंबर 07730 अजमेर-हैदराबाद उर्स स्पेशल रेलसेवा के रूप में संचालित होगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकिरण के अनुसार गाड़ी संख्या 07730 अजमेर-हैदराबाद उर्स स्पेशल रेलसेवा (1 ट्रिप) 28 दिसंबर को अजमेर से 10:25 बजे रवाना होकर अगले दिन 23:30 बजे हैदराबाद पहुंचेगी। यह ट्रेन मार्ग में नसीराबाद, बिजयनगर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, नीमच, रतलाम, उज्जैन, भोपाल, इटारसी, हिंगोली, नांदेड़, मुदखेड़, धर्माबाद, निजामाबाद, कामारेड्डी, मेडचल व सिकंदराबाद पर ठहराव करेगी। इस गाड़ी में कुल 24 डिब्बे होंगे।

## सरकारी विभागों के निष्क्रिय पड़े बैंक खातों की सुध लेगी सरकार

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** सरकारी विभागों द्वारा खोले गए बैंक खातों में से सैकड़ों ऐसे हैं, जिनमें लंबे समय से कोई ट्रांजेक्शन नहीं हुआ है। इन खातों में करोड़ों रुपए की राशि भी है। ऐसे में अब वित्त विभाग ने सभी विभागों को इन बैंक खातों चालू कराने के निर्देश दिए हैं।

वित्त विभाग की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि सभी विभाग निष्क्रिय पड़े खातों की समीक्षा करें और बैंकों से मिल कर इन्हें चालू कराएं। इसके साथ ही जिला कलेक्टरों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे संबंधित ट्रेजरी से मिलकर इस पूरी प्रक्रिया की मॉनिटरिंग करें। वित्त विभाग ने सभी जिलों और विभागों के उनके बंद पड़े खातों की सूची भी उपलब्ध कराई है, हालांकि इसे सार्वजनिक नहीं किया गया है, पर बताया जा रहा है कि सैकड़ों खाते खोले गए हैं और इनमें करोड़ों रुपए बेकार पड़े हैं, जो बैंकों ने डिपॉजिटर एजुकेशन एंड अवेयरनेस फंड में डाल दिए हैं। विभागों से कहा गया है कि बैंकों ने यदि पैसा इस फंड में डाल भी दिया है तो इसे निकलवा कर खाते में जमा कराएं।

## 29 बीघा भूमि पर बसाई जा रही पांच अवैध कॉलोनियां की ध्वस्त

**महानगर टाइम्स संवाददाता**



**जयपुर।** जेडीए के प्रवर्तन दस्ते ने सोमवार को 29 बीघा भूमि पर बसाई जा रही 5 अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया है। उप महानिरीक्षक पुलिस राहुल कोटोकी ने बताया कि जोन-12 स्थित ग्राम माचवां में करीब 1 बीघा बेशकीमती सरकारी भूमि पर, ग्राम नारी का बास, कालवाड़ रोड पर करीब 8 बीघा निजी खातेदारी भूमि पर, जोन-22 स्थित ग्राम नारायणपुरा, तहसील माधोराजपुरा में करीब 6 बीघा निजी खातेदारी भूमि पर, जोन-22 स्थित ग्राम मोहब्बतपुरा माधोराजपुरा में करीब 5 बीघा निजी खातेदारी भूमि पर 'श्याम विहार' के नाम से और जोन-24 स्थित ग्राम जीतावाला पुलिया, सावरियां रोड पर करीब 10 बीघा निजी खातेदारी भूमि पर सीमेंट के ब्लॉक की चारदीवारी बनाकर, पिलर गाड़कर, तारबंदी कर, मिट्टी-ग्रेवल सड़कें व अन्य अवैध निर्माण को हटाया गया। जोन-9 स्थित जगतपुरा एनआरआई सर्किल से बोम्बे हॉस्पिटल तक मुख्य रोड सीमा पर अतिक्रमण कर लगाए गए अस्थाई थड़ियां, ठेलें, होर्डिंग, साइन बोर्ड, जेसीबी, क्रेन इत्यादि को हटाकर आमजन की राह को आसान बनाया गया।

**सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग की योजनाओं की समीक्षा**

# योजनाओं के क्रियान्वयन और जिम्मेदारी लेने पर जोर

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता निदेशक आशीष मोदी ने केंद्र सरकार से विभिन्न योजनाओं के लिए प्राप्त बजट, कुल व्यय सहित आज तक की प्रगति की समीक्षा की और जरूरी दिशा-निर्देश दिए। मोदी ने सोमवार को हुई महत्वपूर्ण बैठक में केंद्रीय सहायता प्राप्त योजना इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निशक्तजन पेंशन योजना, एससी-एसटी व ओबीसी उत्तर मेट्रिक छात्रवृत्ति, एससी-एसटी अत्याचार निवारण, अंतर्जातीय विवाह योजना, विशेष केंद्रीय सहायता, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, नशामुक्ति कार्यक्रम, शक्ति सदन, अटल वयोवृद्ध अभ्युदय योजना, कामकाजी महिला छात्रावास, बालिका छात्रावास निर्माण (एससी) के लिए भारत सरकार से प्राप्त राशि, व्यय प्रतिशत की जानकारी ली। इसके अलावा अन्य विभागीय योजनाओं में प्राप्त बजट, व्यय तथा आज तक की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान वित्तीय सलाहकार अंजू सिंह, अतिरिक्त निदेशक नसीम खान, आरएल परसोया, ओमप्रकाश मीणा, सूंडाराम मीणा, रीना शर्मा, अशोक जांगिड़, अरविंद सैनी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### 'टेक्निकल या क्लेरिकल गलती नहीं होगी मंजूर'

मोदी ने अधिकारियों से कहा कि तय समयावधि में योजनाओं में प्राप्त बजट को व्यय नहीं किया जाता तो विभाग की छवि नकारात्मक बनने के साथ लाभार्थी को भी लाभ नहीं मिल पाता। उन्होंने कहा कि किसी भी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में टेक्निकल या क्लेरिकल गलती स्वीकार्य नहीं होगी। अधिकारियों को भुगतान में विलंब और बजट व्यय नहीं होने पर व्यक्तिगत जिम्मेदारी लेनी होगी।

## 'जागरूक मतदाता : जनतंत्र का प्रहरी' विषय पर निबंध प्रतियोगिता

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आम नागरिकों, शिक्षकों, छात्रों, अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए 'जागरूक मतदाता-जनतंत्र का प्रहरी' विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

आयोग का उद्देश्य जनसामान्य में मतदान के महत्व, जिम्मेदार नागरिक की भूमिका व लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के जागरूकता पक्षों को प्रसारित करना है। प्रतियोगिता के लिए निर्धारित निबंध 500 से 800 शब्दों की सीमा में लिखा जाना आवश्यक है तथा निबंध की भाषा हिंदी निर्धारित की गई है। प्रतिभागी अपने निबंध आयोग के ईमेल एड्रेस या व्हाट्सएप नंबर 7568400401 के माध्यम से भेज सकते हैं। आयोग द्वारा प्राप्त सभी निबंधों का मूल्यांकन चयन समिति द्वारा किया जाएगा और उत्कृष्ट प्रविष्टियों को पुरस्कृत किया जाएगा। निबंध भेजने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर निर्धारित की गई है।

## शिल्पा को मिली पीएचडी उपाधि

**महानगर टाइम्स संवाददाता**



**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर के वनस्पति विज्ञान विभाग की शोधार्थी डॉ. शिल्पा शर्मा राठौड़ ने पीएचडी उपाधि प्राप्त की है। शोध में शिल्पा ने स्टेविया रिबॉडियाना में नैनोपार्टिकल्स के माध्यम से स्टेवियोल ग्लाइकोसाइड्स के उत्पादन को बढ़ाने के लिए इन-विट्रो एलिसिटेशन रणनीतियों का वैज्ञानिक अध्ययन किया, जो औषधीय एवं औद्योगिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह शोध कार्य प्रो. सुमिता कच्छवाहा के निर्देशन में संपन्न हुआ।

**राजनीति** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस सांसद रंजीत रंजन के बयानों पर किया तीखा पलटवार

# 'कांग्रेस शासन में भ्रष्टाचार और दलालों पर अड्डा बन चुका था मनरेगा'

**महानगर टाइम्स संवाददाता**



**जयपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस सांसद रंजीत रंजन के बयानों पर तीखा पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी को झूठ और भ्रम फैलाने के बजाय अपने शासनकाल के भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण और विफल नीतियों पर जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं को भगवान राम के नाम से ही बेचैनी होने लगती है।

राठौड़ ने कहा कि राम भारतीय संस्कृति, जीवनशैली और राष्ट्र की आत्मा हैं, लेकिन कांग्रेस ने हमेशा भारतीय आस्था और सांस्कृतिक मूल्यों का अपमान किया है। राठौड़ ने कहा कि भाजपा सरकार ने मजदूरों और ग्रामीणों के हित में ठोस निर्णय लिए हैं। भाजपा सरकार ने 100 दिन के रोजगार को बढ़ाकर 125 दिन करने का प्रावधान किया है। कांग्रेस शासनकाल में मनरेगा भ्रष्टाचार और दलालों पर अड्डा बन चुका था, जबकि भाजपा ने इस योजना को पारदर्शी और जवाबदेह बनाकर वास्तविक जरूरतमंदों तक लाभ पहुंचाया है।

नेशनल हेराल्ड मामले पर कांग्रेस की कथित खुशी पर सवाल उठाते हुए राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस नेता आरोप मुक्त नहीं हुए हैं। न्यायालय ने जांच एजेंसियों को तकनीकी खामियों को दूर कर कानूनी प्रक्रिया के तहत चार्जशीट दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। ऐसे में कांग्रेस का जश्न मनाना जनता को गुमराह करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं जूली, डोटासरा और गहलोत को सिर्फ एक परिवार की चिंता है, ना जनता की और ना ही राष्ट्र की। अरावली मुद्दे पर कांग्रेस और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर निशाना साधते हुए राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस जानबूझकर भ्रम फैला रही है। अरावली क्षेत्र का बड़ा हिस्सा अभयारण्यों, राष्ट्रीय उद्यानों और आरक्षित वनों के अंतर्गत आता है, जहां खनन पूरी तरह प्रतिबंधित है। शेष क्षेत्र में भी कड़े नियमों के तहत सीमित खनन की अनुमति है।

### 'मोदी सरकार में निशुल्क विधिक सहायता व्यवस्था से आम नागरिक का न्याय पर भरोसा हुआ मजबूत'

राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में निशुल्क विधिक सहायता व्यवस्था को पारदर्शी, जवाबदेह और प्रभावी बनाकर आम नागरिक के न्याय प्रणाली पर भरोसे को सशक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों के कार्यों की नियमित समीक्षा की जा रही है, वहीं वार्षिक रिपोर्ट संसद में प्रस्तुत की जाती है। मदन राठौड़ ने कहा कि राजस्थान में भी बड़ी संख्या में जरूरतमंद लोगों को निशुल्क विधिक सेवाओं का लाभ मिला है। वर्ष 2023-24 में 20,290 एवं 2024-25 में 22,216 और 2025-26 में अक्टूबर तक 16,584 लोगों को विधिक सहायता प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति, जनजाति, बच्चों, श्रमिकों, दिव्यांगजनों और ग्रामीण क्षेत्रों में विधिक जागरूकता अभियानों से सबको न्याय का संकल्प धरातल पर उतरा है।

## बारी के आचार्य की ढाणी के सरकारी स्कूल में स्वेटर वितरित



महानगर टाइम्स संवाददाता

**फतेहपुर।** बारी के आचार्य की ढाणी स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में सोमवार को भामाशाह द्वारा बच्चों के लिए स्वेटर वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल संगीता जाखड़ ने की। मुख्य अतिथि भामाशाह रवि पारीक, पुष्पा राजकुमार पारीक रहे। विशिष्ट अतिथि मामराज जाखड़, राकेश गुर्जर आदि रहे। भामाशाह रवि पारीक, पुष्पा राजकुमार पारीक ने विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए। रवि पारीक ने बताया कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। शिक्षा के क्षेत्र में इस संस्था की ओर से अनेक महत्वपूर्ण कार्य संपादित किए जाते हैं। इस दौरान सावंरमल आचार्य, विजय सिंह निर्वाण आदि मौजूद रहे।

## चिकित्सा शिविरों में 238 बच्चों का हुआ उपचार



### आठ बच्चों को इलाज के लिए उच्च संस्थान में किया रैफर

महानगर टाइम्स संवाददाता

**सीकर।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सोमवार को चिकित्सा विभाग की ओर से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र धोद तथा अजीतगढ़ ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सांवलपुरा तंवरान में शिविर का आयोजन किया गया।

सीएमएचओ डॉ. अशोक महरिया एवं जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विशाल सिंह ने बताया कि धोद सीएचसी में लगे शिविर में 137 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इनमें से 133 का उपचार किया गया। वहीं 4 बच्चों को उपचार के लिए उच्च संस्थान में रैफर किया गया। शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित जैन, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. चरण सिंह, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. सपना चौधरी, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. मोनिका सुण्डा ने सेवाएं दी।

वहीं पीएचसी सांवलपुरा तंवरान में लगे शिविर में 109 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इनमें से 105 का इलाज किया गया और चार बच्चों को उपचार के लिए उच्च संस्थान में रैफर किया गया।

शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीष कुमार जांगिड़, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पूजा जांगिड़, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. अनिता अटल, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. लीलाराम रावत, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. सीता गठाला ने सेवाएं दी। उन्होंने बताया कि 23 दिसम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पाटन और मंगलूणा में शिविर आयोजित होगा।

## गुणसागर महाराज का 15वां समाधि दिवस कल

महानगर टाइम्स संवाददाता

**फागी।** श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर गुणसागर आराधना अतिशय क्षेत्र गुणस्थली चकवाड़ा में आर्यिका श्रुत माताजी, आर्यिका सुबोधमति माताजी ससंघ के सान्निध्य में मुनि गुणसागर महाराज का 15वां समाधि दिवस मनाया जाएगा।

क्षेत्र के आजीवन सदस्य राजाबाबू गोधा ने बताया कि कार्यक्रम में सकल दिगम्बर जैन समाज के सहयोग से प्रथम बार गुण सागर मुनिराज की प्रतिमा का विभिन्न मंत्रोच्चारणों के महामस्तकभिषेक होगा। क्षेत्र के मुख्य संयोजक अशोक जैन (अनोपड़ा), अध्यक्ष विमल बड़जात्या तथा महामंत्री जयकुमार गंगवाल ने बताया कि 24 दिसम्बर को प्रातः 7:15 बजे नित्य अभिषेक, पंचामृत अभिषेक, शांतिधारा एवं शांतिनाथ विधान मंडल का आयोजन किया जाएगा। दोपहर सवा बजे पांडाल में ध्वजारोहण, चित्र अनावरण, दीप प्रज्जवलन, आचार्य भगवन्तों का अर्घावतरण, स्वागत भाषण व क्षेत्र की बहु आयामी योजनाओं पर उद्बोधन, गुणसागर मुनिराज का अष्ट द्रव्यों से सामूहिक पूजन, विनयांजलि, पाद-पक्षालन, शास्त्र भेंट, आर्यिका श्री के प्रवचन, दोपहर 3:30 बजे गुणसागर मुनिराज की प्रतिमा का प्रथम बार महामस्तकाभिषक, पंचामृत अभिषेक तथा सायं 4:30 बजे वात्सल्य भोज का आयोजन किया गया है।



### राजस्थान शाह समाज की प्रदेश स्तरीय बैठक आयोजित

# समाज की वर्तमान स्थिति और भविष्य की दिशा पर मंथन

महानगर टाइम्स संवाददाता

**दूदू (जयपुर)।** राजस्थान शाह समाज की शाह भवन, दूदू में संपन्न हुई प्रदेश स्तरीय बैठक में प्रदेश के लगभग 32 जिलों से आए प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और वक्ताओं ने भाग लिया तथा समाज की वर्तमान स्थिति और भविष्य की दिशा को लेकर मंथन किया गया।

मुख्य अतिथि शाह मोहम्मद शमीम ने कहा कि शाह समाज को अब केवल सामाजिक जागरूकता तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि राजनीतिक जागरूकता और बच्चों की उच्च शिक्षा को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बनानी होगी। उन्होंने कहा कि संगठित सोच, शिक्षा और राजनीतिक समझ के बिना कोई भी समाज अपने अधिकारों की प्रभावी रक्षा नहीं कर सकता।




प्रवक्ताओं ने शाह समाज के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह समाज रूहानी, इल्मी और सामाजिक सेवाओं के साथ-साथ वतन की खातिर कुर्बानियां देने वाला समाज रहा है। उन्होंने कहा कि देश से बेपनाह मोहब्बत की कीमत समाज को चुकानी पड़ी, जिसके चलते समाज के लोग दर-बदर हुए और लंबे समय तक शिक्षा, सम्मान और अधिकारों से वंचित रहे। उन्होंने 26 जनवरी को अमर शहीद बाबा मजनूं शाह मलंग मदारी की शहादत दिवस को 'शाह डे' के रूप में मनाने का भी आह्वान किया। वहीं बैठक में निर्णय किया गया कि शीघ्र जिलावार बैठकें आयोजित कर संगठनात्मक विस्तार किया जाएगा। संचालन उदयपुर से आए सामाजिक कार्यकर्ता हफीज शाह बरकाती ने किया।

बैठक के आयोजक दूदू के शाह समाज एवं बुन्दू शाह (सदर, चौरासी ढूंढाड़) गुलफान शाह सेकेट्री ने सभी अतिथियों, प्रतिनिधियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। भंवर शाह अलवी ने बेरोजगार युवाओ को रोजगार उपलब्ध कराने का वादा किया।

बैठक को रफीक शाह राजसमंद, गुलफान शाह मौजमाबाद, अयूब मोहम्मद साखून, जाकिर शाह बूंदी, रफीक मोहम्मद भीलवाड़ा, लतीफ दीवान भीलवाड़ा, डॉ. इरशाद शाह सवाई माधोपुर, अय्यूब शाह भरतपुर, एफ.आर. शाह दौसा, जाकिर शाह बौंली, अब्दुल वाहिद भीलवाड़ा, मोहम्मद अली फकीरा खेड़ा, अजमेर, आरिफ शाह अजमेर, हाजी नसरुद्दीन शाह, जयपुर, जुम्मन शाह जयपुर सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया।

### जिला कलेक्टर ने साप्ताहिक बैठक में की विभागीय योजनाओं की समीक्षा

# पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों का शीघ्र करें निस्तारणः मुकुल शर्मा

महानगर टाइम्स संवाददाता

**सीकर।** जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति, समस्याओं के समाधान तथा जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार स्वामी ने राजस्थान संपर्क पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने तथा शिकायतकर्ताओं की सन्तुष्टि बढ़ाने के निर्देश दिए। जिला परिषद सीईओ राजपाल यादव ने डीएमएफटी द्वारा होने वाले विकास कार्यों के सम्बन्ध में विभागों से रिपोर्ट भिजवाने के निर्देश दिए। एडीएम सिटी भावना शर्मा ने लोकायुक्त, मानवाधिकार एवं मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रकरणों का निस्तारण तथा लाइट्स पोर्टल में जवाबनामा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।



19 से 25 दिसम्बर तक आयोजित हो रहे सुशासन सप्ताह के तहत 'प्रशासन गांव की ओर' अभियान की भी समीक्षा की गई। इस दौरान सहायक निदेशक, प्रशासनिक सुधार विभाग इन्दिरा शर्मा ने संपर्क पोर्टल एवं सीपीग्राम्स पोर्टल पर मौजूद परिवेदनाओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश संबंधित विभागों को दिए। अभियान के तहत जिले में भू-अभिलेख निरीक्षक मुख्यालय पर आयोजित किए जा रहे शिविरों की भी समीक्षा की गई। उन्होंने शिविरों में जन शिकायतों के शीघ्र निस्तारण एवं विभिन्न विभागों द्वारा दी जा रही सेवाओं की तत्काल प्रदायगी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में सीकर जिले के विजन डॉक्यूमेंट 2047 पर चर्चा की गई तथा सभी विभागों को विजन 2047 के अनुसार अपनी विभागीय कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए गए। इस सम्बन्ध में मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

**जिला स्तरीय किसान सम्मेलन आज**

राज्य सरकार के कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मंगलवार को जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय किसान सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में जिले भर के किसान एवं पशुपालक सम्मिलित होंगे। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग जे.पी. यादव ने योजना के तहत पिछले 25 वर्षों में हुए सड़क संबंधी कार्यों की विस्तार से जानकारी दी।

## महामण्डलेश्वर हरिदास महाराज की निकाली अभिनंदन शोभायात्रा

### जगह-जगह हुई पुष्प वर्षा एवं स्वागत

महानगर टाइम्स संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** रामपुरा धाम, अरनिया धाम एवं रामसागर जोहड़ा श्री बालाजी मंदिर के महंत पदों पर आसीन महामण्डलेश्वर हरिदास महाराज के सान्निध्य में रामपुरा स्थित श्री सीताराम जी महाराज के बड़े मंदिर परिसर में 21 से 29 नवम्बर तक चले 108 कुण्डीय 9 दिवसीय श्रीराम महायज्ञ के निर्विघ्न समापन एवं मंगल पीठाधीश्वर टीला गदाचार्य स्वामी माधवाचार्य महाराज मुम्बई, खेड़ा, डाकोर गुजरात द्वारा लाहारामद्वाराचार्य, टीला पीठाधीश्वर हरिर्याचार्य महाराज की दो बड़ी उपाधियां मिलने की खुशी में रविवार को अजीतगढ़ के त्रिवेणी मैरिज गार्डन से अभिनंदन शोभायात्रा निकाली गई, जो कस्बे में कई स्थानों से होते हुए गढ़टकनेत पहुंची।



गढ़टकनेत में न्यू मार्केट एवं श्री भौमिया जी महाराज मंदिर प्रांगण में महाराज का माला पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत- अभिनन्दन- सम्मान किया गया। जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई।

इस मौके पर भाजपा ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष रतनलाल जांगिड़, अजीतगढ़ पूर्व प्रधान एडवोकेट शंकरलाल यादव, डॉ. कैलाश शर्मा आसपुरा, मोतीलाल रुण्डला, सेवानिवृत्त शिक्षाविद् श्रवण रुण्डला, महेश दूधवाल, कमलेश चौधरी, भींवादास महाराज, नायन के कालीदास महाराज, नांगल के सेडूदास महाराज, आसपुरा धूणी धाम के महंत गोपालदास महाराज, हरिसिंह रोलानिया, प्रधानाचार्य भीमसिंह सामोता, बनवारीलाल रोलानिया, पटवारी बांकली, दिनेश कुमार शर्मा, डीईओ रामचंद्र दादरवाल, डीईओ आमेर दुलीचंद अरनिया, मुकेश नटवाड़िया समेत अनेक गणमान्य लोग एवं साधु-संत-महात्मा लोग मौजूद रहे।

## पं. अश्विनी मिश्रा पुनः बने विप्र सेना के जिला संगठन महामंत्री

महानगर टाइम्स संवाददाता

**सीकर।** विप्र सेना के राष्ट्रीय प्रमुख सुनील तिवाड़ी, प्रदेश अध्यक्ष दिनेश दादिया की अनुशंसा पर जिलाध्यक्ष सुरेश पारीक ने पं. अश्विनी मिश्रा को पुनः विप्र सेना का सीकर जिला संगठन महामंत्री नियुक्त किया है। पं. अश्विनी मिश्रा ने बताया कि उनका लक्ष्य समाज को एकता के सूत्र में बांधना, समाज हित में सदैव तैयार रहना तथा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की आवाज बनना है। विप्र सेना युवा जिलाधक्ष अमित सेवद, पार्षद गोपाल शर्मा, हितेश आचार्य, देवेंद्र त्रिपाठी, राजेश दादिया सहित सर्व समाज के लोगों एवं संगठनों ने मिश्रा को बधाई दी।



## बच्चों को जागरूकता शिविर के माध्यम से दी कानूनी जानकारी

महानगर टाइम्स संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीकर के निर्देशानुसार एवं गीता पाठक, अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति (ए.डी.जे.), श्रीमाधोपुर के निर्देशन में सोमवार को पैनल अधिवक्ता संजय कुमार शर्मा द्वारा पीएम श्री शहीद गजराज सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, दिवराला, श्रीमाधोपुर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। शर्मा ने विद्यालय में उपस्थित बच्चों को विशेष योग्यजनों एवं उनके लिए संचालित जनकल्याकारी योजनाओं की जानकारी दी। इसके अतिरिक्त अधिवक्ता कमलेश कुमार शर्मा, रामकिशन सैनी ने बच्चों को संविधान में प्रदत्त अधिकार एवं कर्तव्यों, किशोर न्याय बोर्ड, पोक्सो एक्ट, गुड टच- बेड टच, मोबाइल के दुष्प्रभाव, साइबर क्राइम, बाल विवाह, बालिका शिक्षा एवं नालसा व रालसा द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में तालुका कर्मचारी बुद्धिप्रकाश सैनी, विद्यालय प्रधानाचार्य रामवतार मीणा, उप-प्राधानाचार्य ममता यादव व समस्त विद्यालय स्टाफ, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सैनी सभा की बैठक में समाज के उत्थान पर हुई चर्चा



महानगर टाइम्स संवाददाता

**नवलगढ़।** राष्ट्रीय सैनी सभा की सोमवार को डूंडलोद सैनीपूरा में सम्पन्न राष्ट्रीय स्तरीय कोर कमेटी बैठक में संस्था की रणनीति को लेकर विचार विमर्श हुआ।

मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सैनी सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेशकुमार सैनी रहे। वहीं राष्ट्रीय महासचिव जयभगवान सैनी, राष्ट्रीय सचिव एडवोकेट बाबूलाल सैनी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष तेजपाल सिंह सैनी, राष्ट्रीय संगठन सचिव मनोहर लाल सैनी, राष्ट्रीय मिडिया प्रभारी महेश कुमार सैनी, प्रदेश महासचिव उत्तरप्रदेश प्रवीण सैनी, प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान डॉ. श्रवण कुमार सैनी, महिला प्रदेश अध्यक्ष उषा सैनी, डॉ. मनोज कुमार सैनी प्रदेश महासचिव को माला व साफा पहना कर स्वागत किया गया। राजस्थान के अलग-अलग जिलों से जिलाध्यक्ष बैठक में पहुंचे।

जिला अध्यक्ष डॉ. महेश कुमार सैनी ने बताया कि समाज के उत्थान के लिए आए हुए अतिथियों से विचार-विमर्श किया गया। सीताराम सैनी नगर अध्यक्ष डूंडलोद व सुभाष चौबदार पत्रकार प्रदेश मीडिया प्रभारी ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर महिला शक्ति में लक्ष्मी सैनी एडवोकेट, महिला जिला अध्यक्ष युवा झुंझुनूं ऋतु सैनी, बगड़ महिला जिलाध्यक्ष झुंझुनूं, अंजू सैनी बिरोल जिला संरक्षक झुंझुनूं मौजूद रहीं।

## अरावली बचाने को राज्यपाल व राष्ट्रपति के नाम सौंपे ज्ञापन



### कांग्रेस सेवादल का संघर्ष जारीः संरक्षण के लिए शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाने पर तेज होगा आंदोलन

महानगर टाइम्स संवाददाता

**नीमकाथाना।** अरावली पर्वत श्रृंखला को बचाने के लिए कांग्रेस सेवादल द्वारा किए जा रहे संघर्ष की कड़ी में सोमवार को सेवादल प्रभारी नरेश टेलर व सेवादल के विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष देवेंद्र बिजारणिया के नेतृत्व में राज्यपाल के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में बताया गया कि राजस्थान की लाइफ लाइन कही जाने वाली अरावली पर्वतमाला का दोहन न केवल वर्तमान बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी गंभीर खतरा है। अरावली क्षेत्र में खनन होने से जलस्रोतों का विनाश, वन्यजीवों के अस्तित्व पर संकट, पर्यावरण असंतुलन, मरुस्थलीकरण में वृद्धि तथा पर्वतों के प्राकृतिक स्वरूप को भारी क्षति पहुंचेगी, जो अंततः मानव जीवन के लिए भी घातक सिद्ध होगी। ज्ञापन में राज्य एवं केंद्र सरकार से इस विषय पर गंभीरता से विचार करते हुए सर्वोच्च न्यायालय में वास्तविक तथ्यों को रखने की मांग की गई।

ज्ञापन देने वालों में सुरेश खेरवा, श्रीराम यादव, रामजीलाल सैनी, वीरेंद्र स्वामी, महेश शर्मा मावंडा, राकेश नटवाड़िया, बलदेव यादव, मदन सैनी, बलबीर खेरवा, राजेश बाजिया, लीलाराम सैनी सहित सैकड़ों सेवादल कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस दौरान कांग्रेस सेवादल के साथियों ने राष्ट्रपति के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए केंद्र सरकार द्वारा अरावली की परिभाषा तय करने वाले नियम को तत्काल वापस लेने की मांग की।

कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि अरावली के संरक्षण के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आंदोलन को और अधिक व्यापक रूप दिया जाएगा।

### ओबीसी आयोग अध्यक्ष मदनलाल भाटी जैसलमेर पहुंचे : जनसंवाद कार्यक्रम में प्रतिभागियों से हुए मुखातिब

# ओबीसी के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को लेकर हुई खुली चर्चा

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** राजस्थान अन्य पिछड़ा वर्ग (राजनीतिक प्रतिनिधित्व) आयोग के अध्यक्ष न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) मदनलाल भाटी ने सोमवार को जैसलमेर जिला मुख्यालय स्थित पंचायत समिति सभागार में नगरीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थानों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को लेकर जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं प्रतिभागियों के साथ प्रत्यक्ष संवाद एवं खुली परिचर्चा की।



ओबीसी आयोग के जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया कि आयोग अध्यक्ष ने कहा कि इस जनसंवाद का मुख्य उद्देश्य आयोग द्वारा आमजन से सीधे संवाद स्थापित कर ओबीसी वर्ग से जुड़े क्षेत्रवार मुद्दों, विकास संबंधी आवश्यकताओं, सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों एवं कल्याण से जुड़ी समस्याओं, अपेक्षाओं एवं सुझावों को संकलित करना है, ताकि इनके आधार पर पंचायती राज एवं नगरीय निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को लेकर एक समग्र एवं तथ्यात्मक रिपोर्ट राज्य सरकार को प्रस्तुत की जा सके।

उन्होंने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की अनुपालना में आयोग को राज्य के ग्रामीण एवं शहरी स्थानीय निकायों में सभी स्तरों पर अन्य पिछड़ा वर्ग के पिछड़ेपन की प्रकृति, उसकी तीव्रता एवं उसके प्रभावों का समसामयिक एवं अनुभवजन्य अध्ययन करना है। इस अध्ययन के आधार पर आयोग को पंचायती राज संस्थाओं एवं नगरीय निकायों के निर्वाचन में ओबीसी आरक्षण के संबंध में समयबद्ध अनुशंसाएं राज्य सरकार को प्रस्तुत करनी हैं।

भाटी ने कहा कि आयोग का उद्देश्य राजस्थान में सामाजिक एवं शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों के समुचित राजनीतिक प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करना है। इसके लिए पंचायती राज एवं शहरी निकायों में ओबीसी जातियों को आरक्षण देने का वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक फार्मूला तय कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी, जिसके आधार पर प्रदेश में आरक्षण लागू किया जाएगा।

खुली परिचर्चा के दौरान पूर्व जिला प्रमुख अंजना मेघवाल, पूर्व नगर विकास न्यास अध्यक्ष उमेद सिंह तंवर, पूर्व सभापति अशोक तंवर, पूर्व उप-सभापति खींव सिंह, कर्नल (से.नि.) अचलाराम पंवार सहित अन्य वक्ताओं ने आयोग अध्यक्ष के समक्ष विचार रखे। वक्ताओं ने मूल ओबीसी एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण में वर्गीकरण, जनसंख्या के अनुपात में नगरीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थानों में राजनीतिक आरक्षण एवं तमिलनाडु मॉडल के अनुरूप ओबीसी आरक्षण व्यवस्था को राजस्थान में लागू करने जैसे महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

पंचायत समिति सम के प्रधान तनेसिंह सोढ़ा एवं पंचायत समिति फतेहगढ़ के प्रधान जनक सिंह ने ओबीसी वर्ग की अति पिछड़ी जातियों के लिए पृथक आरक्षण की अनुशंसा किए जाने का आग्रह किया।

वहीं शंकर सिंह, गीता बोरावट, कोजराज सिंह, कैलाश कच्छावा, अधिवक्ता अनवर खां मेहर, गोरधन सिंह, कमल सिंह सहित अन्य प्रतिभागियों ने जनसंख्या एवं आर्थिक स्थिति के आधार पर ओबीसी जातियों को आरक्षण का वास्तविक लाभ सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।



# इंटरनेशनल एस्ट्रोलॉजी कॉन्क्लेव में जुटे देशभर के ज्योतिषी-वास्तुविद

महानगर टाइम्स संवाददाता




**जयपुर।** ऑलमाइटी इंटरनेशनल की ओर से इंटरनेशनल वास्तु अकादमी के सहयोग से आयोजित अलमाइटी इंटरनेशनल एस्ट्रोलॉजी कॉन्क्लेव (एआईएसी) सीजन-2 का सोमवार को समापन हुआ। देशभर से आए अनेक ज्योतिषियों ने प्राचीन ज्ञान से जनता का मार्गदर्शन किया। कॉन्क्लेव में देशभर से प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, वास्तु विशेषज्ञ, आध्यात्मिक गुरु, ओकल्ट साइंस एक्सपर्ट्स प्रोफेशनल्स जुटे। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवानी ने दीप प्रज्वलन कर किया। डॉ. रोशनी टाक, स्वामी अमित देव, अनुपम जॉली, पं. अशोक दीक्षित, डॉ. एके दुबे, पद्मेश कानपुर, अजय भाम्बी, स्वामी पद्मनाभ महाराज, पं. ज्योति शर्मा, डॉ. विनोद शर्मा, पं. सतीश शर्मा और डॉ. मेघा शर्मा उपस्थित रहे। स्वागत भाषण देते हुए एआईएसी की संस्थापक डॉ. मेघा शर्मा और पेट्रोन पं. सतीश शर्मा ने दिया। महामंडलेश्वर आचार्य स्वामी पद्मनाभदेवाचार्य महाराज के आध्यात्मिक संबोधन ने उपस्थित जनसमूह को आत्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत किया। मेडिटेशन मंत्र सत्र में निर्मला सेवानी ने वातावरण को ऊर्जावान कर दिया। महिला ज्योतिष ऑरा सत्र का संचालन करते हुए आरजे देवांगना ने आज की महिला के बारे में डॉ. मेघा शर्मा, पं. ज्योति शर्मा, डॉ. रोशनी टाक और पूजा शर्मा से बात की जिसमे ये निष्कर्ष निकला कि आज की नारी अक्सर ज्योतिषचार्यों से परिवार के बारे में पूछती है पर अपने बारे में पूछना भूल जाती है। जबकि जरूरी यह है कि उसे अपने ग्रह-नक्षत्रों और जीवन से जुड़ी सही जानकारी मिलनी चाहिए क्योंकि जब महिला स्वयं संतुलित और मजबूत होगी, तभी परिवार भी सुखी और स्थिर रहेगा। फ्यूचर ऑफ इंडिया विषय पर विचार प्रस्तुत किए गए। वास्तुः एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण विषय पर प्रस्तुत सत्र भी खास आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में फैशन शो, जेमस्टोन एवं जोडिएक साइन ज्वेलरी शोकेस और परफ्यूम लॉन्च ने आयोजन में ग्लैमर और क्रिएटिविटी का रंग भर दिया। कार्यक्रम समापन सम्मान समारोह, म्यूजिकल नाइट और नेटवर्किंग सेशंस के साथ हुआ।

## 70 लोगों ने प्राप्त किया आध्यात्मिक लाभ

**जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** राजस्थान स्वास्थ्य योग परिषद् के वेणुज्ञानम् योगा सेंटर में यज्ञ, योग एवं युक्ताहार का वैज्ञानिक दृष्टि से प्रमाणित आयोजन संपन्न हुआ। इस विशेष आयोजन में 70 लोगों ने सहभागिता कर शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। के.सी. गंगवाल एवं राकेश गर्ग के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में परिषद् अध्यक्ष दिनेश खण्डेलवाल सहित योग केंद्र चौगान, मानसरोवर, केशव विहार, देव नगर, मालवीय नगर एवं ब्रह्मपुरी केंद्रों के प्रभारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। अमित श्रीवास्तव ने विशेष यंत्र के माध्यम से यज्ञ से पूर्व एवं बाद परीक्षण किया गया। परीक्षण में यह प्रमाणित हुआ कि यज्ञ के दौरान न केवल सप्तचक्रों एवं ओरा की कमियां दूर हुईं बल्कि शारीरिक बल, लचक एवं ऊर्जा स्तर में भी अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गई। यह निष्कर्ष यज्ञ की वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक शक्ति को सशक्त रूप से प्रमाणित करता है।

## शिविर में जुटा 130 यूनिट रक्त

**जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** समाजसेवी मदनलाल शर्मा की पुण्यतिथि पर मुरलीपुरा में 14वां रक्तदान एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सर्व समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर में कुल 130 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदाताओं को हरि ओम जन सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष पंकज गोयल, पूर्व पार्षद सुरेश जांगिड़, विजय शर्मा, प्लास्टिक संगठन के उपाध्यक्ष संजय सक्सेना ने सम्मानित किया। शिविर का आयोजन नीलमणि माइंस एंड मार्बल्स और श्री जगदंबा नवयुवक मंडल सेवा समिति की ओर से किया गया। शिविर के सफल आयोजन में ईश्वर लाल शर्मा, तेजपाल शर्मा, मनोज खंडेलवाल, डॉ. दीपक शर्मा, मनोज जोशी, संदीप खंडेलवाल, हेमंत टेलर, गौरव अग्रवाल, कमल शर्मा, भरत त्रिलोकानी आदि का विशेष योगदान रहा। शिविर संयोजक बसंत व्यास ने धन्यवाद दिया।

## जांगिड़ समाज का प्रतिभा सम्मान 25 को

**जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** जांगिड़ विकास समिति दादी का फाटक जयपुर की ओर से 17वां जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह 25 दिसंबर को दादी का फाटक मुरलीपुरा स्थित रजत पैराडाइज में आयोजित होगा। अध्यक्ष कैलाश जांगिड़ ने बताया कि मुख्य अतिथि राष्ट्रीय प्रधान रामपाल शर्मा होंगे। कार्यक्रम में समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। वहीं छात्रवृत्ति दी जाएगी। देवधारा कॉलोनी मुरलीपुरा स्थित संस्था के कार्यालय में इसे लेकर बैठकें की जा रही हैं।

# श्री नहर के गणेशजी मंदिर में पौषबड़ा महोत्सव एवं भजन संध्या कल

### श्री गणपति अथर्वशीर्ष के होंगे पाठ, बाल भोग की सजेगी झांकी

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** ब्रह्मपुरी माउंट रोड स्थित अति प्राचीन दाहिनी सूंड दक्षिणमुखी श्री नहर के गणेशजी महाराज के मंदिर में पौषबड़ा महोत्सव एवं भजन संध्या का आयोजन बुधवार को होगा। मंदिर के युवाचार्य पं. मानव शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम मंदिर महंत पं. जय शर्मा के सान्निध्य में आयोजित किया जाएगा। आयोजन की शुरुआत सुबह गणपति पूजन से होगी, जिसमें श्री गणेशजी को नवीन पौशाक एवं साफा धारण कराकर आरती की जाएगी। इसके बाद भगवान गणेश का पुष्पों से भव्य श्रृंगार किया जाएगा। श्री गणपति अथर्वशीर्ष के पाठ होंगे। सुबह 7:15 बजे बाल भोग झांकी सजाई जाएगी।

शाम 5 बजे श्री गणेशजी को चोला, मूंग की दाल, विभिन्न मसालों से बने दाल के बड़े, आटे व गुड़ से बने पुए, सूजी का हलवा,



पूरी, सब्जी, हरे धनिए की चटनी सहित गेहूं व बाजरे के चूरमे का भोग अर्पित कर पौषबड़ा झांकी सजाई जाएगी। इसके बाद विशेष भोग आरती की जाएगी। सायं 5:15 बजे से देर रात्रि तक दर्शनार्थ आने वाले श्रद्धालुओं को पौषबड़ा दोना प्रसादी वितरित की जाएगी।

शाम को आरती के बाद मंदिर परिसर के जगमोहन में विशाल भक्ति संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देश और प्रदेश के ख्यातनाम शास्त्रीय, उपशास्त्रीय एवं सुगम संगीत के कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। प्रमुख कलाकारों में गोपाल सिंह राठौड़, भानू वनस्थली वाले, पुनित भजन गायक, सांवरा कथक, खुशी, भावना, हेमराज, रतनलाल, वाहिद खान 'पिंटू', बुंदु खान और मुकेश मीणा शामिल हैं। वाद्य यंत्रों पर सेक्सोफोन से अंबालाल, वायलिन पर संजीव शर्मा, सितार पर किशन कथक, तबले पर दिनेश खींची, पीयूष वनस्थली, दिलशाद खान, सद्दाम खान और विजय बारेठ अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। भक्ति संध्या का मंच संचालन आर.डी. अग्रवाल, राजेश आचार्य और शोभा चंदर पारीक करेंगे।

### नटराजेश्वर महादेव मंदिर में पौष बड़ा महोत्सव संपन्न



इमली फाटक की नटराज नगर कॉलोनी स्थित नटराजेश्वर महादेव मंदिर में पौष बड़ा महोत्सव मनाया गया। समिति के उपाध्यक्ष पीएल शर्मा ने बताया कि भगवान नटराजेश्वर महादेव, हनुमानजी, रामदरबार, राधागोविंद, दुर्गा माता, गणेश जी का विशेष श्रृंगार कर पौष बड़ा प्रसादी का भोग लगाया गया। हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं को पंगत प्रसादी परोसी गई जो रात्रि दस बजे तक चली। करीब एक हजार भक्तजनों ने पौषबड़ा प्रसादी पाई। मालवीयनगर विधायक कालीचरण सराफ ने भी भोजन प्रसादी ग्रहण की। पंगत प्रसादी में देशी घी से बना गाजर हलवा, दाल पकौड़ी, आलू-मटर की सब्जी और दो तरह की पुड़ियां परोसी गई। इस दौरान समिति के अध्यक्ष राजेश मित्तल, सचिव सुखदेव सैन, उषारानी कुमावत, संदीप कुमावत, गोपीचंद, आशीष समेत कई भक्तों ने अपनी सेवा देकर सहयोग किया।

### परकोटा गणेश मंदिर में पौष बड़ा महोत्सव कल

चांदपोल स्थित परकोटा गणेश मंदिर में बुधवार को पौष बड़ा महोत्सव मनाया जाएगा और फूल बंगला झांकी सजाई जाएगी। मंदिर महंत अमित शर्मा ने बताया कि भगवान गणपति का सुबह गंगाजल, सुगंधित औषधियों के गुनगुने जल और पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा। भगवान नवीन चोला धारण कराकर नवीन पोशाक और चांदी का मुकुट धारण कराया जाएगा। फूल बंगला झांकी सजाई जाएगी। प्रथम पूज्य को हलवा, पकौड़ी, तिल से बने व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा। संत-महंतों के सान्निध्य में प्रथम पूज्य की महाआरती के बाद भक्तों को दोना प्रसादी वितरित की जाएगी। स्थानीय भजन गायक भगवान गणपति का भजनों से गुणगान करेंगे।

# अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद का वार्षिक अधिवेशन संपन्न

### देशभर से 500 पदाधिकारी एवं पूर्व सैनिक हुए शामिल

महानगर टाइम्स संवाददाता




**जयपुर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद का 26वां वार्षिक अधिवेशन जयपुर के आर्मी के सप्तशक्ति सभागार में आयोजित किया गया। अधिवेशन में देशभर से लगभग 500 पदाधिकारी एवं पूर्व सैनिक शामिल हुए। 19 दिसंबर को छोटी टोली की बैठक हुई। इसमें परिषद की ओर से अब तक किए गए सैनिक कल्याण कार्यों की समीक्षा की तथा आगामी वर्ष के बजट पर विचार-विमर्श किया गया। 20 दिसंबर को अधिवेशन का उद्घाटन राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने किया। वहीं 21 दिसंबर को समापन सत्र की अध्यक्षता सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने की। बैठक में परिषद के गत वर्ष के कार्यों की समीक्षा की गई। वहीं आगामी वर्ष के लिए कार्य योजना बना कर बजट का निर्धारण किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल विष्णुकांत चतुर्वेदी ने सदस्यों को पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन और स्वदेशी के महत्व सहित पंच परिवर्तन के विषयों की जानकारी देकर इन पर अमल करने का आह्वान किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख प्रदीप जोशी ने भारतवर्ष के पड़ोस एवं देश में चल रही गतिविधियों की जानकारी देते हुए पूर्व सैनिकों से सजग, सचेत रहने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की अपील की। राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष मेजर जनरल अनुज माथुर ने सेना के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। समापन पर सैनिक कल्याण मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने वीर नारियों एवं युद्ध में हताहत पूर्व सैनिकों का सम्मान किया।

# निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर में उठाया लाभ



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** महावीर इंटरनेशनल ग्रेटर जयपुर की ओर से बापूनगर के सत्संग भवन में एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। अध्यक्ष राजेश बड़जात्या ने बताया कि मणिपाल हॉस्पिटल जयपुर, आनंद आई हॉस्पिटल एवं क्लोव डेंटल हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सेवाएं दी।

सचिव धनु कुमार जैन एवं सहसचिव सुनील बज ने बताया कि शिविर में ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, बीएमआई, फुल बॉडी चैक-अप, नेत्र परीक्षण एवं दंत परीक्षण जैसी सेवाएं पूर्णतः निःशुल्क प्रदान की गईं। साथ ही हड्डी रोग विशेषज्ञ, फिजिशियन, नेत्र रोग एवं दंत रोग विशेषज्ञों ने रोगियों को निःशुल्क परामर्श दिया गया।

# पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया मिजमानी महोत्सव

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** समाज श्री सीताराम जी की ओर से सोमवार को नेहरू नगर स्थित श्री राधा गोपाल जी झालाणी के निवास पर मिजमानी महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर मंदिर श्री सीतारामजी से भगवान श्रीराम, माता सीता एवं लक्ष्मण जी को मिजमानी जीमने के लिए आमंत्रित किया। मंदिर के महंत नन्द किशोर शर्मा ने श्रीराम, लक्ष्मण एवं माता सीता



को सुंदर पोशाक, मुकुट, सोने के सेहरे व रत्नजड़ित कलंगी, आभूषण पहनाकर दूल्हे की भांति सुसज्जित किया। जैसे ही ठाकुरजी पधारे, झालाणी परिवार एवं भक्तों ने पूरे मार्ग में पुष्पवर्षा कर भावपूर्ण स्वागत किया। परिवारजनों ने भगवान श्रीराम एवं लक्ष्मण जी के चरण धोकर चरणामृत ग्रहण किया तथा उन्हें कनक महल के सिंहासन पर विराजमान किया। इसके बाद माता सुनैना ने चारों दूल्हों को अपने हाथों से जीमाया। मीजमानी में घर पर अपने हाथों से तैयार की गई अनेक प्रकार की मिठाइयां एवं मेवे–काजू, बादाम, पिस्ता, जयपुर की प्रसिद्ध गजक, रेवड़ी, गोंद के लड्डू सहित लाडू, बर्फी, घेवर, जलेबी, रबड़ी, खीर, मलाई मोहन भोग, मिश्री मावा को थाल में सजाकर जिमाया। संत-महंतों का राधा गोपाल झालाणी ने माला और दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। अयोध्या से पधारे भजन गायक रवि शरण, जनकपुर से आए महेंद्र महाराज ने तुकबंदी युक्त भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। समाज के मंत्री रामबाबू झालानी ने बताया कि 23 दिसंबर को विद्याधरनगर के नया खेड़ा में मिजमानी महोत्सव मनाया जाएगा।

### सर्वे में चौंकाने वाले आंकड़े, सरकार से दखल की मांग

# बच्चे छह घंटे तक स्क्रीन पर, अभिभावकों की उड़ी नींद

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** इंटरनेट मीडिया पर अधिक समय बिताने से बच्चों और किशोरों में मानसिक समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। अत्यधिक स्क्रीन समय के कारण नींद की गुणवत्ता में कमी, अकादमिक प्रदर्शन में गिरावट और अवसाद, चिंता तथा आत्मविश्वास की कमी जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं सामने आ रही हैं। इससे अभिभावक चिंतित हैं और बच्चों के इंटरनेट मीडिया उपयोग पर सख्त पाबंदी की मांग कर रहे हैं। एक सर्वे में 25 प्रतिशत अभिभावकों ने कहा है कि बच्चों के इंटरनेट मीडिया इस्तेमाल से पहले माता-पिता की अनिवार्य मंजूरी होनी चाहिए।

देश के आईटी मंत्रालय ने पिछले महीने डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोटेक्शन (डीपीडीपी) नियम, 2025 को अधिसूचित किया है, जिससे बच्चों को इंटरनेट मीडिया के दुष्प्रभावों से बचाने की उम्मीद जगी है। इन नियमों का उद्देश्य बच्चों के डिजिटल डाटा की सुरक्षा सुनिश्चित करना और उन्हें सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्म के अनियंत्रित उपयोग से बचाना है।

### 49 प्रतिशत शहरी अभिभावक चिंतित

हालिया सर्वे के अनुसार, 49 प्रतिशत शहरी अभिभावकों का कहना है कि उनके 9 से 17 वर्ष आयु वर्ग के बच्चे प्रतिदिन औसतन तीन घंटे या उससे अधिक समय इंटरनेट मीडिया पर बिताते हैं। यह सर्वे देश के 302 जिलों से 18 वर्ष से कम आयु वाले बच्चों के 57 हजार अभिभावकों की प्रतिक्रियाओं पर आधारित है।

### इंटरनेट पर समय बिताने का आंकड़ा

22 प्रतिशत बच्चे एक से तीन घंटे, 27 प्रतिशत बच्चे तीन से छह घंटे, 22 प्रतिशत बच्चे छह घंटे से अधिक, 6 प्रतिशत बच्चे लगभग एक घंटे, 12 प्रतिशत बच्चे बहुत कम समय, 11 प्रतिशत अभिभावकों को सही जानकारी नहीं थी।

### 27 प्रतिशत अभिभावक अनिवार्य मंजूरी के पक्ष में

इंटरनेट मीडिया उपयोग के लिए बच्चों पर सख्त नियंत्रण के सवाल पर 18,426 अभिभावकों ने अपनी राय दी। 27 प्रतिशत ने केंद्रीकृत आधार प्रमाणीकरण प्रणाली के जरिए मंजूरी का समर्थन किया
25 प्रतिशत ने अभिभावक के मोबाइल नंबर या ई-मेल के जरिए मंजूरी के पक्ष में राय दी। 8 प्रतिशत ने वीडियो सत्यापन की बात कही, जिसमें बच्चा और अभिभावक दोनों हों। 6 प्रतिशत ने कहा कि ऐसा बिल्कुल नहीं किया जाना चाहिए। 6 प्रतिशत ने अन्य तरीकों का सुझाव दिया। 3 प्रतिशत ने कोई राय नहीं दी।

### पढ़ाई से ज्यादा सोशल मीडिया पर ध्यान

एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2024 में भारत में 88 करोड़ इंटरनेट उपयोगकर्ता थे और किशोर औसतन डेढ़ घंटे रोजाना इंटरनेट मीडिया पर बिताते थे। वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट 2024 में सामने आया कि 14-16 वर्ष आयु वर्ग के 82.2 प्रतिशत बच्चे स्मार्टफोन चलाने में सक्षम हैं, लेकिन इनमें से केवल 57 प्रतिशत बच्चे शिक्षा के लिए इसका उपयोग करते हैं, जबकि 76 प्रतिशत बच्चे सोशल मीडिया के लिए स्मार्टफोन का इस्तेमाल कर रहे हैं।

### अवसाद से साइबर बुलिंग तक की समस्या

रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि 11 से 37 प्रतिशत किशोरों में इंटरनेट मीडिया की लत के लक्षण पाए गए हैं, जिससे उनका मानसिक स्वास्थ्य और शैक्षणिक प्रदर्शन प्रभावित हो रहा है। अध्ययन के अनुसार 3 से 60 प्रतिशत बच्चे साइबर बुलिंग का शिकार हो रहे हैं।

# गूंजे रफी, किशोर कुमार, मुकेश, महेन्द्र कपूर के गाए नगमे




महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** शहर के चर्चित आठ सिंगर्स ने अपने मीठे तरन्नुम में बॉलीवुड गीतों की सुरीली प्रस्तुति देकर सुरों का सुरूर बिखेरा। म्यूजिक दीवाने की ओर से यहां महाराणा प्रताप सभागार में संजोए गए मेलोडियस म्यूजिकल मेस्ट्रॉस इवेंट औसम फोरसम में सिंगर राजेश शर्मा, जय शर्मा, धर्मेन्द्र छाबड़ा, किशोर सरावगी, डॉ. बबीता फगेड़िया, शिखा माथुर, गीतिका चतुर्वेदी और ममता झा ने बॉलीवुड म्यूजिक के लेजेंडरी प्लेबैक सिंगर्स मो.रफी, मुकेश किशोर कुमार और महेन्द्र कपूर के गाए गीतों को दिलकश अंदाज में पेश कर बड़ी तादाद में मौजूद संगीतप्रेमियों के दिलों को छू लिया। इन सिंगर्स ने रिद्म म्यूजिकल बैंड के साथ लाइव प्रस्तुति में सुर, लय और ताल की उम्दा बानगी दर्शाकर दिलखुशकुन गायकी से खासा मुतास्सिर किया। इन्होंने 14 सोलो, 10 डुएट और एक मेडले समेत 25 मेलॉडी से लबरेज रूहानी और रोमांटिक गीतों की सलोनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की होस्ट एंकर चेतना शर्मा ने दिल छू लेने वाली शेरो शायरी से सुधी श्रोताओं को अंत तक बांधे रखा।

### गीतों ने माहौल को बनाया खुशनुमा

कार्यक्रम में जय शर्मा ने मुसाफिर हूं यारों..., किशोर दा की हूबहू आवाज के सिंगर राजेश शर्मा ने यहां वहां सारे..., मो.रफी की सोफ्ट खनकदार आवाज के सिंगर धर्मेन्द्र छाबड़ा ने लाखों हैं यहां दिलवाले..., किशोर सरावगी ने फिर वहीं रात है...सरीखे गीतों की खुशगुलूई प्रस्तुति से माहौल को खुशनुमा बना दिया। डॉ.बबीता फगेड़िया ने जब-जब बहार आई..., शिखा माथुर ने दिल जो न कह सका..., लता मंगेशकर की आवाज की झलक गीतिका चतुर्वेदी ने मेरे नैना सावन भादो... और ममता झा ने हमें तुमसे प्यार कितना...जैसे गीतों को उनके नेचर के मुताबिक सुरीली से दानिशमंद श्रोताओं को आह्लादित कर दिया।

# म्हारे घरां पधारो श्याम संस्था के वार्षिक महोत्सव के पोस्टर का विमोचन



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** म्हारे घरां पधारो श्याम संस्था मानसरोवर का वार्षिकोत्सव 10 से 12 जनवरी तक मनाया जाएगा। अग्रवाल फार्म के सेक्टर 113 स्थित श्याम पार्क में श्याम प्रभु का दरबार सजाया जाएगा। चिंताहरण काले हनुमान मंदिर के महंत महामंडलेश्वर मनोहर दास महाराज ने सोमवार को पोस्टर का विमोचन किया। संस्था के अध्यक्ष रतन कट्टा ने बताया कि इस मौके पर शंकर डिडवानिया, गजेंद्र जैन, विष्णु शर्मा, अरविंद अग्रवाल, राहुल गुप्ता, कमल जैन, रामकुमार, रजत कुमार, गोविंद शर्मा, प्रकाश गढ़वाल मौजूद रहे। वार्षिक उत्सव का शुभारंभ 10 जनवरी को निशान यात्रा के साथ होगा। निशान यात्रा थड़ी मार्केट स्थित वीर हनुमान मंदिर से रवाना होकर श्याम पार्क पहुंचेगी। 11-12 जनवरी को श्याम पार्क में बाबा श्याम का दरबार सजाकर भजन संध्या आयोजित की जाएगी।

# अब सरल-एप बताएगा खेत में कब कितना पानी देना है

### बुआई से लेकर कटाई तक फसल की सेहत-उत्पादन से जुड़ी हर जानकारी मिलेगी

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** कृषि क्षेत्र में देश के कई विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिक लगातार नए शोध कर रहे हैं। इसी कड़ी में 'सरल-एप' का विकास किया गया है। इससे राजस्थान सहित देश के किसी भी हिस्से का किसान अपने खेत, फसल और उत्पादकता की सटीक जानकारी प्राप्त कर सकेगा। यह एप देश में अपनी तरह का पहला प्रयोग है। केंद्र सरकार ने गोविंद वल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों से एक ऐसा स्मार्ट मोबाइल एप विकसित करवाया है जो बुआई से लेकर कटाई तक फसल की सेहत और उत्पादन से जुड़ी हर जानकारी किसान को सीधे उसके मोबाइल पर उपलब्ध कराएगा। यह एप राजस्थान जैसे विविध भौगोलिक और जलवायु वाले राज्य के किसानों के लिए बेहद उपयोगी साबित हो सकता है। सहायक कृषि अधिकारी सुरेन्द्र हरितवाल ने बताया कि इस एप का नाम 'सरल-एप' रखा गया है। यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) तकनीक पर आधारित है। एप खेत के स्थान, मिट्टी की प्रकृति, भौगोलिक परिस्थिति और मौसम के अनुसार काम करेगा। वैज्ञानिकों के अनुसार एप का ट्रायल अंतिम चरण में है और नए साल से यह देशभर के किसानों के लिए उपलब्ध होगा, जिसमें राजस्थान के किसान भी शामिल हैं। डॉ. अजीत सिंह नैन के निर्देशन में मृदा विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अरविंद त्यागी तथा शस्य विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अजय श्रीवास्तव की टीम ने इस एप को विकसित किया है। डॉ. नैन बताते हैं कि अभी तक किसानों को गूगल या अन्य माध्यमों से फसल और मौसम की सामान्य जानकारी मिल जाती है, लेकिन 'सरल-एप' पूरी तरह व्यक्तिगत और सटीक जानकारी देगा।

# सर्दी से रहें सावधान, बुजुर्गों और बच्चों पर दें अधिक ध्यान

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** बढ़ती ठंड के साथ बुजुर्गों और छोटे बच्चों में सर्दी-जुकाम, खांसी, सांस, हृदय और ब्लड प्रेशर से जुड़ी समस्याओं का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस मौसम में केवल दवाओं पर निर्भर रहने के बजाय प्राकृतिक चिकित्सा और आयुर्वेदिक उपाय अपनाकर गंभीर बीमारियों से प्रभावी बचाव किया जा सकता है। चिकित्सकों के अनुसार ठंड के मौसम में शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है, जिससे संक्रमण जल्दी असर करता है। ऐसे में आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा शरीर की मूल शक्ति को बढ़ाकर बिना दुष्प्रभाव के सुरक्षा प्रदान करती है। आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. बीएल बराला ने बताया कि तुलसी, अदरक, गिलोय, अश्वगंधा और हल्दी जैसी औषधियां सर्दी के मौसम में बेहद लाभकारी होती हैं। गुनगुने पानी के साथ इनका नियमित सेवन कफ-वात संतुलन बनाए रखता है और शरीर को संक्रमण से लड़ने में सक्षम बनाता है। रात में हल्दी वाला दूध और सुबह शहद के साथ गुनगुना पानी विशेष रूप से लाभदायक माना गया है। डॉ. नरेश गर्ग ने बताया कि ठंड में बुजुर्गों और बच्चों की श्वसन प्रणाली कमजोर होने से निमोनिया, अस्थमा और ब्रोंकाइटिस का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में भाप लेना, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी प्राणायाम और गहरी श्वास-प्रश्वास फेफड़ों को मजबूत बनाते हैं। सूर्य स्नान से शरीर को प्राकृतिक ऊर्जा और विटामिन-डी प्राप्त होता है।

# अरावली के वजूद पर संकट क्यों!

## भीषण खतरे के संकेत दे रही है राजस्थान की जीवन रेखा

**अरावली** की शांति अचानक भयंकर जंग में बदल गई है। एक पुरानी पर्वत श्रृंखला, जो सदियों से हमारे पर्यावरण की ढाल रही है, अब 100 मीटर की ऊंचाई के मानक के नाम पर संकट के घेरे में आ गई है। क्या यह कदम सिर्फ तकनीकी परिभाषा है या हमारी जमीन, पानी, हवा और जीवन की ढाल पर वार! सुप्रीम कोर्ट की इस नई व्याख्या ने पूरे उत्तर भारत की पारिस्थितिकी को हिला कर रख दिया है। 100 मीटर से कम ऊंचाई वाले पहाड़ों को काटने की अनुमति से पर्यावरण संतुलन, जलस्तर और मानव जीवन पर गहरा खतरा मंडरा रहा है। अरावली केवल पहाड़ नहीं, बल्कि राजस्थान की प्राकृतिक ढाल और जीवन रेखा है। भारत की सबसे प्राचीन पर्वत शृंखला अरावली, जो सदियों से रेगिस्तान को आगे बढ़ने से रोकती आई, आज खुद अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। सवाल यह नहीं कि अरावली कितनी ऊंची है, बल्कि यह है कि क्या सिर्फ ऊंचाई से उसके जीवन, जंगल, जल और भविष्य को मापा जा सकता है! सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश ने अरावली की पहचान को नए सिरे से परिभाषित कर दिया है, और इसी पर टिक गया है इसके संरक्षण या विनाश का फैसला। अरावली पर्वत शृंखला को लेकर लंबे समय से भ्रम की स्थिति बनी हुई थी कि आखिर किन पहाड़ियों को अरावली माना जाए। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान पाया कि अलग-अलग राज्य और संस्थाएं अलग मानकों से अरावली को परिभाषित कर रही हैं। कहीं ढलान को आधार बनाया गया, कहीं ऊंचाई को और कहीं दो पहाड़ियों के बीच की दूरी को। यहां तक कि विशेषज्ञ संस्थान भी एकमत नहीं थे। इसी असंगति के कारण अदालत ने स्पष्ट परिभाषा तय करने की जरूरत महसूस की। गौरतलब है कि 2010 में फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया ने अरावली की पहचान के लिए तीन शर्तें रखी थीं, जिनमें तीन डिग्री से अधिक ढलान, 100 मीटर से अधिक ऊंचाई और दो पहाड़ियों के बीच 500 मीटर से कम दूरी शामिल थी, लेकिन व्यावहारिक स्तर पर यह मानक कई प्राकृतिक पहाड़ियों को अरावली की परिभाषा से बाहर कर रहे थे। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने पर्यावरण मंत्रालय, एफएसआई, राज्यों के वन विभाग, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण और अपनी समिति के प्रतिनिधियों को शामिल कर एक नई समिति बनाई। इस समिति ने 2025 में अपनी रिपोर्ट अदालत को सौंपी। 20 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने समिति की रिपोर्ट स्वीकार करते हुए कहा कि अब केवल 100 मीटर से ऊंची पहाड़ियों को ही अरावली पर्वत शृंखला का हिस्सा माना जाएगा। इस फैसले पर कोर्ट द्वारा नियुक्त एमिकस क्यूरी के. परमेश्वर ने आपत्ति जताई और इसे अत्यंत संकीर्ण परिभाषा बताया। उनका कहना था कि इससे 100 मीटर से कम ऊंचाई वाली सभी पहाड़ियां खनन और अन्य गतिविधियों के लिए खुल सकती हैं, जो पूरी शृंखला के पारिस्थितिक संतुलन को तोड़ देगा। सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्य भाटी ने दलील दी कि एफएसआई के पुराने मानक इससे भी ज्यादा बड़े क्षेत्र को अरावली की परिभाषा से बाहर कर देते थे। ऐसे में केवल ऊंचाई आधारित 100 मीटर का मानक तुलनात्मक रूप से अधिक व्यावहारिक और स्पष्ट है। उनका तर्क था कि इससे कानूनी अस्पष्टता कम होगी और संरक्षण से जुड़े फैसलों में एकरूपता आएगी। अरावली पर्वत शृंखला का कुल विस्तार 800 किलोमीटर से अधिक है, जिसमें से लगभग 550 किलोमीटर हिस्सा राजस्थान में आता है। सरकारी और तकनीकी अध्ययनों के अनुसार राजस्थान की लगभग 90 फीसदी पहाड़ियां 100 मीटर की ऊंचाई की शर्त पूरी नहीं करतीं हैं। इसका सीधा अर्थ यह है कि नई परिभाषा लागू होने पर राज्य की केवल 8 से 10 फीसदी पहाड़ियां ही कानूनी रूप से अरावली मानी जाएंगी, जबकि शेष विशाल क्षेत्र संरक्षण कानूनों से बाहर हो सकता है। इसको लेकर पर्यावरण विशेषज्ञ लगातार चेतावनी दे रहे हैं कि अरावली को केवल ऊंचाई के पैमाने से आंकना वैज्ञानिक दृष्टि से खतरनाक है। अरावली भूजल रिचार्ज, जैव विविधता, वन्यजीव गलियारों और जलवायु संतुलन में अहम भूमिका निभाती है। एक बार पहाड़ कटे और प्राकृतिक जलधाराएं टूटीं, तो उन्हें फिर से जीवित करना लगभग असंभव होता है। यही वजह है कि अरावली का संकट केवल कानूनी नहीं, बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय भी है। पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि यदि यह फैसला पूरी तरह लागू होता है, तो राजस्थान में मरुस्थलीकरण की प्रक्रिया और तेज हो सकती है, जिससे प्रदेश का पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ने का खतरा बढ़ जाएगा। अरावली पर्वतमाला को राजस्थान की जीवनरेखा कहा जाता है, लेकिन अब यही जीवनरेखा खतरे के संकेत दे रही है। सुप्रीम कोर्ट ने पर्यावरण मंत्रालय की रिपोर्ट का हवाला देते हुए माना है कि अरावली पर्वत क्षेत्र तेजी से सिकुड़ रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, अरावली का लगभग 90 फीसदी हिस्सा अब 100 मीटर से कम ऊंचाई का रह गया है। अदालत के अनुसार, 100 मीटर से कम ऊंचाई वाले भूभाग को पर्वत की श्रेणी में नहीं रखा जाएगा, बल्कि सामान्य भूमि माना जाएगा। इसका सीधा अर्थ यह है कि ऐसे क्षेत्रों में खनन गतिविधियों का रास्ता साफ हो सकता है, जो आने वाले समय में पर्यावरण के लिए गंभीर चुनौती बन सकता है। पर्यावरण मंत्रालय की रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि अरावली पर्वतमाला पहले जैसी ऊंची और मजबूत नहीं रह गई है। अरावली मरुस्थल के विस्तार को रोकने में एक प्राकृतिक दीवार की तरह काम करती है। अरावली पर्वतमाला दुनिया की सबसे पुरानी वलित पर्वतमालाओं में गिनी जाती है। इसकी कुल लंबाई लगभग 692 किलोमीटर है, जिसमें से करीब 550 किलोमीटर हिस्सा राजस्थान में फैला हुआ है। अरावली की सबसे ऊंची चोटी गुरु शिखर है, जो माउंट आबू में स्थित है और जिसकी ऊंचाई 1727 मीटर है। यह पर्वतमाला दिल्ली, राजस्थान और गुजरात तीनों राज्यों से होकर गुजरती है। राजस्थान की कई प्रमुख नदियों का उद्गम भी अरावली से ही होता है, इसलिए इसे प्रदेश की लाइफ लाइन कहा जाता है। यदि अरावली का क्षरण इसी गति से जारी रहा, तो इसके परिणाम बेहद गंभीर हो सकते हैं।



**100 मीटर से कम ऊंचाई वाले पहाड़ों को काटने की अनुमति से पर्यावरण संतुलन, जलस्तर और मानव जीवन पर गहरा खतरा मंडरा रहा है। अरावली केवल पहाड़ नहीं, बल्कि राजस्थान की प्राकृतिक ढाल और जीवन रेखा है। भारत की सबसे प्राचीन पर्वत शृंखला अरावली, जो सदियों से रेगिस्तान को आगे बढ़ने से रोकती आई, आज खुद अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। सवाल यह नहीं कि अरावली कितनी ऊंची है, बल्कि यह है कि क्या सिर्फ ऊंचाई से उसके जीवन, जंगल, जल और भविष्य को मापा जा सकता है!**

# आज के युवा कल बनेंगे देश के भावी नेता

गोपेन्द्र नाथ भट्ट



**राजस्थान** विधानसभा में 15 दिसंबर, 2025 में विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पहल पर पहली बार राज्य के 41 जिलों के सरकारी स्कूलों के चयनित 164 छात्रों-छात्राओं की एक दिवसीय युवा संसद (यूथ पालियामेंट) आयोजित की गई। इसमें कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों ने संसदीय कार्यवाही का अनुभव लिया और 'हमारा भविष्य, हमारा निर्णय' विषय पर प्रभावशाली बहस और चर्चा से सभी लोगों को प्रभावित किया। 'आज के युवा कल बनेंगे देश के भावी नेता', इस धारणा को सही साबित करने के लिए राजस्थान विधानसभा में हुई इस एक दिवसीय युवा संसद के सार्थक प्रयास में सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों ने प्रतिभागी बन कर विषय पर अपने-अपने अंदाज में तीखे और दिलचस्प तेवर दिखाएं।

### युवा संसद कार्यक्रम का शुभारंभ

युवा संसद कार्यक्रम का शुभारंभ विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने किया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, राष्ट्रमण्डल संसदीय संघ के सचिव एवं विधायक संदीप शर्मा मंच पर मौजूद रहे। विधानसभा के प्रमुख सचिव भारत भूषण शर्मा, शिक्षा विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल, राजस्थान विधानसभा के विशिष्ट सहायक के.के. शर्मा सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी और विधानसभा के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### कार्यक्रम का उद्देश्य

इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को लोकतंत्र की प्रक्रिया से जुड़ने का वास्तविक अनुभव देना, उनमें नेतृत्व क्षमता, संवाद कौशल तथा आत्म-विश्वास बढ़ाना, मानसिक स्वास्थ्य, कॅरियर मार्गदर्शन जैसे विषयों पर युवाओं की सोच सामने लाना तथा उनमें लोकतांत्रिक अधिकारों और कर्तव्यों की समझ विकसित करना आदि था।

### विधानसभा स्पीकर के उद्गार

विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने इस एक दिवसीय युवा संसद का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारम्भ करते हुए कहा कि विधानसभा कानून बनाने के साथ युवाओं को मुख्य धारा में लाने का सशक्त मंच भी है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया है कि वे अपनी स्वतंत्र सोच को मजबूत आवाज के साथ रखें। साथ ही समस्याओ के समाधान भी सुझाएं। देवनानी ने कहा कि समय और चुनौतियां बदल रही है। ऐसी परिस्थितियों में युवा शक्ति को बदलते भारत की दिशा में नए आयामों के लिए भरपूर प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि युवा संसद समय के अनुकूल एक व्यापक सोच है। दुनिया बदल रही है, कौशल बदल रहे है और अवसर भी बदल रहे हैं। ऐसे समय में युवाओं के कंधों पर जीवन कौशल, वित्तीय साक्षरता, नैतिक मूल्य जैसे गुणों का विकास, शैक्षणिक आवश्यकता के साथ सामाजिक और राष्ट्रीय जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि युवा लोकतांत्रिक शक्ति के सक्रिय वाहक हैं। जिन सीटों पर विधायक बैठते हैं, उन पर आज भविष्य के विधायक, वैज्ञानिक, प्रशासक, शिक्षक और जनप्रतिनिधि बैठे हुए हैं। यह प्रयास युवाओं को दर्शक नहीं, बल्कि 21वीं सदी के विजेता बनाने का है। देवनानी ने कहा कि आज पढ़ाई का दबाव, कॅरियर का तनाव, सोशल मीडिया का प्रभाव, तुलना की भावना, अकेलापन और प्रतिस्पर्धा ने युवाओं पर बहुत अधिक दबाव बना दिया है। उन्होंने कहा कि मजबूत मन ही मजबूत निर्णय करता है और यही जीवन में सफलता का आधार होता है। ऐसे में कॅरियर मार्गदर्शन बहुत महत्वपूर्ण है। दिशा मिल जाए तो औसत क्षमता वाला युवा भी शिखर पर पहुंच सकता है। प्रश्न पूछने वाला युवा ही परिवर्तन की मशाल जलाता है। उन्होंने युवाओं से कहा कि वे विषय को समझें, उसका विश्लेषण करें और धैर्य के साथ निर्णय लें। देवनानी ने कहा कि वर्तमान में यह आवश्यक है कि युवा देश के लिए पढ़ें, खेलें, देश के लिए ही जिएं और राष्ट्र के चहुंमुखी विकास में भागीदार बनें। राजस्थान ज्ञान और नेतृत्व में अग्रणी प्रदेश है। युवा मेहनत करें और अपनी प्रतिभा को पहचानें। उन्होंने युवाओं से कहा कि सदन की समृद्ध परम्पराएं होती हैं। किसी बात का समर्थन करने पर मेज थपथपाई जाती है, लेकिन संवाद में मर्यादा और स्पष्टता एवं संयमित भाषा का उपयोग जरूरी है।

### शिक्षा मंत्री का उद्बोधन

युवा संसद की संबोधित करते हुए राज्य के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि राज्य विधानसभा के ऐतिहासिक भवन के सदन में युवाओं की उपस्थिति गौरव की अनुभूति करा रही है। युवा देश का भावी नेतृत्व हैं। उन्होंने युवाओं से कहा कि वे संवाद और सहभागिता सीखें। समन्वय के साथ लोकतन्त्र को मजबूत बनाएं। दिलावर ने कहा कि युवाओं को शालीनता का परिचय देना होगा। किसी दबाव एवं असमंजस से बचना होगा। साथ ही उचित मार्ग दर्शन के साथ सफलता के शिखर पर पहुंचना होगा।

### संसदीय संघ के सचिव के उद्गार

राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के सचिव एवं विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि युवा संसद नई पीढ़ी को राष्ट्र नीति निर्माण से जोड़ने का एक सार्थक प्रयास है। यह विविधता से परिपूर्ण राज्य की आकांक्षाओं का मूर्त रूप भी है। सीमित संसाधनों में युवाओं की मेहनत और लगन के साथ प्रगति एक सुखद अनुभूति है। राजस्थान का युवा उत्साहित है। युवाओं में संवाद एवं संस्कृति की भावना है। यही लोकतांत्रिक मूल्यों का सुदृढ़ीकरण है। गुलाबी नगर जयपुर के गुलाबी आवरण में लिपटी राजस्थान विधानसभा में आयोजित युवा संसद में छात्र-छात्राएं सदन के हां पक्ष और ना पक्ष लॉबी में विधायक बन कर बैठे तथा राजस्थानी साफा पहने एक छात्र ने विधानसभाध्यक्ष की भूमिका का निर्वहन किया। अन्य छात्र-छात्रा सदन के और प्रतिपक्ष के नेता बने। विधायक बने विद्यार्थियों ने भी बहुत ही प्रभावी ढंग से अपनी-अपनी जिम्मेदारी को निभाया। कुल मिलाकर प्रदेश के करोड़ों विद्यार्थियों का प्रतिनिधित्व करते हुए इन चुने हुए छात्र-छात्राओं ने राज्य विधानसभा के सदन में बैठ कर अपने आपको गौरवान्वित अनुभव किया।

### युवा संसद में प्रस्ताव पारित

युवा संसद में राज्य के विभिन्न विद्यालयों में अध्ययनरत किशोर-किशोरियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कॅरियर मार्गदर्शन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक राज्य-स्तरीय काउंसलिंग कार्यक्रम प्रारंभ करने, प्रत्येक विद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य एवं कॅरियर काउंसलिंग प्रकोष्ठ स्थापित करने, प्रशिक्षित काउंसलर की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा नियमित परामर्श एवं करियर जागरुकता गतिविधियां संचालित करने के लिए शासन को अधिकृत करने का प्रस्ताव पारित किया गया।

# राजस्थान में कैंसर : संकट के बीच जयपुर हाई अलर्ट पर

मणिमाला शर्मा

**राजस्थान** में कैंसर अब केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य का मुद्दा नहीं रह गया है, बल्कि यह सामाजिक और सार्वजनिक स्वास्थ्य की गंभीर चुनौती बन चुका है। राज्य के हालिया आंकड़ों के अनुसार 2025 में कैंसर की औसत दर 134.6 नए मामले प्रति 1 लाख आबादी है, जो राष्ट्रीय औसत से काफी अधिक है। यह वृद्धि एक चेतावनी के रूप में सामने आ रही है कि समय पर रोकथाम और उपचार न होने पर यह स्वास्थ्य प्रणाली, सामाजिक ढांचे और आर्थिक स्थिरता पर भारी असर डाल सकती है। कैंसर केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए खतरा नहीं है; यह मानसिक स्वास्थ्य, परिवार की आर्थिक स्थिति और समाज के स्वास्थ्य जागरूकता स्तर को भी प्रभावित करता है। राजस्थान के कई जिलों में तेजी से बढ़ते मामलों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अब इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। राजधानी जयपुर इस समय कैंसर मामलों के लिहाज से हाई अलर्ट में है। अकेले 2024 में जयपुर जिले में 2,837 नए कैंसर मरीज दर्ज किए गए। यह संख्या राज्य के अन्य जिलों की तुलना में बहुत अधिक है। जयपुर में ओरल कैविटी, पाचन तंत्र, स्तन और श्वसन संबंधित कैंसर के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि शहर की बढ़ती आबादी, प्रदूषण और जीवनशैली के जोखिमों ने इस वृद्धि में योगदान दिया है। साथ ही सामाजिक गतिविधियां, जैसे बड़े विवाह समारोह और उत्सव, जोखिम कारकों को बढ़ाती हैं। विवाह समारोहों में तम्बाकू और शराब का प्रयोग, अत्यधिक मात्रा में असंतुलित खानपान और अपर्याप्त शारीरिक गतिविधि स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालती है। यह संकेत करता है कि सांस्कृतिक और सामाजिक व्यवहार भी कैंसर के बढ़ते मामलों में योगदान कर रहे हैं।

### कैंसर के प्रमुख प्रकार

1. मुख और ओरल कैविटीः तम्बाकू चबाने और धूम्रपान के कारण।
2. पाचन तंत्र के कैंसरः पेट, आंत और अन्ननली के कैंसर।
3. स्तन कैंसरः महिलाओं में सबसे अधिक।
4. फेफड़े और श्वसन अंगः धूम्रपान और प्रदूषण के कारण।
5. महिला जननांग (सर्विक्स/अंडाशय): एचपीवी संक्रमण और स्क्रीनिंग की कमी।

***इन कैंसर प्रकारों में सबसे चिंताजनक वृद्धि मुख, ओरल कैविटी और स्तन कैंसर में देखी गई है। बीकानेर, जयपुर और अजमेर जैसे शहर उच्च प्रावधान वाले हॉटस्पॉट बन गए हैं।***

### कैंसर के बढ़ते मामलों के प्रमुख कारण

1. **तम्बाकू और धूम्रपानः** मुख और फेफड़े के कैंसर का सबसे बड़ा जोखिम तम्बाकू है। चबाने वाले तम्बाकू, बीड़ी और सिगरेट का सेवन लगातार मामलों की संख्या बढ़ा रहा है।
2. **देर से पहचानः** अधिकतर रोगी शुरुआती लक्षणों को अनदेखा करते हैं और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंचने में देर कर देते हैं। परिणामस्वरूप, लगभग 70% रोगी एडवांस स्टेज पर ही अस्पताल आते हैं, जिससे उपचार जटिल और महंगा हो जाता है।
3. **जीवनशैली और पोषणः** असंतुलित भोजन, अपर्याप्त फल और सब्जियों का सेवन, अत्यधिक तली-भुनी चीजें और शारीरिक गतिविधि की कमी जोखिम बढ़ाती है।
4. **पर्यावरणीय कारणः** शहरी प्रदूषण और ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक ईंधन का उपयोग फेफड़ों और गले के कैंसर का खतरा बढ़ाते हैं।
5. **स्क्रीनिंग और टीकाकरण की कमीः** एचपीवी टीकाकरण और नियमित सर्विकल स्क्रीनिंग का अभाव महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर के बढ़ते मामलों का मुख्य कारण है।



### प्रणालीगत चुनौतियां

राजस्थान में कैंसर के बढ़ते मामलों के पीछे स्वास्थ्य प्रणाली की कमजोरियां भी जिम्मेदार हैं।

- **डेटा कवरेज असमानः** पीबीसीआर (पॉपुलेशन बेस्ड कैंसर रजिस्ट्री) कवरेज पूरे राज्य में समान नहीं है।
- **अस्पताल और उपचार सुविधाओं की कमीः** रेडिएशन, केमोथेरापी और शल्य चिकित्सा के पर्याप्त केंद्र नहीं हैं।
- **आर्थिक बोझः** लंबी उपचार प्रक्रिया और महंगाई मरीजों और उनके परिवारों पर दबाव डालती है।
- **जागरूकता की कमीः** समय पर लक्षण पहचान और उपचार के महत्व की जानकारी सीमित है।

### सामाजिक और आर्थिक असर

कैंसर न केवल रोगी को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी भारी प्रभाव डालता है। इलाज की लागत और समय-समय पर होने वाले खर्च परिवार की आय को प्रभावित करते हैं। मानसिक और भावनात्मक तनाव भी बढ़ता है।

## राशिफल

**आज दिनांक 23 दिसम्बर, 2025, मंगलवार, विक्रम संवत् 2082, पौष माह शुक्ल पक्ष तृतीया, उत्तरा आषाढा नक्षत्र, कौलव करण, ध्रुव योग, राहुकालः सुबह 8:27 से 9:46 बजे, सूर्योदय सुबह 7:08 बजे, सूर्यास्त रात 5:42 बजे, चंद्रोदय सुबह 8:54 बजे, चंद्रास्त सायं 7:46 बजे, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:04 बजे से 12:46 बजे, ब्रह्म मुहूर्त सुबह 5:32 से 6:20 बजे तक, चंद्रमा धनु राशि में संचार करेगा।**




कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। आपके द्वारा प्रस्तुत योजना से लोग प्रभावित होंगे।




महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।




राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक संपत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।




आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे।




आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। पुराने मित्र से मिलन होगा। विवाद को टालें।




आवेग में आकर किए गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी।




आलस्य का त्याग करें। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।




भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंग। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।




कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का अहसास होगा। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा।




जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी।




बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलेगी। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी।




संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। नौकरी क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। इच्छित कार्य सफल होंगे।

## प्रेरक प्रसंग

### एक लकड़ी का कटोरा

**एक** वृद्ध व्यक्ति अपने बहू-बेटे के यहां शहर रहने गया। उम्र के इस पड़ाव पर वह अत्यंत बूढ़ा पड़ चुका था, उसके हाथ कांपते थे और दिखाई भी कम देता था। वो एक छोटे से घर में रहते थे, पूरा परिवार और उसका चार वर्षीया पोता एक साथ ही खाना खाते थे। लेकिन वृद्ध होने के कारण उस व्यक्ति को खाने में बड़ी दिक्कत होती थी। कभी मटर के दाने उसकी चम्मच से निकल कर फर्श पर बिखर जाते तो कभी हाथ से दूध छलक कर मेज पर गिर जाता। बहू-बेटे कुछ दिनों तक तो ये सब सहन करते रहे पर अब उन्हें अपने पिता के इस काम से चिढ़ होने लगी। लड़के ने कहाः हमें इनका कुछ करना पड़ेगा।

बहू ने भी हां में हां मिलाई और बोलीः आखिर कब तक हम इनकी वजह से अपने खाने का मजा किरकिरा करेंगे, और हम इस तरह हमारी चीजों का नुकसान होते हुए भी नहीं देख सकते। अगले दिन जब खाने का वक्त हुआ तो बेटे ने एक पुरानी मेज को कमरे के एक कोने में लगा दिया और अपने बूढ़े बाप से बोला कि पिताजी आप यहां पर बैठ कर खाना खाया करो। बूढ़ा पिता वहीं अकेले में बैठ कर अपना भोजन करने लगा, यहां तक की उनके खाने-पीने के बर्तनों की जगह एक लकड़ी का कटोरा दे दिया गया था। ताकि अब और बर्तन ना टूट-फूट सकें। बाकी लोग पहले की तरह ही आराम से बैठ कर खाना खाते और जब कभी-कभार उस बुजुर्ग की तरफ देखते तो उनकी आंखों में आंसू दिखाई देते। पर यह भी देखकर बहू-बेटे का मन नहीं पिघलता, वो उनकी छोटी से छोटी गलती पर ढेरों बातें सुना देते। वहां बैठा बालक भी यह सब बड़े ध्यान से देखता रहता, और अपने में मस्त रहता। एक रात खाने से पहले, उस छोटे बालक को उसके माता-पिता ने जमीन पर बैठकर कुछ करते हुए देखाः तुम क्या बना रहे हो? पिता ने पूछा, बच्चे ने मासूमियत के साथ उत्तर दिया, अरे मैं तो आप लोगों के लिए एक लकड़ी का कटोरा बना रहा हूं, ताकि जब मैं बड़ा हो जाऊं तो आप लोग इसमें खा सकें, और वह पुनः अपने काम में लग गया। पर इस बात का उसके माता-पिता पर बहुत गहरा असर हुआ। उनके मुंह से एक भी शब्द नहीं निकला और आंखों से आंसू बहने लगे। वो दोनों बिना बोले ही समझ चुके थे कि अब उन्हें क्या करना है। उस रात वो अपने बूढ़े पिता को वापस डिनर टेबल पर ले आए, और फिर कभी उनके साथ अभद्र व्यवहार नहीं किया।

### जीवन का बीमा

**दो** मित्र थे, बड़े परिश्रमी और मेहनती। अपने परिश्रम से दोनों एक दिन बड़े सेठ बन गए। दोनों ने बड़ा व्यवसाय खड़ा कर लिया। पहले सेठ ने अपनी सारी संपत्ति का बीमा करवा लिया। उसने अपने मित्र को बार बार यही परामर्श दिया कि वह भी अपनी संपत्ति का बीमा करवा ले। परंतु दूसरे मित्र ने उसकी बात को अनसुना कर दिया। दुर्भाग्य से एक दिन शहर में आग लग गई। दोनों की सारी संपत्ति जल कर राख हो गई। पहले सेठ ने बीमा करवा रखा था इसलिए उसे सारी संपत्ति वापिस मिल गई जबकि दूसरा मित्र निर्धन बन गया। मगर हाथ पछताने के अतिरिक्त उसके पास कोई चारा नहीं बचा था। मनुष्य का यह जन्म भी सेठ की संपत्ति के समान है। हम सभी को मालूम है कि एक दिन इस शरीर को भस्म होना है मगर हम हैं कि जीवन के इस अटल सत्य को जानकर भी अनसुना कर देते हैं। हम इसका कभी बीमा नहीं करवाते। न सत्कर्म करते है, न अभ्यास और वैराग्य द्वारा मोक्ष मार्ग को सिद्ध करते हैं, न योग मार्ग के पथिक बनते हैं, न ईश्वर का साक्षात्कार करते है। इसके विपरीत भोग, दुराचार, पाप, राग-द्वेष, ईर्ष्या, अभिमान, अहंकार, असत्य आदि के चक्कर में अपना बीमा ही करवाना भूल जाते हैं। वेद में अनेक मंत्रों के माध्यम से जन्म-मरण और मुक्ति की पवित्र शिक्षा को कहा गया है- शरीर रूप बंधन में आकर जीवात्मा जहां तहां भटकता है- शरीर नश्वर है, इसके रहते हुए जो श्रेष्ठ कर्म किया जा सके कर लें अपने को संभाल के परमात्मा का स्मरण करें। जीवात्मा वासनावश ऊंची नीची योनियों में शरीर धारण करता है, शरीर अस्थिर है- मैं नश्वर कच्चे घर(शरीर) में फिर न आऊं। हमें नश्वर शरीर की प्राप्ति न हो, सर्वथा अखंड सुखसंपत्ति मुक्ति को प्राप्त हो।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube twitter



# निराश्रित गौवंश के लिए 'चारा स्टैंड' लगाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**श्रीमाधोपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** उपखण्ड क्षेत्र में निराश्रित गौवंश और मूक जीवों की सेवा के संकल्प के साथ 'सनातन मानव जीव सेवा संस्था' (शाखा श्रीमाधोपुर) ने सराहनीय पहल की है। सोमवार को संस्था के पदाधिकारियों ने



श्रीमाधोपुर उपखण्ड अधिकारी अनिल कुमार एवं नगरपालिका अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर विधानसभा क्षेत्र में निराश्रित गौवंश एवं नंदी महाराज के लिए व्यवस्थित 'चारा स्टैंड' लगवाने का अनुरोध किया। संस्था के इस प्रस्ताव पर उपखण्ड अधिकारी अनिल कुमार ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तुरंत सकारात्मक निर्णय किया। उन्होंने न केवल इस पहल की प्रशंसा की, बल्कि गौवंश के भोजन स्टैंड के लिए उपयुक्त स्थान आवंटित करने के भी निर्देश दिए। अधिकारियों ने संस्था के युवाओं के जज्बे को देखते हुए उन्हें भविष्य में भी पूर्ण सहयोग का आश्वासन देकर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर संस्था के राजस्थान अध्यक्ष विवेक मिश्रा, संरक्षक महावीर प्रजापति, उपाध्यक्ष विकास सैनी, राहुल सैनी और शुभम पंडित विशेष रूप से उपस्थित रहे। श्रीमाधोपुर शाखा के अध्यक्ष रोहिताश सैनी के नेतृत्व में उपाध्यक्ष महेन्द्र सैनी, अर्जुन सैनी, नितेश सैनी, संदीप मीणा, दुर्गाप्रसाद स्वामी, मोहित सैनी, गौरीशंकर सैनी, लोकेश सैनी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय श्री टाक क्षत्रिय महासभा किशनगढ़ः नरेंद्र अध्यक्ष, सुनील मंत्री निर्वाचित

**मदनगंज किशनगढ़ (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** अखिल भारतीय श्री टाक क्षत्रिय महासभा किशनगढ़ क्षेत्र की निर्वाचन प्रक्रिया सेवाकुंज मंदिर अग्रसेन विहार



में मनोज टाक (अध्यक्ष डिग्गी-मालपुरा) व मुरलीधर लालचंद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें नरेंद्र अध्यक्ष, महेंद्र भवन समिति प्रबंधक, सुनील (डाबरेला) मंत्री, कोषाध्यक्ष चंद्रप्रकाश, उपाध्यक्ष राजेश व सतीश, संगठन मंत्री डिंपल, शिक्षा समिति प्रबंधक प्रमोद, संयुक्त मंत्री सुनील, शहर युवा अध्यक्ष रोहन, महिला अध्यक्ष कल्पना, उपाध्यक्ष निर्मला, कार्यकारिणी सदस्य अमित, सोनू, राहुल, विजय को बनाया गया।

# नईनाथ धाम में जांगिड़ समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित

**बस्सी (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा, प्रदेश सभा राजस्थान, जिला सभा जयपुर, तहसील सभा बस्सी एवं तूंगा के



तत्वावधान में जांगिड़ ब्राह्मण समाज धर्मशाला समिति नईनाथ धाम, बांसखोह की ओर से द्वितीय सामूहिक विवाह सम्मेलन 19 फरवरी 2026 फुलेरा दोज को आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन को लेकर रविवार को जांगिड़ धर्मशाला नईनाथ धाम में युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। समिति के अध्यक्ष रामबाबू जांगिड़ ने बताया कि युवक-युवती परिचय सम्मेलन में समाज के 21 जोड़ों के विवाह के पंजीयन का लक्ष्य रखा गया। इस दौरान पंजीयन अधिकारी बाबूलाल खवा वाले ने बताया कि अब तक 18 जोड़ों का पंजीयन हो चुका है। समिति अध्यक्ष रामबाबू जांगिड़ ने बताया कि युवक-युवती परिचय सम्मेलन में मंच संचालन मोहनलाल जांगिड़ और बृजकिशोर जांगिड़ ने किया। तहसील अध्यक्ष बस्सी गोपाललाल जांगिड़ और तहसील अध्यक्ष तूंगा रामस्वरूप जांगिड़ की उपस्थिति में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पंवार और कार्यक्रम के अध्यक्ष जयपुर जिला अध्यक्ष मुकेश झाजवाड़ का माला और साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

# गौ तस्करों के खिलाफ सीकर में निकाला आक्रोश मार्च




## बजरंग दल, विहिव कार्यकर्ता बोले- गौ तस्करी की सूचना देने पर हमारे साथ ही होता है दुर्व्यवहार

महानगर टाइम्स संवाददाता

**सीकर।** गौ तस्करों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने और गौ संरक्षण के लिए सख्त कानून बनाने की मांग को लेकर सीकर में बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने आक्रोश मार्च निकाला, जो भारत माता मंदिर से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट के बाहर नारेबाजी भी की और जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम ज्ञापन भी सौंपा। विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा ने कहा कि हम काफी समय से मांग करते आ रहे हैं कि गौ माता को राष्ट्र माता घोषित किया जाए। जो लोग गौ तस्करी करते हैं, उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, लेकिन जब हम किसी गौ तस्कर को पकड़ते हैं तो बजरंग दल के सदस्यों के साथ ही दुर्व्यवहार किया जाता है। उनके ऊपर ही मुकदमे दर्ज किए जाते हैं। हाल ही में जयपुर के चौमूं में बजरंग दल के कार्यकर्ता को बुरी तरह से मारा गया, जबकि उसने तो यही सूचना दी थी कि एक गाड़ी में गौ तस्करी की जा रही है।

# डीजीएस में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 2025 का आगाज

**नवलगढ़ (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** डूंडलोद गर्ल्स स्कूल, बलवंतपुरा में सोमवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता-2025 का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रीय ट्रैक एवं फील्ड एथलीट एवं आयकर अधिकारी मंजू बाला रहीं। अध्यक्षता संस्था सचिव बीएल रणवा ने की। विशेष अतिथि अनुराग आर्या (आर्या एकेडमी निदेशक) उपस्थित रहे। विद्यालय की प्राचार्या इंदु सोनी ने खेलों के शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों द्वारा अनुशासित मार्च-पास्ट प्रस्तुत किया गया। खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत 50 मीटर कोन बॉल संतुलन दौड़, 80 मीटर बाधा दौड़, 50 मीटर एक-पैर दौड़, घड़ा संतुलन दौड़, 30 मीटर ड्रिबल दौड़, 50 मीटर मेंढक दौड़, नींबू दौड़, सामान्य दौड़, सात पत्थर दौड़, जिग-जैग दौड़, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल सहित अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्तर पर चयनित खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा गुब्बारे छोड़कर खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया।

# मनरेगा का नाम बदलने का विरोध, कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

महानगर टाइम्स संवाददाता



**चाकसू।** भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा योजना का नाम बदले जाने के विरोध में सोमवार को चाकसू के अंबेडकर सर्किल पर कांग्रेस पार्टी की ओर से धरना-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री का पुतला भी फूंका गया। धरना-प्रदर्शन का नेतृत्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष गोपाल मीणा एवं चाकसू के पूर्व विधायक वेदप्रकाश सोलंकी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष भरतलाल मीणा ने की।

धरना-प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान पीसीसी सदस्य कविता गुर्जर, पीसीसी सदस्य हरिनारायण चौधरी, नगर पालिका चेयरमैन कमलेश बैरवा, पूर्व चेयरमैन राजेंद्र गुर्जर, अब्दुल हमीद खोकर, लल्लूराम कुमावत, सरपंच शिवराज धाभाई, मुकेश चौधरी, मोहन धाभाई, हरभजन गुर्जर, सांवरा चौधरी, बाबूलाल (श्यामपुरा), अशोक पूनिया, ब्लॉक उपाध्यक्ष राम सिंह चेची, मनीष गुर्जर (राघवपुरा), गोविंद, भरत मीणा, भरत लाल मीणा सहित हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता धरना-प्रदर्शन में शामिल हुए।

वक्ताओं ने कहा कि मनरेगा कांग्रेस सरकार की ऐतिहासिक और जनकल्याणकारी योजना है, जिसने ग्रामीण गरीबों और मजदूरों को रोजगार की गारंटी दी। बीजेपी सरकार द्वारा इसका नाम बदलना जनभावनाओं के साथ खिलवाड़ है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार जनता के वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए योजनाओं के नाम बदलने की राजनीति कर रही है। पूर्व विधायक वेद प्रकाश सोलंकी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मनरेगा की पहचान और इसके अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी। जिला अध्यक्ष गोपाल मीणा ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने अपना फैसला वापस नहीं लिया तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।

## सीकर में गांधी की मूर्ति लेकर किया प्रदर्शन




**सीकर।** सीकर में कांग्रेस पार्टी की ओर से ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का नाम बदलने के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने डाक बंगले से कलेक्ट्रेट तक महात्मा गांधी की तस्वीर हाथों में थामे रैली निकाली। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुनीता गठाला और सीकर नगर परिषद के पूर्व सभापति जीवण खां ने भाजपा सरकार पर योजना को कमजोर करने का आरोप लगाया।

जिलाध्यक्ष गठाला ने कहा कि भाजपा सरकार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम को मिटाने और रोजगार के कानूनी अधिकार को खत्म करने की साजिश रच रही है। उन्होंने मौन रैली के जरिए शांतिपूर्ण तरीके से आक्रोश जताया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर केंद्र सरकार विधेयक वापस नहीं लेती, तो आने वाले दिनों में प्रदेश स्तर पर बड़े आंदोलन के साथ-साथ उपखंड स्तर पर भी विरोध प्रदर्शन होंगे। गठाला ने जोर देकर कहा कि संसद में विधेयक पारित कर योजना का नाम बदलने से इसका मूल उद्देश्य ही बदलने की कोशिश हो रही है।

पूर्व सभापति जीवण खां ने बताया कि मनरेगा लागू होने पर अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र संघ में इसकी तारीफ की थी। यह देश का एक महत्वपूर्ण कानून था, जो हर बेरोजगार को 100 दिन का काम और काम न मिलने पर बेरोजगारी भत्ता सुनिश्चित करता था। अब इसका नाम बदलकर 'जी राम जी' करने की तैयारी है, जिसमें केंद्र 60% और राज्य 40% खर्च वहन करेंगे, लेकिन राज्यों की कमजोर आर्थिक स्थिति को देखते हुए यह बोझ उठाना मुश्किल होगा।

# पौष शुक्ल दूज पर रामदेवरा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



## हजारों श्रद्धालु समाधि के दर्शन को पहुंचे, सड़कों पर लगा जाम

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जैसलमेर।** रूणिचा नगरी रामदेवरा में पौष माह के शुक्ल पक्ष की दूज के अवसर पर सोमवार को आस्था का सैलाब देखने को मिला। बाबा रामदेव समाधि के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ तड़के ही उमड़ पड़ी। सुबह 3 बजे मंदिर के पट खुलते ही लंबी कतारें लग गईं, जो बढ़ते-बढ़ते करीब एक किलोमीटर तक पहुंच गई। प्रशासन के अनुसार दिनभर में करीब दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेव के दर्शन किए।

श्रद्धालुओं की कतारें मुख्य समाधि परिसर से निकलकर पेड़ीवाल धर्मशाला के आगे तक पहुंच गई। भीड़ को सुव्यवस्थित रखने के लिए बाबा रामदेव समाधि समिति और पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से व्यवस्थाएं संभालीं। लगातार बढ़ती भीड़ को देखते हुए बैरिकेडिंग की गई और अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए गए। गुजरात, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र सहित राजस्थान के विभिन्न जिलों से आए श्रद्धालुओं की मौजूदगी से रामदेवरा के बाजारों में भी खास रौनक देखने को मिली।

### परंपरा के अनुसार स्थापित हुआ श्रवण मुकुट

पौष शुक्ल दूज के पावन अवसर पर बाबा रामदेव की समाधि पर श्रवण मुकुट स्थापित किया गया। परंपरा के अनुसार सुबह अभिषेक के बाद विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न हुई और श्रृंगार आरती के पश्चात मुकुट को समाधि पर स्थापित किया गया। मान्यता है कि इस दिन बाबा के दर्शन और विशेष पूजा करने से श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं, इसी विश्वास के साथ बड़ी संख्या में भक्त रामदेवरा पहुंचे।

### वाहनों की लगी कतारें

शुक्ल पक्ष की दूज के अवसर पर श्रद्धालु वाहनों की अधिकता के चलते रामदेवरा की सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रही। पोकरण रोड, नाचना रोड और बीकानेर रोड पर मुख्य मार्गों के साथ-साथ गलियों में भी वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। नो पार्किंग क्षेत्रों में वाहन खड़े होने से यातायात बाधित हुआ। मुख्य बाजार में वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने के लिए सड़कों और गलियों में बैरिकेडिंग की गई।

# भामाशाह ने छात्राओं को वितरित किए स्कूल बैग



**सालासर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** राजकीय दामोदरलाल सरावगी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को भामाशाह ने छात्राओं को स्कूल बैग वितरित किए। प्रधानाचार्य ऋचा आर्य ने बताया कि बालाजी मंदिर के पुजारी श्रीकिशन पुजारी की प्रेरणा से दिल्ली निवासी भामाशाह विनीत गुप्ता ने विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को स्कूल बैग वितरित किए। इस दौरान अरविन्द कुमार, अंकिता लोयल, अमित कुमार सोनी, राकेश महरिया, आरती सैनी, सुमन, मनीषा, हरदेवाराम, कौशल्या काजली आदि स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# विधायक ने किया अस्पताल का औचक निरीक्षण



**चाकसू (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** चाकसू विधायक रामावतार बैरवा ने सोमवार सुबह क्षेत्र के सबसे बड़े राजकीय सेटेलाइट हॉस्पिटल पहुंचकर दवा स्टोर, दवा काउंटर, पर्ची काउंटर, इमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण किया और मरीजों से हालचाल जाने। वहीं मरीजों को होने वाली असुविधाओं को तत्काल दूर करने को कहा। इस मौके पर अस्पताल प्रभारी डॉ. ऋतुराज मीणा साथ रहे।

# भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. ज्योति मिर्धा का भाजपा कार्यालय में स्वागत



## जिलाध्यक्ष बाटड़ की उपस्थिति में पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं से किया संवाद

महानगर टाइम्स संवाददाता

**सीकर।** भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष व नागौर की पूर्व सांसद डॉ. ज्योति मिर्धा का सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय पहुंचने पर जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ के नेतृत्व में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से भाजपा सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर बैठक कर संवाद भी किया।

बैठक में ज्योति मिर्धा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने दो वर्षों में आमजन के लिए बेहतर कार्य किए हैं। उन्होंने सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण को समर्पित प्रदेश की भाजपा सरकार के सफलतम दो वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों, केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के लिए कहा।

जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने स्वागत भाषण देते हुए संगठन द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में बताया। बैठक को सैनिक कल्याण सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रेमसिंह बाजौर, पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, धोद विधायक गोरधन वर्मा, पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी, गजानंद कुमावत, पूर्व जिलाध्यक्ष महेश शर्मा व डॉ. कमल सिखवाल आदि ने भी संबोधित करते हुए भाजपा सरकार के दो वर्ष के सफलतम कार्यकाल को आम जन तक पहुंचाने का आव्हान किया। इस दौरान राजेश रोलन, रामावतार रूंथला, नेमीचंद कुमावत, रमेश जलधारी, अजय खर्रा, डॉ. अर्चना पुरोहित, प्रभुसिंह सेवद, करण सिंह, फूलचंद कुमावत, अनिता शर्मा, कविता चौधरी आदि मौजूद रहे।

# पीएमश्री 72 सीढ़ी विद्यालय के विद्यार्थियों ने केंद्रीय विद्यालय का किया भ्रमण



**सवाई माधोपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय 72 सीढ़ी में सोमवार को ट्यूनिंग ऑफ स्कूल एक्टिविटी के तहत विद्यालय के कक्षा 11 और कक्षा 12 के 20 छात्रों को केंद्रीय विद्यालय का भ्रमण कराया गया। प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद साहू ने बताया कि वहां पर उनकी जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान एवं कम्प्यूटर लैब का बालकों को भ्रणण कराया एवं मेडिकल उद्यान दिखाए गए। साथ ही केंद्रीय विद्यालय में होने वाली विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किस प्रकार से होता है और किस प्रकार से उनका रिकार्ड संधारण किया जाता है, इसके बारे में भी बालकों को जानकारी दी गई। वहां के नवाचारों से विद्यालय के स्टाफ साथी और विद्यार्थियों को अवगत करवाया गया।

## लर्निंग लैंग्वेज फाउंडेशन एवं टाटा ट्रस्ट ने राकेश लाटा को किया सम्मानित



**सीकर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में लैंग्वेज लर्निंग फाउंडेशन एवं टाटा ट्रस्ट द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की सेमिनार में राकेश कुमार लाटा पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी को सीकर जिले में शिक्षा के क्षेत्र में किए गए योगदान एवं टाटा ट्रस्ट के द्वारा टीचिंग लर्निंग सर्वे प्रोग्राम में किए गए सहयोग के लिए पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में भारत सरकार के शिक्षा सचिव संजय कुमार, शिक्षा संयुक्त सचिव अर्चना शर्मा अवस्थी, टाटा ट्रस्ट के कार्यकारी निदेशक डॉ. धीर जिंगनार अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों ने 11 घोड़ियों के साथ किया विधायक का स्वागत





## सुशासन रथ यात्रा का पुराने रीति-रिवाजों से स्वागत

महानगर टाइम्स संवाददाता



**रामगढ़ पचवारा।** विधानसभा क्षेत्र लालसोट में निकाली जा रही सुशासन विकास रथयात्रा का गांवों में पुरानी रीति रिवाजों से जगह-जगह पुष्प वर्षा एवं घोड़ी-बाजे के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान उपस्थित लालसोट विधायक रामविलास मीणा ने कहा कि दो वर्षों में लालसोट विधानसभा क्षेत्र में ऐतिहासिक विकास कार्यों को गति मिली है। बिना भेदभाव से विकास कार्य करवाए गए। उन्होंने कहा कि पांच सालों में लालसोट में पानी-बिजली-सड़कें एवं स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित क्षेत्र में प्राथमिकता से विकास कार्य किए जाएंगे। सुशासन रथयात्रा सलेमपुरा, रालावास, नव सृजित ग्राम पंचायत टोरडा और चांदसेन पहुंची, जहां विधायक द्वारा सलेमपुरा में सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया, वहीं बीचली कोठी से गोदास्या ढाणी मानपुरिया से बुर्जा और मानपुरिया रोड से बालाजी मंदिर, रालावास सीमा से सिर्रा ढाणी डाबर खुर्द, ईश्वर सरपंच की ढाणी से बढनाई ढाणी, रालावास कृषि कॉलेज डीडवाना से पपलाज माता गोल का शिलान्यास किया गया।

सुशासन रथयात्रा का नव सृजित ग्राम पंचायत टोरडा पहुंचने पर परम्परागत तरीके से घोड़ी बाजे के साथ विधायक का स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता डॉ. शम्भूलाल कुईवाला, हरिओम सलेमपुरा, कन्हैयालाल डीलर, अनिल बुर्जा, भंवर सिंह झूपडिया, रामकिशोर आदिवासी, रूपसिंह सुरतपुरा, सतपाल मीणा, हरकेश मटलाना, सलेमपुरा सरपंच लाली देवी, रालावास सरपंच मुकली देवी, प.स. सदस्य प्रतिनिधि लल्लूराम, जिला परिषद सदस्य श्रीनारायण मीणा, मुकेश ठेकेदार मानपुरिया, सीताराम ठेकेदार मानपुरिया आदि मौजूद रहे।

# नॉकआउट मुकाबलों में चौकों-छक्कों ने भरा रोमांच

## पचवारा प्रीमियम लीग क्रिकेट महोत्सव

महानगर टाइम्स संवाददाता



**रामगढ़ पचवारा।** उपखंड मुख्यालय पर पचवारा प्रीमियम लीग क्रिकेट महोत्सव में सोमवार को चार नॉकआउट क्रिकेट मैच खेले गए।

अध्यक्ष हंसराज सत्तावन ने बताया कि रानोली बनाम पपलाज माता टीम के बीच हुए मुकाबले में पपलाज माता क्रिकेट टीम ने आठ ओवर में 115 रन का लक्ष्य रखा और प्रतिद्वंदी टीम रानोली को 36 रन से मात देकर मैच जीत लिया। पपलाज माता क्रिकेट टीम के मनन खंडेलवाल प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

दूसरा नॉकआउट मैच चावंडिया बनाम भयपुर क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। यह मैच चावंडिया क्रिकेट क्लब ने 6 विकेट से जीत लिया। चामुंडा क्रिकेट क्लब के ताराचंद मीणा प्लेयर ऑफ दा मैच रहे।

तीसरा मैच जेपी सिटी बनाम बालोद बस्सी क्रिकेट टीम के बीच हुआ। बालोद बस्सी क्रिकेट टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 58 रन बनाए। जेपी सिटी क्रिकेट क्लब ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 5 विकेट से मैच जीत लिया। जेपी सिटी क्रिकेट क्लब के धर्मपाल मीणा को प्लेयर ऑफ दा मैच से नवाजा गया।

नॉकआउट का चौथा मैच कंवरपुरा गंडलाई बनाम सिंहपुरा के बीच खेला गया। कंवरपुरा ने टॉस जीतकर बैटिंग करने का निर्णय करते हुए 10 ओवर में 66 रन बनाए। सिंहपुर क्रिकेट टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 4.3 ओवर में 9 विकेट से मैच जीतकर अपने खाते में किया। सिंहपुरा क्रिकेट क्लब के लखन खोंबा प्लेयर ऑफ द मैच रहे। क्रिकेट के इस महाकुंभ में अंपायर मुंशी पटेल रलावता, बुद्धि प्रकाश टोरड़ा व पायलट टूटियावास एवं लाइव स्कोर विष्णु सैनी द्वारा प्रसारित किया जा रहा है।

### बिजली अधिभार के विरोध में लामबंद हुए औद्योगिक संगठन

# उद्योगपति अगले सप्ताह करेंगे विद्युत और उद्योग भवन का घेराव

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** औद्योगिक बिजली बिलों पर लगाए जा रहे विभिन्न अधिभार और शुल्क के विरोध में प्रदेश के उद्योगपति अगले हफ्ते विद्युत भवन और उद्योग भवन का घेराव करेंगे। सोमवार को विश्वकर्मा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन भवन में प्रदेश के शीर्ष औद्योगिक संगठनों की बैठक हुई। इसमें 26 औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इनमें राजस्थान स्टील चैंबर के अध्यक्ष सीताराम अग्रवाल, राजस्थान चैम्बर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. अरुण अग्रवाल, यूकॉरी के अध्यक्ष निलेश अग्रवाल, वीकेआई एसोसिएशन अध्यक्ष जगदीश सोमानी और



महासचिव पुष्पकुमार स्वामी, फोर्टी यूथ विंग अध्यक्ष सुनील अग्रवाल शामिल रहे। इसमें महंगी बिजली के साथ रीको की ओर से औद्योगिक भूखंडों पर प्रेविलिंग रेट 80 प्रतिशत वृद्धि से इस पर आधारित सभी शुल्कों में इजाफे का भी उद्यमी विरोध कर रहे हैं। सभी संगठनों ने सरकार को हफ्तेभर का समय दिया है। यदि इस बीच सरकार उद्यमियों से वार्ता कर बिजली अधिभार वापस नहीं लेती है तो अगले हफ्ते से राज्यव्यापी आंदोलन किया जाएगा। इसकी शुरुआत विद्युत और उद्योग भवनों के घेराव से होगी।

# एमएनआईटी में प्रस्तावित ट्रेड फेयर लगाने पर हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने एमएनआईटी परिसर में अगले माह प्रस्तावित सोलर ट्रेड फेयर को लेकर शिक्षा मंत्रालय, एमएनआईटी निदेशक, राजस्थान सोलर एसोसिएशन, मुख्य सचिव और सीएजी सहित अन्य को जवाब पेश करने के लिए 13 जनवरी तक का समय दिया है। सीजे संजीव प्रकाश शर्मा और जस्टिस संगीता शर्मा की खंडपीठ ने यह आदेश संयुक्त अभिभावक संघ की जनहित याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

जनहित याचिका में अधिवक्ता विनोद कुमार वैष्णव ने अदालत को बताया कि जेएलएन मार्ग स्थित मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में अगली 16



जनवरी से तीन दिवसीय ट्रेड फेयर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सोलर क्षेत्र से जुड़ी प्रदेश की दर्जनों निर्माता और सेवा प्रदाता कंपनियां भाग लेंगी। याचिका में कहा गया कि संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 के तहत विद्यार्थियों को शांत और शुद्ध शैक्षणिक वातावरण का अधिकार है। ऐसे प्रतिष्ठित संस्थान में व्यावसायिक आयोजन नहीं किया जाना चाहिए। याचिका में यह भी कहा गया की एमएनआईटी जैसे सरकारी सहायता प्राप्त संस्थान के परिसर में इस तरह के व्यापारिक मेलों का आयोजन न केवल शैक्षणिक वातावरण को प्रभावित करता है, बल्कि विद्यार्थियों की सुरक्षा, अनुशासन और गरिमा पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करता है। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि परिसर में बने हॉस्टल में बड़ी संख्या में विद्यार्थी रहते है और बाहरी व्यक्ति के प्रवेश को लेकर भी कड़ी सुरक्षा के प्रावधान है। ऐसे में बिना जांच पड़ताल कंपनियों से जुड़े लोगों को यहां प्रवेश देना उचित नहीं है। ऐसे में इस प्रस्तावित ट्रेड फेयर के आयोजन को रोका जाए। याचिका में पर सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से एएसजी भरत व्यास व अन्य वकील उपस्थित हुए और उन्होंने जवाब पेश करने के लिए समय मांगा। इस पर अदालत ने याचिका की सुनवाई 13 जनवरी को रखते हुए पक्षकारों को जवाब पेश करने को कहा है।

### आईपीएस पंकज चौधरी को कैट से राहत

केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण ने आईपीएस अधिकारी पंकज चौधरी को राहत देते हुए राज्य सरकार को कहा है कि वह डीपीसी के तहत उनके बकाया चल रहे प्रमोशन पर प्रोविजनल तौर पर विचार करे। अधिकरण ने यह आदेश पंकज चौधरी के प्रार्थना पत्र पर दिए।

मामले से जुड़े अधिवक्ता अनुपम अग्रवाल ने बताया कि प्रार्थी के खिलाफ चल रहे केसों के कारण तीन प्रमोशन बकाया हैं।साथ ही साल 2023 से उनका डीआईजी रैंक का प्रमोशन भी रुका हुआ है। राज्य सरकार ने जिन मामलों की वजह से उनका प्रमोशन रोका है, उनकी जांच अभी तक पूरी नहीं हुई है। इसलिए उनके बकाया प्रमोशन पर विचार किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए अधिकरण ने राज्य सरकार को निर्देश जारी किए हैं।

### अटल बिहारी वाजपेयी जन्मशताब्दी वर्ष पर कवि सम्मेलन आज

## राष्ट्रीय कवियों से सजेगी गुलाबीनगरी की महफिल

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में मंगलवार शाम 5:30 बजे से भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में देश के ख्यातनाम कवि अपने कविता-पाठ से श्रोताओं को भावविभोर करेंगे। इनमें पद्मश्री सुरेन्द्र शर्मा, डॉ. हरिओम पंवार, सत्यनारायण सत्तन, डॉ. अनामिका अंबर, वेदव्रत वाजपेयी, डॉ. प्रवीण शुक्ला और पूनम वर्मा आदि प्रस्तुतियां देंगे।

कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ भी मौजूद रहेंगे। आयोजन घनश्याम तिवाड़ी की अध्यक्षता वाली समिति के तत्वावधान में किया जा रहा है। कार्यक्रम का संयोजन पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी और सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा द्वारा किया जा रहा है। यह राष्ट्रीय कवि सम्मेलन अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन, आदर्शों और साहित्यिक योगदान को नमन करने का सुंदर अवसर होगा, जिसमें प्रबुद्धजन, साहित्यप्रेमी और कवितामर्मज्ञ बड़ी संख्या में सम्मिलित होंगे।

## ओड महासभा के प्रदेशाध्यक्ष बने प्रेम रामदेवरा



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** ओड महासभा राजस्थान की प्रदेश स्तरीय बैठक क्लब हाउस विधायक आवास में संपन्न हुई। प्रदेश स्तरीय बैठक में 28 जिलों के जिलाध्यक्ष व प्रदेश प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम अध्यक्षता ओमप्रकाश मांगल ने की। वहीं, मुख्य अतिथि सचिवालय रिटायर्ड वरिष्ठ शासन उप सचिव गोपाल खाम्बरा, विशिष्ट आतिथि ओड महासभा जयपुर जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह कलीहा, सरपंच दिनेश खाम्बरा, सुरेश ओड हनुमानगढ़, वागड़ क्षेत्र अध्यक्ष डालचंद मुडाई थे। कार्यक्रम में सर्वसम्मति से प्रेम ओड रामदेवरा को ओड महासभा राजस्थान का प्रदेशाध्यक्ष बनाया गया। प्रदेशाध्यक्ष प्रेम ओड ने कहा कि ओड समाज ने जो जिम्मेदारी दी है उसे वह निष्ठापूर्वक निभाएंगे। प्रदेशाध्यक्ष ओड ने सरकार से ओड समाज विकास कल्याण बोर्ड की मांग की।

## 'यम हैं हम' नाटक से सड़क सुरक्षा का संदेश



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** परिवहन विभाग, आरटीओ जयपुर प्रथम विभाग और क्यूरियो की ओर से सोमवार को बहरूपिया अभिनय कला द्वारा सड़क सुरक्षा पर यम हैं हम प्रस्तुति द्वारा जनजागृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जयपुर के सुबोध कॉलेज रामबाग, विधान सभा, बाईस गोदाम और ट्रॉमा सेंटर एसएमएस हॉस्पिटल के बाहर कुल चार प्रदर्शन किए गए। यम है हम बहरूपिया अभिनय कला की इस प्रस्तुति में सड़क सुरक्षा के नियम नहीं मानने वालों को कैसे यमराज उनको अपने साथ ले जाता है और लोगों द्वारा अपने प्राणों की रक्षा के बदले यातायात के नियमों का पालन करने का वादा करने के साथ नाटकीय तत्वों को बहुत ही रोचक तरीके से दिखाया गया। साथ ही सभी दर्शकों को यातायात नियमों के पालन के लिए प्रतिज्ञा दिलवाई गई। प्रस्तुति का निर्देशन क्यूरियो के गगन मिश्रा ने किया। कार्यक्रम के दौरान विभाग की ओर से यातायात नियमों के पर्चे भी बंटवाए गए।

## रामकथा में सती चरित्र एवं शिव विवाह प्रसंग

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** खंडेलवाल महासभा भवन स्थित एआरजी ऑडिटोरियम शास्त्री नगर में रविवार को श्री राम कथा का शुभारंभ हुआ। इससे पूर्व महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा सिद्धेश्वर महादेव मंदिर से शुरू होकर कथा स्थल पहुंची। जहां कथा वाचक अमिताचार्य महाराज ने प्रथम दिवस कलियुग में राम नाम के महत्व के बारे में बताया। कथा के दूसरे दिन अमिताचार्य महाराज ने सती चरित्र एवं शिव विवाह की कथा वर्णन कर सभागार में उपस्थित श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। आयोजक लखन गोयल ने बताया कि मंगलवार को कथा में श्री राम जन्मोत्सव की कथा के बारे में बताया जाएगा। गोयल ने बताया कि कथा की पूर्णाहुति 29 दिसंबर को होगी।

# शहरी कृषि और नवाचार पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** उद्यमिता एवं करियर हब (ईसीएच) इन्क्यूबेशन सेंटर, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर में सोमवार को 'शहरी कृषि एवं नवाचार कार्यशाला' विषय पर आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर एवं कानपुर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. अशोक कुमार उपस्थित रहे।

उद्घाटन संबोधन में प्रो. अशोक कुमार ने स्वास्थ्य संरक्षण,




पर्यावरण संतुलन तथा लघु बचत को सुरक्षित रखने के लिए शहरी कृषि की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद शहरी कृषि आम नागरिक को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक प्रभावी माध्यम बन सकती है। उद्घाटन सत्र में विशिष्ट अतिथियों में प्रो. एमके पंडित, प्रो. सुमिता कच्छवाहा, प्रो. अरुण कुमार बैरवा, डॉ. मुदित गुप्ता एवं मुकेश गुता शामिल रहे। सभी वक्ताओं ने शहरी कृषि के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार साझा किए।

इस अवसर पर ईसीएच इन्क्यूबेटी को ग्रांटेड पेटेंट के सर्टिफिकेटस एवं इन्नोवेटर्स को एप्रेसिअशन सर्टिफिकेट्स दिए गए। उल्लेखनीय है कि यह तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 22 से 24 दिसंबर तक आयोजित की जा रही है, जिसमें देशभर से विशेषज्ञ शहरी कृषि, किचन गार्डनिंग, पॉलीहाउस, वर्मी कम्पोस्ट, माइक्रोग्रीन तथा व्यावसायिक नर्सरी जैसे विषयों पर अपने अनुभव साझा करेंगे।

## राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग के चेयरमैन बने तारकेश्वर जैन

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** केंद्र सरकार ने डॉ. तारकेश्वर जैन को राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग का चेयरमैन नियुक्त किया है। वे इससे पहले होम्योपैथी शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष रह चुके हैं। डॉ. जैन जयपुर निवासी हैं। उनका कार्यकाल पदभार ग्रहण की तिथि से चार वर्ष या 70 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो, रहेगा।

# सड़क चौड़ाईकरण के लिए मकानों को तोड़ने पर रोक

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने टोंक जिले के दत्तवास गांव में सड़क की चौड़ाई बढ़ाने और सौंदर्यीकरण के लिए मकानों को तोड़ने की प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में प्रमुख सार्वजनिक निर्माण सचिव, मुख्य अभियंता और निवाई खंड के सहायक अभियंता को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस संदीप तनेजा की एकलपीठ ने यह आदेश मोहनलाल गुप्ता व अन्य की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता लक्ष्मीकांत मालपुरा ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार ने टोंक जिले में जस्टिना से मित्रपुर जाने वाली रोड की चौड़ाई बढ़ाने और इस पर सौंदर्यीकरण करने के लिए वहां मौजूद मकानों को तोड़ने की कार्रवाई आरंभ कर दी है। इसके तहत सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से मौके पर रोड की जद में आने वाले मकानों पर लाल निशान लगा दिए गए हैं और जल्दी ही इन निर्माणों पर बुलडोजर चलाने की कार्रवाई की जाने वाली है।

याचिका में कहा गया कि मौके पर पर्याप्त चौड़ी रोड है और उस पर भारी यातायात वाहनों की आवाजाही भी नहीं होती है। ऐसे में स्थानीय आवश्यकताओं को देखते हुए पूर्व में ही इस रोड को पर्याप्त चौड़ी बनाई गई थी, लेकिन अब चहेतों को लाभ पहुंचाने के लिए इस रोड को चौड़ी की जा रही है। याचिका में यह भी कहा गया कि उनके पास स्थानीय ग्राम पंचायत के पंजीकृत पट्टे हैं।

ऐसे में अनावश्यक रोड चौड़ी करने और सौंदर्यीकरण के नाम पर उनके मकानों को नहीं तोड़ा जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने याचिकाकर्ताओं के मकान ध्वस्त करने पर रोक लगाते हुए संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

# सीपीआर कार्यशाला में बेसिक लाइफ सपोर्ट्स का दिया प्रशिक्षण

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** लाइफलाइन सीपीआर क्लब एवं ग्लोबल हेल्थ एंड वेलफेयर सोसायटी की ओर से विवेक विहार स्थित सैंड ड्यून्स सीनियर सेकंडरी स्कूल में सीपीआर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. मुकेश गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सुनील दंड एवं डॉ. ओपी



बालोदिया ने लाइव प्रस्तुति देकर सीपीआर देकर कैसे अपनों की जान बचा सकते हैं की जानकारी दी। कार्यक्रम में छात्र एवं छात्राओं ने भी विशेषज्ञों से सीपीआर और अन्य आपातकालीन सेवाओं के बारे में जानकारी हासिल की जिससे यह कार्यशाला और अधिक रोचक एवं ज्ञानवर्धक हो गई। इस अवसर पर इशिता बिंद्रा, विपिन गुप्ता सहित कई नागरिक मौजूद रहे जिन्हें स्कूल के डायरेक्टर डॉ. राजेश शर्मा ने स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

# अरावली संरक्षण के लिए सरकार कटिबद्ध, विपक्ष की भ्रम फैलाने की राजनीति बेनकाब

राजेंद्र राठौड़, पूर्व नेता प्रतिपक्ष

**अरावली** पर्वतमाला केवल पहाड़ों की एक श्रृंखला मात्र नहीं है, बल्कि यह उत्तर-पश्चिम भारत की



जीवनरेखा, जलवायु संतुलन की रीढ़ और राजस्थान की प्राकृतिक सुरक्षा दीवार है। लगभग 700 किलोमीटर लंबी यह पर्वतमाला राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली और गुजरात के 37 जिलों में लगभग 1.44 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैली हुई है, जिसका लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा राजस्थान में स्थित है। विश्व की सबसे प्राचीन पर्वत श्रृंखलाओं में गिनी जाने वाली अरावली की आयु लगभग 2.5 अरब वर्ष मानी जाती है, जो सदियों से पर्यावरण, भूजल, जैव विविधता और कृषि आधारित जीवन के लिए आधार स्तंभ रही है।

चारों राज्यों के इन 37 जिलों में अरावली पहाड़ियों और पर्वत श्रृंखलाओं का लगभग 5000 स्कवायर किमी (कुल भौगोलिक क्षेत्र का 3.43 फीसदी क्षेत्र) निर्मित है। यह पर्वत श्रृंखला केवल प्राकृतिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी अत्यंत समृद्ध है। राजस्थान के प्रमुख ऐतिहासिक दुर्ग जैसे कुंभलगढ़ किला और नाहरगढ़ किला, माउंट आबू स्थित दिलवाड़ा मंदिर तथा भारत की महत्वपूर्ण सांस्कृतिक विरासत कुतुब मीनार जैसे स्मारक इसी अरावली पर्वतमाला के भू-क्षेत्र में स्थित हैं। अरावली पर्वतमाला थार मरुस्थल से उठने वाली तीव्र हवाओं के विरुद्ध एक प्राकृतिक सुरक्षा दीवार के रूप में कार्य करती है। यह उपजाऊ कृषि भूमि को मरुस्थलीकरण से बचाने, भूजल रिचार्ज में सहायता करने तथा दिल्ली-एनसीआर जैसे घनी आबादी वाले शहरी क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता सुधारने, तापमान संतुलन बनाए रखने और पर्यावरणीय असंतुलन को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

हाल ही अरावली पर्वतमाला देशभर में चर्चा के केंद्र बिंदु में इसलिए है, क्योंकि 20 नवंबर, 2025 को सर्वोच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में यह कहा है कि अरावली से जुड़े जिलों में स्थित कोई भी ऐसी भू-आकृति जो आसपास के भू-भाग से कम से कम 100 मीटर ऊंची हो उसे 'अरावली हिल्स' माना जाएगा। इसके अलावा यदि दो या अधिक पहाड़ियां आपस में 500 मीटर के भीतर स्थित हैं तो उन्हें अलग-अलग नहीं, बल्कि एक संयुक्त अरावली रेंज के रूप में माना जाएगा। इस सीमांकन में न्यूनतम कंटूर रेखाओं के बीच आने वाला पूरा भू-भाग, छोटी उभार वाली संरचनाएं (हिलॉक) और सहायक ढालें भी अरावली का हिस्सा मानी जाएंगी।

सर्वोच्च न्यायालय ने डब्ल्यूपी (सिविल) संख्या 4677/1985 (एम.सी. मेहता बनाम भारत संघ और अन्य) और डब्ल्यूपी (सी) 202/1995 (टी.एन. गोदावर्मन थिरुमुलपाद बनाम भारत संघ) में अरावली पहाड़ियों में अवैध खनन से संबंधित मामलों की सुनवाई करते हुए 9 मई, 2024 को अरावली पहाड़ियों की एक समान परिभाषा तय करने के लिए दिल्ली, राजस्थान, गुजरात व हरियाणा राज्यों के वन विभाग, भारतीय वन सर्वेक्षण, केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति एवं भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की एक समिति गठित की थी, जिसकी रिपोर्ट के आधार पर सर्वोच्च न्यायालय ने 20 नवंबर, 2025 को अरावली की नई परिभाषा को मान्यता दी है।

सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का आधार राजस्थान राज्य की वह औपचारिक परिभाषा रही है, जो वर्ष 2002 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा गठित समिति की रिपोर्ट तथा रिचर्ड मर्फी (1968) के लैंडफॉर्म क्लासिफिकेशन पर आधारित थी। इसी मानदंड के आधार पर लगभग डेढ़ दशक पूर्व सर्वोच्च न्यायालय में दस्तावेज प्रस्तुत किए गए, जिनमें लोकल रिलीफ से 100 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई वाली पहाड़ियों को अरावली माना गया। उस समय मर्फी क्लासिफिकेशन के अनुसार 100 मीटर से ऊंची पहाड़ियों में कुल 1008 खनन पट्टे बताए गए थे।

स्वयं पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की सरकार के कार्यकाल में 19 अगस्त, 2003 को जिलेवार नक्शे तैयार करने के निर्देश जारी हुए थे, जिनमें लोकल रिलीफ से 100 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई वाली भूमि को अरावली पहाड़ी माना गया। वर्षों तक इसी परिभाषा को लागू रखने के बाद आज उसे गलत ठहराना वस्तुतः न्यायिक प्रक्रिया को राजनीतिक रंग देने का प्रयास है। विपक्ष द्वारा यह प्रचलित किया जा रहा है कि 90 प्रतिशत अरावली समाप्त हो जाएगी, जो पूरी तरह भ्रामक है। वास्तविकता यह है कि अरावली क्षेत्र का लगभग 25 प्रतिशत हिस्सा अभ्यारण्य, राष्ट्रीय उद्यान और आरक्षित वनों में आता है, जहां खनन पूरी तरह प्रतिबंधित है, जबकि पूरे अरावली क्षेत्र का केवल लगभग 2.56 प्रतिशत हिस्सा ही सीमित, नियंत्रित और कड़े नियमों के तहत खनन की श्रेणी में आता है। इससे स्पष्ट है कि आज अरावली संरक्षण के नाम पर जो शोर मचाया जा रहा है, वह संरक्षण से अधिक राजनीतिक सुविधा से प्रेरित है।

सर्वे ऑफ इंडिया के विश्लेषण से यह स्पष्ट है कि समिति की अनुशंसित परिभाषा लागू होने पर अरावली क्षेत्र में खनन बढ़ने की नहीं बल्कि और अधिक सख्ती आने की स्थिति बनेगी। आंकड़ों के अनुसार राजसमंद में 98.9 प्रतिशत, उदयपुर में 99.89 प्रतिशत, गुजरात के साबरकांठा में 89.4 प्रतिशत और हरियाणा के महेंद्रगढ़ में 75.07 प्रतिशत पहाड़ी क्षेत्र खनन से प्रतिबंधित रहेगा। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय उद्यानों, इको-सेंसिटिव जोन, आरक्षित एवं संरक्षित वनों तथा वेटलैंड्स में खनन पहले से ही पूर्णतः प्रतिबंधित है।

वर्तमान में अरावली से जुड़े 37 जिलों में कुल भौगोलिक क्षेत्र का केवल 0.19 प्रतिशत (277.89 वर्ग किलोमीटर) हिस्सा ही वैध खनन पट्टों के अंतर्गत है, जिसमें भी लगभग 90 प्रतिशत खनन राजस्थान, 9 प्रतिशत गुजरात और मात्र 1 प्रतिशत हरियाणा तक सीमित है। इसलिए अरावली हिल्स समाप्त होने का दावा कानूनी और भौगोलिक दोनों दृष्टियों से पूरी तरह असत्य है।

सर्वोच्च न्यायालय ने अपने आदेश में यह सुझाव भी दिए हैं कि जब तक इंडियन काउंसिल ऑफ फॉरेस्टरी रिसर्च एंड एजुकेशन द्वारा अरावली क्षेत्र का डिटेल्ड साइंटिफिक मैपिंग और सस्टेनेबल माइनिंग मैनेजमेंट प्लान तैयार नहीं हो जाता, तब तक कोई नया खनन पट्टा जारी नहीं किया जा सकता। यानी नई परिभाषा के तहत अब कोई भी नई खनन लीज सामान्य रूप से प्रदान नहीं की जाएगी। ऐसे में अरावली के नष्ट होने की बात करना सिर्फ भ्रम फैलाने का प्रयास मात्र है।

केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने भी सार्वजनिक मंच पर स्पष्ट कर दिया है कि सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले से अरावली पर्वतमाला पर कोई आंच नहीं आएगी। केंद्र सरकार पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है कि अरावली को कोई नुकसान नहीं पहुंचेगा, अरावली पूर्णतः सुरक्षित और संरक्षित रहेगी। अरावली की ग्रीन वॉल को मजबूत करने के लिए ग्रीन क्रेडिट फंड की स्थापना भी की गई है, जिसके तहत उजड़ चुके किसी भी जंगल को हरा-भरा किया जाएगा। इसकी शुरुआत गुरुग्राम में स्थित अरावली क्षेत्र के 700 एकड़ में की गई है।

सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय को लेकर कांग्रेस द्वारा देशभर में जो भ्रम फैलाया जा रहा है, वह तथ्यहीन और राजनीतिक रूप से प्रेरित है। सर्वोच्च न्यायालय का यह निर्णय अरावली संरक्षण को कमजोर नहीं, बल्कि उसे कानूनी स्पष्टता और प्रभावी संरक्षण प्रदान करता है। आज जब अरावली के संरक्षण का विषय राजनीतिक बहस का रूप ले रहा है, तब यह आवश्यक है कि तथ्य और नीतिगत सच्चाई को तथ्यहीन व भ्रामक आरोपों से अलग कर देखा जाए। केंद्र व राज्य सरकार ने अरावली को केवल एक भू-आकृतिक संरचना नहीं, बल्कि राष्ट्रीय पर्यावरणीय संपदा मानते हुए इसके संरक्षण के लिए ठोस और दीर्घकालिक कदम उठाए हैं। अरावली पर्वतमाला में हो रहे अवैध खनन पर प्रभावी रूप से रोक लगाने तथा इस प्राचीन पर्वत श्रृंखला को पुनः हरा-भरा और पर्यावरणीय रूप से संतुलित बनाने के लिए सरकार और समाज दोनों स्तरों पर और अधिक ठोस, निरंतर एवं समन्वित प्रयास किए जाने की आवश्यकता है।

## जयपुर के सिद्धांत जायसवाल ने घुड़सवारी में जीता रजत पदक



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** आर्मी पोलो एंड राइडिंग क्लब (एपीआरसी) नई दिल्ली में एकवस्टेरियन फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित घुड़सवारी की सीसीएन कोन कोर क्रॉस कंट्री नेशनल टू स्टार प्रतियोगिता में जयपुर के सिद्धांत जायसवाल एवं उसकी टीम ने राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर रजत पदक हासिल किया। सिद्धांत जायसवाल वर्तमान में गुड़गांव स्थित जीजी इक्वेस्ट्रीयेन अकैडमी में कोच कैप्टेन सुनील कुमार, कैप्टेन भगीरथ चौधरी एवं दुष्यंत के मार्गदर्शन में प्रक्षिक्षण ले रहे हैं। सिद्धांत सपना एशियन गेम्स में देश का प्रतिनिधत्व करना है। 20 वर्षीय सिद्धांत जायसवाल पिछले पांच साल से इस खेल को खेल रहे है। उनका कहना है कि अन्य राज्यों की तरह राजस्थान में इस खेल के लिए सरकार की तरफ से खिलाड़ियों को कोई सुविधा नहीं है। यदि सरकार की ओर से खेल की सुविधा उपलब्ध कारवाई जाए तो खिलाड़ियों द्वारा प्रदेश का अंतराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने एवं पदक हासिल करने की प्रचुर संभावना है। पूर्व में राज्य के खिलाड़ियों ने एशियन गेम्स-2022 एवं एशियन चैंपियनशिप-2025 में राज्य के लिए पदक प्राप्त किए हैं। सिद्धांत का कहना है यह खेल अन्य खेलों की तुलना में महंगा है। इसलिए एशियन खेलों तक पहुंचने के लिए सरकार द्वारा वित्तीय सहयोग बहुत जरूरी है।

## जिला एवं सत्र न्यायाधीश के तबादले के संबंध में पेश अभ्यावेदन का करें निस्तारण

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।**सुप्रीम कोर्ट ने प्रदेश के एक जिला एवं सत्र न्यायाधीश के बार-बार तबादले से जुड़े मामले में हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश को कहा है कि वह प्रशासनिक मामलों के लिए गठित कमेटी की सलाह से प्रकरण में पेश अभ्यावेदन पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करें और दो सप्ताह में उचित निर्णय लें। सीजे सूर्यकांत, जस्टिस ज्योमाला बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की पीठ ने यह आदेश जालौर जिले के जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार गुप्ता की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने याचिका का निस्तारण करते हुए कहा कि पूर्व में उनकी नियुक्तियां राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव और जेडीए में निदेशक पद पर रही है, जिन्हें दंडात्मक प्रकृति की नहीं कहा जा सकता।

याचिका में वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता का दस माह बाद रिटायरमेंट है और वह गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से भी ग्रस्त है। जिसके लिए उसे नियमित चिकित्सा उपचार की जरूरत है। याचिकाकर्ता की पत्नी शिक्षा विभाग में शिक्षक है और जल्दी ही रिटायर होने वाली है। ऐसे में दूरस्थ जिले में तबादला होने से न केवल पारिवारिक संतुलन प्रभावित हो रहा है, बल्कि उनके स्वास्थ्य के उपचार में भी बाधा पैदा हो रही है। याचिका में कहा गया कि इस संबंध में उसने गत 3 दिसंबर को हाईकोर्ट प्रशासन को अभ्यावेदन भी पेश किया था। याचिका में गुहार की गई कि उसे जयपुर या आसपास के स्थान पर ऐसे पद पर नियुक्त किया जाए जो उसकी वरिष्ठता के आधार पर हो।

# पतंगबाजी के विवाद में भिड़े दो गुट, जमकर बरसे लाठी-डंडे

## पथराव में दो घायल, पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी फरार, डर के मारे घरों में दुबके लोग

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** शहर के भट्टाबस्ती थाना क्षेत्र में पतंग उड़ाने को लेकर एक मामूली विवाद इतना बढ़ गया कि दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस घटना में लाठी-डंडों का इस्तेमाल हुआ और फिर पथराव तक की नौबत आ गई। पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी मौके से फरार हो गए, जबकि पथराव में घायल हुए दो लोगों का प्राथमिक उपचार कराया गया। हालांकि मकर संक्रांति जैसे बड़े त्योहार से अलग यह एक स्थानीय विवाद था। घटना



भट्टाबस्ती थाना क्षेत्र के जेडीए क्वार्टर में सोमवार शाम करीब 5 बजे हुई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार विवाद की शुरुआत एक टूटी हुई पतंग से हुई। पतंग उड़ाते समय वह टूटकर जेडीए क्वार्टर की छत की ओर चली गई। पतंग को पकड़ने या वापस लेने के लिए कुछ लड़के वहां पहुंचे। इसी दौरान जेडीए क्वार्टर में रहने वाले लोगों से उनकी बहस हो गई। बहस धीरे-धीरे बढ़ती गई और देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए।

गुस्साए गुटों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला करना शुरू कर दिया। मामला यहीं नहीं रुका, झगड़ा उग्र होने पर दोनों तरफ से पथराव शुरू हो गया। इस दौरान इलाके में अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग डर के मारे अपने घरों में दुबक गए। झगड़े की सूचना मिलते ही भट्टाबस्ती थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। हालांकि, पुलिस के आने से पहले ही दोनों गुटों के झगड़ा करने वाले मुख्य लोग मौके से भाग निकले।

### दोनों पक्षों की शिकायतें दर्ज, फिलहाल कोई गिरफ्तारी नहीं

पुलिस ने इलाके में स्थिति को नियंत्रित किया और छानबीन शुरू की। पथराव के दौरान जेडीए क्वार्टर में रहने वाले दो लोग मामूली रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी चोटों का इलाज किया गया। अच्छी बात यह रही कि किसी की हालत गंभीर नहीं थी और दोनों को जल्द ही छुट्टी दे दी गई। भट्टाबस्ती थाने के एसएचओ दीपक त्यागी ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मामला पतंगबाजी से जुड़े छोटे विवाद से शुरू हुआ था, जो जल्द ही हिंसक रूप ले लिया। पुलिस ने दोनों पक्षों की तरफ से शिकायतें दर्ज की हैं और आरोपी लोगों की तलाश जारी है। फिलहाल कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है, लेकिन जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

### घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल

जयपुर में पतंगबाजी राजस्थानी संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, खासकर मकर संक्रांति के दौरान, लेकिन कभी-कभी ऐसे छोटे-मोटे विवाद बड़े हंगामे का रूप ले लेते हैं। यह घटना दर्शाती है कि कैसे एक खेल-खेल में शुरू हुआ मामला हिंसा तक पहुंच जाता है। स्थानीय लोग ऐसे विवादों से परेशान रहते हैं और पुलिस से सख्ती की मांग करते हैं। इस घटना का एक वीडियो भी कैमरे में कैद हुआ है, जिसमें पथराव व मारपीट के दृश्य दिखाई दे रहे हैं। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। हालांकि, पुलिस ने शांति बनाए रखने की अपील की है और कहा है कि इलाके में गश्त बढ़ा दी गई है, ताकि आगे कोई अनहोनी न हो।

# मां-पत्नी और 2 बेटियों के हत्यारे टीचर को उम्रकैद की सजा

### पत्नी पर शक के चलते वारदात को अंजाम देकर किया था सरेंडर

महानगर टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** अपनी मां, पत्नी और 2 बेटियों के हत्यारे टीचर को कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। पति टीचर को पत्नी पर शक के चलते वारदात को अंजाम दिया था। इसके बाद वह थाने पहुंचा था और अपना जुर्म कबूल कर लिया था। केस में चौंकाने वाली बात ये थी कि टीचर सिर्फ अपनी पत्नी को मारना चाहता था, लेकिन पूरे परिवार को इसलिए खत्म कर दिया कि पत्नी नहीं रहेगी तो उनकी देखभाल कौन करेगा? टीचर को अब 9 साल बाद बाड़मेर जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट में पुलिस की ओर से 19 गवाह, 79 दस्तावेज और 18 आर्टिकल पेश किए गए। सरकारी वकील दामोदर कुमार चौधरी ने बताया कि अक्टूबर 2016 में सरकारी टीचर राणाराम ने अपनी 70 साल की मां पार्वती, पत्नी लाली देवी, बेटी देवी और संतोष की हत्या कर दी थी। उसके इस जुर्म के लिए अतिरिक्त सजा



जिला सेशन न्यायधीश अजिताभ आचार्य ने उसे उम्रकैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही 1 लाख का जुर्माना भरने को कहा है। चौधरी ने बताया में अक्टूबर 2016 में पुलिस को राणाराम के चाचा राणासर निवासी श्रीराम ने रिपोर्ट दी थी, इसमें बताया था कि भतीजा राणाराम सरकारी प्राइमरी स्कूल कुम्हारों की बेरी में ग्रेड थर्ड टीचर है।

चाचा ने रिपोर्ट में बताया कि सुबह रिटायर्ड फौजी रामधन उनके घर आया और रो रहा था। वहां से दोनों राणाराम के घर पर गए तो नजारा देख चौंक गए। वहां राणाराम की पत्नी पार्वती, मां लाली और बेटी देवी की लाशें खून से लथपथ चारपाई पर पड़ी थी। सरकारी वकील ने बताया कि इधर, हत्या करने के बाद राणाराम 15 किमी दूर थाने पहुंच गया और कहा कि मैंने परिवार को मार डाला।

# लालच देकर कमीशन पर लेते थे बेरोजगार युवकों के बैंक खाते

## पांच करोड़ के फ्रॉड में दो मास्टरमाइंड सहित खाताधारक पकड़ा

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने 5 करोड़ रुपए से अधिक के साइबर फ्रॉड का खुलासा किया है। आरोपी बेरोजगार व जरूरतमंद लोगों को पैसे का लालच देकर उनके बैंक खाते कमीशन पर लेते थे। मामले में पुलिस ने दो मास्टरमाइंड अनिल श्योराण निवासी कायमसर रामगढ़ शेखावटी और अनुराग सिंह निवासी फतेहपुर शेखावटी को गिरफ्तार किया है। वहीं एक खाताधारक को भी पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि साइबर फ्रॉड से जुड़े मामले में पुलिस को मुखबिर की सूचना पर वर्ल्ड ट्रेड पार्क के पीछे मालवीय नगर स्थित कोर्डन-वे होटल में संदिग्ध रूप से खड़े दो युवक मिले थे। पूछताछ के दौरान संतोषजनक जवाब नहीं देने पर उनके बैग की तलाशी ली गई, इसमें 1 बैंक पासबुक, 6 चेकबुक, 4 एटीएम कार्ड, एक



फर्जी सिम कार्ड व दो मोबाइल फोन बरामद किए गए थे। जांच में सामने आया कि आरोपी बेरोजगार और जरूरतमंद लोगों को पैसे का लालच देकर उनके बैंक खाते कमीशन पर लेते थे। उन खातों का उपयोग ऑनलाइन फ्रॉड, साइबर ठगी व यूएसडीटी क्रिप्टो ट्रांजेक्शन कर अवैध रकम को वाइट मनी में बदलने के लिए करते थे। समन्वय पोर्टल पर जांच के दौरान आरोपियों से जुड़े 19 बैंक खातों पर देश के विभिन्न राज्यों में दर्ज साइबर ठगी की शिकायतें पाई गईं। डीसीपी ईस्ट संजीव नैन ने बताया कि जांच के दौरान चेकबुक व खातों की तस्दीक के लिए पुलिस टीम को मुरादाबाद उत्तर प्रदेश भेजा गया, जहां से पुलिस ने खाता धारक शुभम गुप्ता निवासी मुरादाबाद को भी पकड़ा। इधर, जयपुर पूर्व पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी लालच में आकर बैंक खाते, एटीएम कार्ड या ओटीपी किसी को न दें। साइबर ठगी की आशंका होने पर तुरंत 1930 साइबर हेल्पलाइन या नजदीकी पुलिस थाने से संपर्क करें।

### बैंक से नकद राशि निकलवाकर करते थे बंटवारा

पूछताछ में आरोपी शुभम ने बताया कि अनिल श्योराण व अनुराग सिंह उसे जयपुर बुलाते थे, जहां उसके विभिन्न बैंक खातों में लाखों रुपए क्रेडिट कराए जाते थे। इसके बाद आरोपी उसे अपनी गाड़ी में बैठाकर बैंक ले जाते। वहां चेक के माध्यम से नकद राशि निकलवाते। इसके बाद आपस में रकम का बंटवारा किया जाता था। पुलिस ने आरोपियों से बरामद सभी दस्तावेज, एटीएम कार्ड, सिम कार्ड और मोबाइल फोन जब्त कर लिए। आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर अनुसंधान जारी है। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है।

# निजी स्कूल के हॉस्टल में 12वीं के छात्र ने फंदा लगा दी जान-

### पिता का मैनेजमेंट पर बिना सूचना शव उतारने व सुसाइड नोट बदलने का आरोप

महानगर टाइम्स संवाददाता

**नागौर।** मुंडवा थाना इलाके में निजी स्कूल के हॉस्टल में 12वीं के एक छात्र ने अपने कमरे में सुसाइड कर लिया। परिजनों का आरोप है कि उन्हें बिना बताए स्कूल मैनेजमेंट ने बच्चे को फंदे से उतारा और अस्पताल ले गए। स्टूडेंट के पास एक सुसाइड नोट मिलने का दावा किया गया है। इसके लेकर परिजनों का आरोप है कि बच्चे की लिखावट ऐसी नहीं है। स्कूल मैनेजमेंट ने सुसाइड नोट बदल दिया है। पिता ने कहा कि चित्रगुप्त से मिलूंगा और यमराज आएंगे जैसी बातें मेरा बेटा नहीं करता था। न ही सुसाइड नोट की लिखावट उसकी है। ये किसी मास्टर का किया हुआ है। इसके बाद गुस्साए परिजनों ने अस्पताल में तोड़फोड़ कर दी और मोर्चरी के बाहर बैठ गए। मामले को देखते हुए 3 थानों का जाब्ता लगाया गया। मामला वागीश्वरी विद्या मंदिर विद्यालय के हॉस्टल का है। मुंडवा सीआई सुरेश कुमार ने बताया कि स्कूल के ही हॉस्टल में रहने वाले रविन्द्र पुत्र भंवरलाल निवासी इंदौकली ने फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। वह स्कूल के हॉस्टल में ही रहता था और साइंस का स्टूडेंट था। सीआई ने बताया कि फिलहाल मौके पर परिजन और ग्रामीण इकट्ठा हुए हैं। परिवाद देने को हमने परिजनों को बोला है, वार्ता चल रही है, जैसे ही परिवाद दर्ज होता है आगे की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। वार्ता के दौरान 2 से 3 लोगों ने अस्पताल में शीशे तोड़ दिए, हालांकि तुरंत ही हालात पर काबू पा लिया गया था। मुंडवा, कुचेरा और भावंडा थानों से अतिरिक्त पुलिस बल मंगवाया। परिजनों से पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई कराने को लेकर समझाइश जारी है। पिता भंवरलाल ने बताया कि स्कूल मैनेजमेंट ने हमें घटना की कोई जानकारी नहीं दी।



स्कूल प्रशासन ने बिना पुलिस को सूचना दिए बच्चे को खुद ही फंदे से उतारकर अस्पताल पहुंचा दिया। जो सुसाइड नोट मिला है वो बेटे की भाषा हो ही नहीं सकती। भंवरलाल के तीन बेटे हैं और रविन्द्र मंझला बेटा था। रतनलाल खुद खेती किसानी का काम करके अपने परिवार को पालते हैं।

# बेकाबू होकर सड़क से नीचे गिरी कार में धमाके के साथ लगी आग

### हादसे में दो लोग गंभीर घायल, ग्रामीणों ने किया रेस्क्यू



महानगर टाइम्स संवाददाता

**करौली।** मंडरायल क्षेत्र में सोमवार को एक सड़क हादसा हो गया, यहां एक कार बेकाबू होकर सड़क से नीचे गिर गई। हादसे के तुरंत बाद धमाके के साथ कार में आग लग गई। इस दुर्घटना में कार सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें पुलिस और ग्रामीणों की मदद से निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। यह हादसा मंडरायल के औण्ड मार्ग पर मारकाकुआ के पास हुआ। तेज गति से चल रही कार अचानक बेकाबू होकर सड़क से नीचे जा गिरी। सड़क से नीचे गिरते ही कार में आग लग गई, जिसने जल्द ही बड़ा रूप ले लिया। कार में सवार लोगों ने बाहर निकलने का प्रयास किया, लेकिन आग के कारण उन्हें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। हादसे की सूचना मिलते ही मंडरायल थाना अधिकारी रामचंद्र रावत पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों की मदद से कार में फंसे घायलों को सुरक्षित बाहर निकाला। दुर्घटना में मासलपुर निवासी शिवसिंह मीणा और जाघरपुरा निवासी चिंटू मीणा घायल हो गए। दोनों घायलों को तुरंत मंडरायल सामुदायिक अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई और यातायात को सामान्य किया। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तेज गति और वाहन का संतुलन बिगड़ना बताया जा रहा है। पुलिस इस मामले की आगे की जांच कर रही है।

# कांग्रेस नेता ने किया मोर का शिकार, मांस पकाते 3 पकड़े

महानगर टाइम्स संवाददाता

**उदयपुर।** ऋषभदेव के बीलख गांव में राष्ट्रीय पक्षी मोर का शिकार करने का मामला सामने आया है। कांग्रेस नेता मोर का शिकार कर अपने हिस्ट्रीशीटर दोस्त के साथ मिलकर खेत पर नॉनवेज पार्टी कर रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मोर का शिकार कर मांस पकाते तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। वन विभाग की टीम ने जांच के बाद मोर का शिकार होने की पुष्टि की। ऋषभदेव थानाधिकारी हेमंत अहारी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली



कि बीलख गांव में मोर का शिकार कर पार्टी की जा रही है। पुलिस टीम पहुंची तो कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष रूपलाल के खेत पर मोर के शिकार को पकाकर खाने की तैयारी हो रही थी। रूपलाल के खेत में एक कमरा बना है। इसी कमरे में तीनों लोग नॉनवेज पार्टी कर रहे थे। रूपलाल के साथ हिस्ट्रीशीटर अर्जुन मीणा और उसका दोस्त राकेश मीणा भी था। पुलिस ने मौके से ही रूपलाल, अर्जुन व राकेश को गिरफ्तार कर लिया। अर्जुन के खिलाफ 50 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। 16 से अधिक मामले राजस्थान में दर्ज हैं। थानाधिकारी हेमंत अहारी ने बताया कि मौके पर मोर का पंख और अधजला सिर मिला है। वन विभाग की टीम को मौके पर बुलाया गया। वन विभाग के कर्मचारियों ने पंख देखकर मोर का शिकार होने की पुष्टि की। मौके से सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा। पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों ने नॉनवेज पार्टी के इरादे से खेत पर मोर का शिकार किया था। उसके मांस को पकाकर वहीं खाने की तैयारी कर रहे थे।

# सांवलिया सेठ मंदिर में गार्ड ने फिर भक्त को पीटा

## वीडियो बनाने पर भड़का, पहले भी श्रद्धालुओं पर बरसा चुके लाठियां

महानगर टाइम्स संवाददाता

**चित्तौड़गढ़।** सांवलिया सेठ मंदिर में एक बार फिर श्रद्धालु से मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि श्रद्धालु को निजी सिक्योरिटी कंपनी के गार्ड ने इतनी बुरी तरीके से पीटा कि उसकी नाक से खून बहने लगा।

बताया जा रहा है कि रविवार रात को मध्य प्रदेश के नीमच निवासी प्रियांशु मालवीय मंदिर कॉरिडोर में फोटो-वीडियो ले रहा था। इसी दौरान उसकी सिक्योरिटी गार्ड से बहस हो गई और बात मारपीट तक पहुंच गई। ये पहली बार नहीं है, जब टाइगर फोर्स कंपनी के सिक्योरिटी गार्ड ने श्रद्धालु के साथ मारपीट की है। इससे पहले जून माह में भी इस कंपनी के गार्डों ने श्रद्धालुओं पर लाठियां बरसाई थी। मामले में प्रियांशु मालवीय ने बताया कि वह कॉरिडोर में लगी जाली से हाथ बाहर निकालकर मंदिर परिसर की फोटो लेने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान टाइगर फोर्स सिक्योरिटी कंपनी का एक गार्ड अचानक भड़क गया और गाली-गलौज करने लगा। इस पर गार्ड से शांति से बात करने के लिए कहा तो उसने धमकाना शुरू कर दिया। वहां मौजूद



श्रद्धालुओं का कहना है कि फोटो लेना कोई अपराध नहीं था, फिर भी गार्ड ने बिना किसी कारण ऐसा व्यवहार किया। बात उस समय बिगड़ गई जब प्रियांशु पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाने लगा। इस पर सिक्योरिटी गार्ड ने अपने दूसरे साथियों को भी बुला लिया। आरोप है कि सिक्योरिटी गार्ड प्रियांशु को सीसीटीवी कैमरों से दूर ले गया और वहां उसकी बेरहमी से पिटाई की। उसे इतनी बुरी तरह से पीटा कि नाक और पैर से खून बहने लगा। वह मना करता रहा, लेकिन इसके बाद भी पिटाई की। प्रियांशु ने आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान जब नाक से खून फर्श पर फैल गया तो सुरक्षा गार्डों ने रूमाल से खून साफ करवाया। मोबाइल में मौजूद फोटो व वीडियो जबरन डिलीट कराए गए।

### पुलिस पर शिकायत लेने से मना करने का आरोप

पीड़ित ने आरोप लगाया कि इस दौरान मंदिर ऑफिस के बाहर काफी देर तक हंगामा होता रहा, लेकिन किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभालने की कोशिश नहीं की। बाद में मंदिर ऑफिस में बैठाकर समझौते का दबाव भी बनाया गया। घटना की सूचना मिलने पर मंडफिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामला शांत कराया। श्रद्धालु ने आरोप लगाया कि पुलिस को लिखित शिकायत दी, लेकिन पुलिस ने शिकायत लेने से मना कर दिया। मंडफिया थानाधिकारी गोकुल डांगी ने बताया कि पुलिस जब जांच के लिए पहुंची तो सिक्योरिटी गार्ड नहीं था। उसका नाम भी सामने नहीं आया है। मंदिर मंडल ने दोनों पक्षों के बीच समझौता करवा दिया। दोनों पक्षों की ही गलती थी।



# दो ट्रकों में भिड़ंत के बाद लगी आग, जिंदा जला ड्राइवर

### हादसे के बाद भारतमाला एक्सप्रेस-वे पर 5 किमी तक लगा लंबा जाम

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** भारतमाला एक्सप्रेस-वे पर रतन नगर व चंडालिया के बीच मूंगफली से भरे एक ट्रक को ट्रेलर ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रेलर बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गया और कुछ ही मिनटों में दोनों वाहनों में आग लग गई। ट्रक में मूंगफली भरी होने के कारण आग तेजी से फैली। हादसे में ट्रक ड्राइवर जिंदा जल गया। ट्रक के नंबर प्लेट, ड्राइवर का लाइसेंस जलने से उसकी पहचान भी नहीं हो सकी है। एक्सीडेंट के बाद करीब दो घंटे तक 5 किलोमीटर लंबा जाम लगा रहा। हादसे के करीब एक घंटे बाद ओसियां से एकमात्र फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची, लेकिन उसमें भी आधा ही पानी था, जिसके कारण आग पर काबू नहीं पाया जा सका। बाद में स्थानीय ग्रामीणों ने अपने ट्यूबवेल से ट्रैक्टरों के जरिए पानी लाकर आग बुझाने की कोशिश की। एनएसएआई की ओर से इस हाईवे पर फायर फाइटिंग जैसी कोई व्यवस्था नहीं है। स्थानीय लोगों ने बताया कि दोनों वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गए, लेकिन प्रशासनिक मशीनरी मौके पर देर से पहुंची। घटना के बाद ओसियां थाना पुलिस मौके पर पहुंची, जिसके कारण दोनों ओर करीब 5-5 किलोमीटर तक लंबा जाम लग गया।

# कॉम्पिटिशन की तैयारी कर रही छात्रा ने हॉस्टल में लगाया फंदा

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** बजाज नगर थाना इलाके में कोचिंग की एक छात्रा ने सुसाइड कर लिया। वह एक महीने पहले ही अपनी बहन के साथ पीजी हॉस्टल में रहने आई थी, जहां रूम में वह फंदे से लटकी मिली। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मृतका के पास किसी प्रकार का सुसाइड नोट मिलने की बात से मना किया है। पुलिस ने बताया कि करौली के टोडाभीम की रहने वाली निशा मीणा ने सुसाइड किया है। उसके पिता हरियाणा में स्टेशन मास्टर की पोस्ट पर हैं। वह पहले जगतपुरा में रहने वाले अपने चाचा के पास रहकर पढ़ाई कर रही थी। करीब एक महीने पहले ही अपनी बहन के साथ गोपालपुरा स्थित बंसत विहार कॉलोनी में स्थित पीजी हॉस्टल में आई थी। पीजी में रूम लेकर दोनों बहने कॉम्पिटिशन एग्जाम की तैयारी कर रही थी। उसकी बहन किसी काम से पीजी से बाहर गई थी। पीछे से निशा ने हॉस्टल रूम में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। बहन के वापस लौटने पर गेट अंदर से लॉक मिला। काफी आवाज देने व गेट खटखटाने पर भी निशा ने गेट नहीं खोला। हॉस्टल संचालक की सूचना पर बजाज नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने गेट तोड़कर अंदर जाकर देखा तो निशा फंदे से लटकी मिली। पुलिस ने मौका-मुआयना कर फंदे से शव को नीचे उतारा। पुलिस सुसाइड के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

# सवारी के बहाने कोचिंग टीचर का किडनैप कर लूटे 70 हजार

## पिस्तौल तानकर दी जान से मारने की धमकी, वारदात के बाद सुनसान जगह पटक कर भागे बदमाश

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** जवाहर सर्किल थाना इलाके में एक कोचिंग टीचर का किडनैप कर 70 हजार रुपए लूट लिए। बदमाशों ने कार लॉक कर कोचिंग टीचर पर पिस्तौल तान कर उससे मारपीट की, साथ ही धमकी दी कि चिल्लाया तो जान से मार देंगे। वारदात के बाद बदमाश पीड़ित को हाईवे पर पटक कर फरार हो गए।

पीड़ित ने बताया कि बदमाशों की कार की नंबर प्लेट भी हटी हुई थी। पुलिस ने एफआईआर दर्ज



कर फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। एसआई श्याम प्रकाश ने बताया कि टोंक के काली पलटन निवासी अहसान ने मामला दर्ज कराया है। वह टोंक फाटक स्थित लक्ष्मी मंदिर सिनेमा के पीछे स्थित एक इंस्टीट्यूट में टीचर है। वह ऑफिस से निकलकर दुर्गापुरा बस स्टैंड पर बस का इंतजार कर रहा था। तभी कार लेकर आए एक युवक ने कोटा जाने के लिए सवारी पूछी। तब उसने टोंक जाने के लिए कहा तो ड्राइवर ने उसे बैठा लिया। दुर्गापुरा बस स्टैंड से ही दो अन्य लोग भी कार में बैठ गए। दोनों लोग कार ड्राइवर से मिले हुए थे। पीड़ित अहसान ने बताया कि बदमाश ने रिंग रोड पहुंचकर सुनसान जगह पर कार मोड़ ली। पूछने पर एक ओर सवारी बैठाने के लिए कहा। आगे चलते ही कार में कंडक्टर साइड बैठे युवक ने वॉशरूम जाने की कहकर गाड़ी रुकवाई। पीड़ित अहसान ने कहा कि कार रोकने पर उतरकर वह पीछे आकर बैठ गया और उसने पिस्तौल निकालकर मेरे सिर पर तान दी। इसके बाद कार को अंदर से लॉक कर पीठ पर कोहनी से वार कर पीटने लगा। मारपीट कर उसका मोबाइल व पर्स छीन लिया। साथ ही धमकी दी कि हमने तुझे किडनैप कर लिया है। चिल्लाया या भागने की कोशिश की तो जान से मार देंगे।

### एटीएम और ऑनलाइन ट्रांसफर के जरिए निकाली रकम

पीड़ित अहसान ने बताया कि आरोपियों ने धमकी देते हुए उससे एटीएम के पिन नंबर पूछे और चोखी ढाणी रेस्टोरेंट के पास एटीएम कार्ड के जरिए 34 हजार रुपए निकाल लिए। एटीएम लिमिट पूरी होने पर 35 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर लिए। बदमाशों ने मारपीट कर धमकी दी कि पुलिस को शिकायत की तो तूझे जान से मार देंगे। वारदात के बाद बदमाश उसे शिवदासपुरा हाईवे पर सुनसान जगह पटककर फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत के बाद पुलिस दुर्गापुरा बस स्टैंड के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ कार सवार लुटेरों की तलाश कर रही है।

## राज्य सरकार की दूसरी वर्षगांठ पर विशेष : प्रदेश में 15 हजार से अधिक जल संरक्षण संरचनाओं का हुआ निर्माण

# 'कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान' बना जल संरक्षण का जन आंदोलन

■ अगले 4 वर्षों में 45 हजार से अधिक के निर्माण का लक्ष्य

महानगर टाइम्स संवाददाता




**जयपुर।** प्रदेश में वर्तमान सरकार के दो वर्षों के कार्यकाल में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में जल संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जन-जागरूकता के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'कैच द रैन' अभियान से प्रेरित 'कर्मभूमि से मातृभूमि' अभियान ने प्रदेश में जल संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप प्रदान किया है। राजस्थान में इस महत्वाकांक्षी अभियान की शुरुआत इस वर्ष 15 जनवरी को जयपुर के सांगानेर क्षेत्र से हुई। यहां से केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने प्रवासी राजस्थानियों और प्रदेशवासियों से जल संरक्षण कार्यों में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया था। अभियान में जन आंदोलन का ही सफल परिणाम है कि प्रवासी राजस्थानियों के सहयोग से 15 हजार से अधिक भू-जल रिचार्ज एवं जल संरक्षण से संबंधित कार्य किए जा चुके हैं। इनमें रिचार्ज शाफ्ट, रिचार्ज पिट, अकार्यशील नलकूपों एवं हैंडपंपों का पुनः उपयोग, कुओं द्वारा भूजल पुनर्भरण, रूफटॉप रेन वॉटर हार्वेस्टिंग जैसी संरचनाएं प्रमुख हैं। वर्षा जल संचयन के माध्यम से प्रदेश के भू-जल स्तर में हो रही गिरावट को प्रभावी रूप से रोका जा रहा है।

### 3.64 लाख से अधिक कार्य पूर्ण

'कर्मभूमि से मातृभूमि' के साथ-साथ 'जल संचय जनभागीदारी- (कैच द रैन) 1.0' के अंतर्गत राज्य में 3 लाख 64 हजार 968 जल संरक्षण कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं। यह आमजन के सहभागिता, प्रशासनिक समन्वय और जनप्रतिनिधियों के निरंतर प्रयासों का उत्कृष्ट उदाहरण है। राज्य सरकार द्वारा प्रवासी राजस्थानियों और आमजन से निरंतर संपर्क कर उन्हें मातृभूमि से जोड़ने के प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं।

### 45 हजार जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण का लक्ष्य

राज्य सरकार द्वारा अभियान में व्यापक जन भागीदारी के सफल परिणामों को देखते हुए प्रदेश के सभी 41 जिलों की 11 हजार 195 ग्राम पंचायतों में 45 हजार जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। अब तक ग्राम विकास अधिकारियों द्वारा ई पंचायत मोबाइल एप के माध्यम से 43 हजार 100 रिचार्ज स्थलों का चयन किया गया है। जल संरक्षण के यह कार्य अगले 4 वर्षों में भामाशाहों, प्रवासी राजस्थानियों, क्राउड फंडिंग तथा सीएसआर फंड के माध्यम से किए जाएंगे।

### राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान

प्रदेश में जल संरक्षण क्षेत्र में हुए उल्लेखनीय प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। उत्कृष्ट जल संरक्षण कार्यों के लिए 18 नवंबर, 2025 को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू द्वारा राजस्थान को राष्ट्रीय स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही भीलवाड़ा एवं बाड़मेर को जल संरक्षण एवं जल संचयन में नवाचार, भू-जल पुनर्भरण के प्रभावी प्रयासों तथा जन सहभागिता आधारित मॉडल के लिए राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार दिए गए हैं।

### 'वंदे गंगा' अभियान से मिली गति

राज्य सरकार द्वारा 5 जून, 2025 से प्रदेशव्यापी 'वंदे गंगा' जल संरक्षण जन अभियान चलाया गया। इसमें जलाशयों की मरम्मत एवं सफाई, जल प्रवाह क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाने, बांध क्षेत्रों में श्रमदान, व्यापक पौधरोपण, जल संग्रहण एवं जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण कार्य बड़ी संख्या में कराए गए हैं।

## महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि का 19वां दीक्षांत समारोह

# कृषि से ही प्रशस्त है देश की समृद्धि का मार्ग : बागडे

महानगर टाइम्स संवाददाता




**जयपुर।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने कहा कि दीक्षांत समारोह विद्यार्थी के जीवन का नव आरंभ होता है। आज विश्वविद्यालय की उपाधियों और स्वर्ण पदक उपलब्धियों में अधिकतर बालिकाएं हैं, जो अत्यंत सराहनीय है। छात्राओं को अवसर मिले तो वे स्वयं को बेहतर साबित करती हैं। कृषि शिक्षा में बेटियों की बढ़ती रुचि प्रसन्नता का विषय है। देश की समृद्धि का मार्ग कृषि से ही प्रशस्त है।

राज्यपाल बागडे सोमवार को उदयपुर में आरएनटी मेडिकल कॉलेज सभागार में आयोजित महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के 19वें दीक्षांत समारोह में बतौर अध्यक्षीय उद्बोधन के दौरान संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कृषि भारतीय जीवन का आरंभ और आधार है, देश की दो-तिहाई से अधिक आबादी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि पर निर्भर है। अनाज के बिना जीवन संभव नहीं है, लेकिन आज अनाज में रसायनों की बढ़ोतरी चिंताजनक है, जिससे अनेक बीमारियां उत्पन्न हो रही हैं। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि बिना रसायन का अन्न कैसे उपलब्ध हो। बागडे ने कहा कि राज्य में ऐसे कई किसान हैं, जो बिना किसी फर्टिलाइजर के खेती कर रहे हैं। अनाज और खाद्यान्न की मांग बढ़ रही है, जबकि कृषि योग्य भूमि सीमित होती जा रही है। 80 के दशक तक देश को अनाज आयात करना पड़ता था, जबकि आज हमारे अनाज भंडार भरे पड़े हैं। यह कृषि क्षेत्र में देश की ऐतिहासिक उपलब्धि है।

### 'फर्टिलाइजर के अंधाधुंध उपयोग से घट रहा है उत्पादन'

समारोह में कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि युवाओं का केवल नौकरी के पीछे भागने से काम नहीं बनेगा। भारत कृषि संकल्प यात्रा के माध्यम से पहली बार कृषि वैज्ञानिक लैब से निकलकर खेत तक पहुंचे हैं और किसानों को फील्ड में जाकर बताया जा रहा है कि कौन सा फर्टिलाइजर और कितनी मात्रा में उपयोग करना है। कृषि के स्वास्थ्य को उत्तम बनाने के लिए बेशुमार रसायनों और फर्टिलाइजर के उपयोग को नियंत्रित करना होगा तथा बायो फर्टिलाइजर को बढ़ावा देना होगा। अधिक उपज के लालच में अंधाधुंध फर्टिलाइजर उपयोग से धीरे-धीरे उत्पादन घट रहा है।

## मकर संक्राति पर पतंगबाजी को लेकर जिलों को एडवाइजरी जारी

# 'पशु-पक्षियों की सुरक्षा में जनसहयोग जरूरी'

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** चाइनीज मांझे (नायलॉन/सिंथेटिक पतंग डोर) के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध के बावजूद इसके अवैध उपयोग से पशु-पक्षियों के जख्मी होने एवं मृत्यु की घटनाओं को चिंताजनक मानते हुए प्रदेश के जिलों के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। पशुपालन, गोपालन एवं मत्स्य विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने बताया कि मकर संक्रांति पर पतंगबाजी में नायलॉन/सिंथेटिक सामग्री से निर्मित 'चायनीज मांझे' और कांच/लोहे के चूर्ण से लेपित धागों के प्रयोग से आमजन और मूक पक्षियों के जीवन पर गंभीर खतरा उत्पन्न होता है।

एडवाइजरी में डॉ. शर्मा ने कहा है कि एनजीटी और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रतिबंधात्मक आदेशों की पालना में इस वर्ष एक प्रभावी रणनीति के तहत सख्त प्रवर्तन, दंडात्मक कार्यवाही, जनजागरूकता और पक्षी चिकित्सा एवं बचाव की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सख्त प्रवर्तन के तहत पुलिस एवं स्थानीय प्रशासन के माध्यम से सघन तलाशी अभियान चलाकर प्रतिबंधित मांझे के स्टॉक को जब्त कर इसके निर्माण, भंडारण और विक्रय पर रोक की प्रभावी अनुपालना सुनिश्चित की जाए। साथ ही उल्लंघनकर्ताओं के विरुद्ध पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 और भारतीय न्याय संहिता 2023 की सुसंगत धाराओं के तहत दंडात्मक कार्यवाही की जाए। उन्होंने बार-बार उल्लंघन करने वाले विक्रेताओं के लाइसेंस निरस्त करने को भी कहा।



### 'छोटी सी सावधानी बचा सकती है कई जानें'

शासन सचिव ने नागरिकों से आग्रह किया कि यदि कहीं चाइनीज मांझे का अवैध उपयोग या बिक्री दिखाई दे तो तुरंत संबंधित प्रशासन को सूचित करें। साथ ही खुले में पड़े मांझे के टुकड़ों को सुरक्षित तरीके से एकत्र कर नष्ट करें और पशु-पक्षियों को इससे बचाने के लिए विशेष सतर्कता बरतें। डॉ. शर्मा ने पशुपालन विभाग के सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों को भी निर्देश दिए कि घायल पशु-पक्षियों के उपचार के लिए तत्पर रहें और ऐसे मामलों में त्वरित चिकित्सा सुविधा की उपलब्धता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि एक छोटी-सी सावधानी, कई जानें बचा सकती है।

### 'प्रतिबंधित मांझा उपयोग नहीं करने की दिलाएं शपथ'

डॉ. शर्मा ने कहा है कि जन जागरूकता अभियान चलाकर स्कूलों, कॉलेजों में विद्यार्थियों को प्रतिबंधित मांझा उपयोग नहीं करने की शपथ दिलाने तथा सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से आमजन को केवल सूती धागे के उपयोग के लिए प्रेरित किया जाए और व्यापार संघों के साथ बैठक कर उन्हें इसके विक्रय के बहिष्कार के लिए प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में घायल पक्षियों के त्वरित उपचार के लिए पशुपालन विभाग एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के समन्वय से विशेष पक्षी चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाएं। हेल्पलाइन नंबर जारी कर उसका व्यापक प्रचार-प्रसार भी सुनिश्चित किया जाए।

## आरसीए अंडर-14 प्री क्वार्टर फाइनल

# आदित्य शर्मा का धमाकेदार शतक, कई जिलों ने दर्ज की जीत

### जयपुर, हनुमानगढ़, नागौर, अलवर, धौलपुर और जोधपुर क्वार्टर फाइनल में पहुंचे





महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मध्य क्षेत्र अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान टीम के संभावित खिलाड़ियों के चयन के लिए आरसीए के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में सोमवार को प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए। इन मुकाबलों में युवा खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा।

जयपुर ने जालोर को 9 विकेट से हराया। जालोर ने 144/6 रन बनाए, जवाब में जयपुर ने अंश यादव (66) और आदित्य यादव (64) की पारियों से लक्ष्य आसानी से हासिल किया।

हनुमानगढ़ ने बीकानेर को 35 रन पर समेटकर एकतरफा जीत दर्ज की, अभिमन्यु ने 4 विकेट झटके।

नागौर ने भरतपुर को हराया, जहां शौर्य शर्मा ने गेंद से 6 विकेट और बल्ले से 37 रन बनाकर ऑलराउंड प्रदर्शन किया।

अलवर ने विशाल स्कोर 316/8 बनाते हुए झालावाड़ को 126 रन पर आउट किया। मो. अल्फेज, दीपांशु और पुनीत ने अर्धशतक जमाए।

धौलपुर की जीत के नायक आदित्य शर्मा रहे, जिन्होंने 121 रन की शतकीय पारी खेली और टीम को श्रीगंगानगर पर जीत दिलाई।

वहीं, जोधपुर ने कोटा को 5 विकेट से हराया, तनवीर चौहान, तनवीर गौरी और युवराज की पारियां निर्णायक रहीं।

## सीएम ने लोकसभा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री के साथ मां समलेश्वरी देवी के किए दर्शन





**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के साथ सोमवार को ओडिशा में मां समलेश्वरी देवी मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने देवी मां से प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं आमजन की खुशहाली की प्रार्थना की।

## नागौर के मेड़ता सिटी में आयोजित होगा राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन

# मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री देंगे प्रदेश को विभिन्न सौगातें

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता एवं केंद्रीय ग्रामीण विकास, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में 23 दिसंबर को मेड़ता सिटी (नागौर) के डांगावास में राज्यस्तरीय किसान सम्मेलन का आयोजन होगा। इसमें

### प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में 2 हजार करोड़ रुपए से अधिक की मिलेगी स्वीकृति

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में 2 हजार करोड़ रुपए से अधिक की स्वीकृति एवं राज्य परियोजनाओं में किसानों को 1 हजार 200 करोड़ रुपए के हस्तांतरण की सौगात मिलेगी। सम्मेलन में मुख्यमंत्री

### राज्य परियोजनाओं में कृषकों को 1 हजार 200 करोड़ रुपए का होगा हस्तांतरण

एवं केंद्रीय मंत्री की उपस्थिति में कृषि एवं उद्यानिकी योजनाओं के तहत 31 हजार 600 कृषकों को 200 करोड़ रुपए, कृषि आदान-अनुदान के तहत 5 लाख कृषकों को 700 करोड़ रुपए, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 18 हजार 500 लाभार्थियों को 100 करोड़ रुपए एवं मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादन संबल योजना के तहत 4.50 लाख पशुपालकों को 200 करोड़ रुपए की राशि का हस्तांतरण किया जाएगा। साथ ही नागौर जिले में 351 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास होगा।

# सैनी समाज कर्मचारी अधिकारी प्रगतिशील संस्था राजस्थान का गठन

### संजय कुमार सैनी प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** सैनी समाज में शैक्षणिक, रोजगार, सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए सोमवार को समाज के प्रमुख सदस्यों ने सैनी समाज कर्मचारी अधिकारी प्रगतिशील संस्था राजस्थान का गठन किया। इस दौरान में समाज के सैकड़ों लोग मौजूद रहे। संस्था के गठन के बाद कार्यकारिणी का गठन किया गया।

संजय कुमार सैनी को प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं यादराम सैनी को प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया। इनके अलावा जयपुर जिला अध्यक्ष पद पर डॉक्टर पूनम सैनी को सर्वसम्मति से मनोनीति किया गया। पूर्व अध्यक्ष एवं संस्थापक बुद्धसिंह सैनी ने संगठन की नई कार्यकारिणी को बधाई देते हुए समाज सेवा का संकल्प दिलाया।

## डॉक्टर्स एनुअल नेशनल चैंपियनशिप, पिंक सिटी सीजन 3 का समापन

# महिला वर्ग में डॉ. नयनिका रेड्डी ने जीता चैम्पियन का खिताब

महानगर टाइम्स संवाददाता




**जयपुर।** जय क्लब में आयोजित आईएमटीएस पिंक सिटी सीजन 3- वार्षिक राष्ट्रीय चैम्पियनशिप का समापन रोमांचक फाइनल मुकाबलों के साथ सम्पन्न हुआ।

प्रतियोगिता के पैट्रेन डॉ. संदीप निझावन ने बताया कि पुरुष सिंगल्स अंडर-40 वर्ग में कृष्णा साई ने वसंत को 8-3 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया, जबकि पुरुष सिंगल्स 40-50 वर्ष वर्ग में निकुंज गुप्ता ने जयंत कुमार को 8-7 से हराया। पुरुष सिंगल्स 50-60 वर्ष वर्ग का खिताब भारत दुबे ने विग्नेश कैलाशम को 8-5 से हराकर जीता।

ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ. जयन्त सेन ने बताया कि पुरुष डबल्स अंडर-40 वर्ग में महाक्षित और रवि सभरवाल की जोड़ी ने कृष्णा साई एवं युगंधर पाटिल को 8-7 से हराकर जीत दर्ज की। वहीं पुरुष डबल्स 40-50 वर्ष वर्ग में गौरांग कदम और निरव त्रिवेदी ने केतन जठार एवं राहुल कोठारी को 8-4 से पराजित किया।

पुरुष सिंगल्स 60+ वर्ग में कार्तिक कैलाश ने उदय वोरा को 8-7 से हराया, जबकि पुरुष डबल्स 50-60 वर्ष वर्ग में कपिल जिंदल और जयंत सेन ने कार्तिक कैलाश एवं विग्नेश कैलाशम को 8-6 से मात दी। पुरुष डबल्स 60+ वर्ग में तेजस पारेख और उदय वोरा ने जी.डी. रामचंदानी एवं मनोज चंदीरामानी के खिलाफ 8-0 की प्रभावशाली जीत दर्ज की।

महिला वर्ग में नयनिका रेड्डी ने सिंगल्स फाइनल में ज्योति मिश्रा को 8-1 से पराजित किया। वहीं महिला डबल्स में ज्योति मिश्रा और नयनिका रेड्डी की जोड़ी ने वैजयन्ती माराठे एवं रूपा एच शाह को 8-2 से हराकर खिताब अपने नाम किया। मिक्स्ड डबल्स फाइनल में भी कृष्णा साई और नयनिका रेड्डी की जोड़ी ने वैजयन्ती माराठे एवं केतन जठार को 8-2 से हराया।

**आम सूचना जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
रामकिशोर व्यास भवन, इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004
क्रमांक: F-JDA/Zone 14/2025/D-154
आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 271883 दिनांक 16/12/2025 को निम्नांकित भूखण्ड का Issue Free Hold E-Patta in lieu of already issued Patta (Lease Deed) | Original Lease Deed (Patta) जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है।

| क्र.सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी/लीज धारक का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड क्षेत्रफल | गृ.नि.स.स./निजी खातेदारी जविप्रा योजना | योजना का नाम | सेवा, जिसके लिये आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | UDAY PRAKASH REALTY PRIVATE LIMITED THROUGH DIR. Omprakash Sharma S/o Kalyan Sahay Sharma | श्रीमती ललिता पत्नी श्री अमरसिंह | 34 | 200.00 SQ METER | JDA | DEV VIHAR Sector/ Block-G | Issue Free Hold E-Patta in lieu of already issued Patta (Lease Deed) Original Lease Deed (Patta) | स्वघोषणा पत्र, अभ्यर्थ, शपथ पत्र, जारी लीजडीड, पंजीकृत विक्रय पत्र, मौके की फोटो, पहचान संबंधी दस्तावेज आदि |

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Issue Free Hold E-Patta in lieu of already Patta (Lease Deed) Original Lease Deed (Patta) जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
क्रमांक: F-JDA/Zone 11/2025/D-165 **आम सूचना**
आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 271639 दिनांक 15/12/2025 को निम्नांकित भूखण्ड का Name Transfer जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है

| क्र.सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी/लीजधारक का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड क्षेत्रफल | गृ.नि.स.सं./निजी खातेदारी/जविप्रा योजना | योजना का नाम | सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Mithlesh Goyal S/o A.K. Goyal | श्री कमल किशोर शर्मा पत्र श्री मोती लाल शैर्मा | 131 | 120 SQ. meter | JDA | Bal-Mukund pura Sector/ Block-A | Name Transfer | विक्रय पत्र की प्रतियाँ एवं मु. आम की प्रति प्रस्तुत करने के आधार पर |

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Name Transfer जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

**आम सूचना जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
रामकिशोर व्यास भवन, इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004
क्रमांक: F-JDA/Zone 14/2025/D-142
आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 271204 दिनांक 11/12/2025 को निम्नांकित भूखण्ड का Name Transfer जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है।

| क्र.सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी/लीज धारक का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड क्षेत्रफल | गृनि.स.स./निजी खातेदारी जविप्रा योजना | योजना का नाम | सेवा, जिसके लिये आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Sandeep Mathur S/o MADAN GOPAL MATHUR | श्रीमती सरोज गुप्ता पत्नी श्री रमेश चन्द गुप्ता | 151 | 166.66 SQ. YARD | Private | DIA MOND CITY Sector/ Block- | Name Transfer | स्वघोषणा पत्र, शपथ पत्र, जारी लीजडीड पंजीकृत विक्रय पत्र, मौके की फोटो, पहचान दस्तावेज आदि |

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Name Transfer जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

**आम सूचना जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
रामकिशोर व्यास भवन, इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004
क्रमांक: F-JDA/Zone 14/2025/D-141
आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 270969 दिनांक 10/12/2025 को निम्नांकित भूखण्ड का Name Transfer जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है।

| क्र.सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी/लीज धारक का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड क्षेत्रफल | गृनि.स.स./निजी खातेदारी जविप्रा योजना | योजना का नाम | सेवा, जिसके लिये आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Ansh Jain S/o Sunil Jain | श्रीमती सरोज गुप्ता पत्नी श्री रमेश चन्द गुप्ता | 152 | 166.66 SQ. YARD | Private | DIA MOND CITY Sector/ Block- | Name Transfer | स्वघोषणा पत्र, शपथ पत्र, जारी लीजडीड पंजीकृत विक्रय पत्र, मौके की फोटो, पहचान दस्तावेज आदि |

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Name Transfer जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
रामकिशोर व्यास भवन, इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004
क्रमांकः F-JDA/Zone 11/2025/D-157 **आम सूचना**
आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 271235 दिनांक 11/12/2025 को निम्नांकित भूखण्ड का Name Transfer जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये हैं।

| क्र.सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी/लीजधारक का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड क्षेत्रफल | गृ.नि.स.स./निजी खातेदारी/जविप्रा योजना | योजना का नाम | सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Sandeep Kumar Jindal S/o BHAGWANSAHAY GUPTA | श्री रमेशचन्द शर्मा पुत्र श्री बुद्धिचन्द शर्मा | 2 | 102.24 SQ METER | Private | SHRI KRISHANA GREEN VELLAY Sector/Block | Name Transfe | पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर |

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Name Transfe जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
क्रमांक: जविप्रा/उपा./जोन-9/2025/डी-3922 दिनांक: 08.09.2025
**सार्वजनिक विज्ञप्ति**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री केशव भट्ट पुत्र श्री रामचन्द्र भट्ट द्वारा जविप्रा की योजना रामनगरिया के भूखण्ड सं. ए-421 क्षेत्रफल 45.00 व.मी. का नाम हस्तान्तरण एवं लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा जारी करने हेतु ऑन लाईन आवेदन पंजीयन संख्या 173995 दिनांक 01.05.2024 के द्वारा आवेदन किया गया है। जविप्रा की योजना रामनगरिया के भूखण्ड सं. ए-421 क्षेत्रफल 45.00 व.मी. का पट्टा विलेख दिनांक 13.11.2000 को श्री रामावतार खींची पुत्र श्री आनन्दी लाल खींची के पक्ष में जारी हुआ। तत्पश्चात अपंजीकृत मु.आम द्वारा उक्त भूखण्ड श्री मदन लाल नागर पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण को दिनांक 28.12.2002 पक्ष में हुआ। तत्पश्चात पंजीकृत विक्रय पत्र द्वारा उक्त भूखण्ड का बेचान दिनांक 06.05.2002 में श्री रामलड्डू शर्मा पुत्र श्री ओमप्रकाश शर्मा के पक्ष में हुआ। तत्पश्चात पंजीकृत मु.आम द्वारा उक्त भूखण्ड दिनांक 12.05.2004 में श्री अरूण वर्मा पुत्र श्री धर्मवीर वर्मा के पक्ष में हुआ। तत्पश्चात पंजीकृत विक्रय पत्र द्वारा उक्त भूखण्ड का बेचान दिनांक 05.05.2007 में श्री धर्मवीर वर्मा पुत्र स्व. श्री रामशरण दास के पक्ष में हुआ। तत्पश्चात पंजीकृत विक्रय पत्र द्वारा उक्त भूखण्ड का बेचान दिनांक 15.045.2024 में प्रार्थी श्री केशव भट्ट पुत्र श्री रामचन्द्र भट्ट के पक्ष में हुआ इत्यादि अपलोड किये गये है। उक्त भूखण्ड के स्वामित्व के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्य इस कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी एवं प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।
उपायुक्त जोन-9, जविप्रा, जयपुर

स्वत्वाधिकारी महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गोपाल शर्मा द्वारा 2, सहकार मार्ग, ज्योतिनगर, लालकोठी, जयपुर-15 से प्रकाशित एवं महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी-848, फेज-3, रीको सीतापुरा, जयपुर से मुद्रित। संपादक: गोपाल शर्मा, संपादकीय प्रभारी: जिज्ञासु शर्मा*। फोन: 0141-2741076, 2741077 * पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। e-mail : mahanagarmarketing@gmail.com * आर.एन.आई. 67873/97/ पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर-JaipurCity/008/2023-25

# '5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए नॉलेज पावरफुल टूल'

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए नॉलेज यानी ज्ञान सबसे पावरफुल टूल है।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बॉम्बे में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि किसी भी देश का भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि उसके पास किस तरह की भविष्य



की तकनीकें हैं। उन्होंने कहा कि आईआईटी और इसके छात्र देश के विकास और प्रगति में बहुत बड़ा योगदान देते हैं। सरकार में काम करते हुए अगर हमें कोई चुनौती आती है, तो हम सबसे पहले आईआईटी से संपर्क करते हैं। इसकी विश्वसनीयता इतनी अच्छी है कि हमें जो समाधान मिलता है, वह व्यापक रूप से स्वीकार किया जाता है। संक्षेप में, आप ज्ञान की राजधानी हैं।

### ज्ञान की बताई परिभाषा

गडकरी ने समझाया कि उद्यमिता, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अनुसंधान, कौशल और सर्वोत्तम प्रथाओं को सामूहिक रूप से ज्ञान कहा जाता है। उनका मानना है कि इस ज्ञान को इस्तेमाल करके ही हम धन कमा सकते हैं और देश को आगे बढ़ा सकते हैं।

### इन चीजों को बताया महत्वपूर्ण

नितिन गडकरी ने कहा कि देश की प्रगति, संसाधन, तकनीकें महत्वपूर्ण हैं, लेकिन इससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण भविष्य की तकनीक और ज्ञान है। किसी भी देश का भविष्य इस बात पर आधारित है कि उसके पास किस तरह की भविष्य की तकनीकें हैं। उन्होंने कहा, 'अगर हम 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना चाहते हैं, तो ज्ञान सबसे शक्तिशाली उपकरण होगा।'

### तेजी से बढ़ रही देश की अर्थव्यवस्था

भारत की अर्थव्यवस्था इस समय तेजी से बढ़ रही है। इसने दूसरी तिमाही में शानदार प्रदर्शन किया है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में भारत की रियल जीडीपी 8.2 फीसदी की दर से बढ़ी है। यह पिछले साल की इसी तिमाही के 5.6 फीसदी के मुकाबले एक बड़ी छलांग है। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन के मुताबिक भारत की अर्थव्यवस्था इस चालू वित्त वर्ष के दौरान 4 ट्रिलियन डॉलर को पार कर जाएगी।

# चिकित्सा जांच शिविर आयोजित

**महानगर टाइम्स संवाददाता**



**जयपुर।** सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया की 115वीं वर्षगांठ पर बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर द्वारा आनंद भवन संसार चंद रोड पर एक विशाल स्वास्थ चिकित्सा, जांच एवं वैलनेस शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नारायणा हॉस्पिटल, शंकरा आई हॉस्पिटल, क्लोब डेंटल, ग्लो एंड ग्रो स्किन केयर के साथ सीड टू फीड वैलनेस सेंटर के विशेषज्ञ डॉक्टर्स ने अपनी सेवाएं दी। इस शिविर का आयोजन लायन विनोद सिंघल द्वारा किया गया। इस अवसर सेंट्रल बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख शैलेश वर्मा, सहायक क्षेत्रीय प्रमुख वाई पी धीमान, डॉ. स्वाति चौहान स्किन विशेषज्ञ, अर्जुन यादव, अंतरराष्ट्रीय वैलनेस कोच, शंकरा आई हॉस्पिटल द्वारा सेवाएं दी। शिविर में बड़ी संख्या में आकर लाभ लिया। बैंक द्वारा पूरी टीम को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# चीन ने भारत में शुरू किया ऑनलाइन वीजा आवेदन, यात्रा होगी आसान

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** चीन ने भारत में वीजा प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए एक नया ऑनलाइन वीजा सिस्टम शुरू किया है। अब भारतीय नागरिक ऑनलाइन फॉर्म भरकर और दस्तावेज अपलोड करके वीजा के लिए आवेदन कर सकते हैं, जिससे यात्रा और संपर्क बढ़ेगा। यह कदम पर्यटन और व्यापार को बढ़ावा देगा।

भारत और चीन के बीच बेहतर संबंध और लोगों की यात्रा को आसान बनाने के लिए चीन ने भारत में वीजा प्रक्रिया को आधुनिक और तेज बनाने का नया कदम उठाया है। इसके तहत एक नया ऑनलाइन वीजा सिस्टम शुरू किया गया है, जो 20 दिसंबर 2025 से लागू हो गया है। अब भारतीय नागरिक वीजा के लिए ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं और सभी जरूरी दस्तावेज सीधे वेबसाइट पर अपलोड कर सकते हैं। इससे वीजा प्रक्रिया पहले की तुलना में बहुत तज और सुविधाजनक हो जाएगी, जिससे दोनों देशों के बीच यात्रा और संपर्क और बढ़ेंगे।

**ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया और केंद्र की जानकारी :** नई प्रणाली के तहत, आवेदकों को सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट पर अपना अकाउंट बनाना या लॉगिन करना होगा। इसके बाद उन्हें ऑनलाइन फॉर्म भरना और सभी आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने होंगे। आवेदन की स्थिति ऑनलाइन रिव्यू पूरा होने के बाद और पुष्टि ईमेल प्राप्त होने पर ही



आवेदक अपने पासपोर्ट और भौतिक दस्तावेज चीनी वीजा आवेदन सेवा केंद्र में जमा कर सकते हैं। साथ ही नई प्रणाली के बावजूद, नई दिल्ली में चीनी वीजा आवेदन सेवा केंद्र लोगों की मदद करता रहेगा। यह केंद्र सोमवार से शुक्रवार, सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक खुला रहता है।

**पर्यटन और व्यापार पर प्रभाव :** चीन का यह कदम भारत और चीन के बीच लोगों के बीच संपर्क और यात्रा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है। भारत ने नवंबर 2025 में दुनिया भर में चीनी नागरिकों को पर्यटन वीजा देना फिर से शुरू किया, जबकि व्यवसाय वीजा पहले ही जारी किए जा रहे थे। दोनों देशों ने 2025 में लोगों के बीच भरोसा बढ़ाने के लिए कई खास कदम उठाए। इसमें सीधे कॉमर्शियल फ्लाइट्स की शुरूआत और कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से चालू करना शामिल है।

विशेषज्ञों का मानना है कि नई ऑनलाइन वीजा प्रणाली से पर्यटन, व्यापार और दोनों देशों के बीच संबंध मजबूत होंगे। इससे न केवल भारतीय यात्रियों के लिए वीजा प्रक्रिया आसान होगी, बल्कि दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों को भी बढ़ावा मिलेगा।

# भारत और न्यूजीलैंड ने किया ऐतिहासिक फ्री ट्रेड समझौता

## व्यापार और सेवाओं में होगा विस्तार

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड ने सोमवार को एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर कर अपनी आर्थिक साझेदारी को और मजबूत किया। यह समझौता दोनों देशों के बीच बाजार पहुंच बढ़ाने और निर्यातकों के लिए अवसर सुलभ करने के उद्देश्य से किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने टेलीफोन पर बातचीत कर इस ऐतिहासिक समझौते की पुष्टि की। गौरतलब है कि यह समझौता मार्च 2025 में फिर से शुरू हुई नौ महीनों की बातचीत के बाद पूरा किया गया।

**व्यापार और निवेश में वृद्धि की उम्मीद :** समझौते के तहत न्यूजीलैंड अपने लगभग 95 फीसदी उत्पादों पर भारत में लगने वाले शुल्क को कम या समाप्त करेगा, जिनमें से आधे से ज्यादा



उत्पाद समझौते के पहले दिन ही शुल्क मुक्त होंगे। लक्सन ने कहा कि इस समझौते के बाद न्यूजीलैंड के भारत निर्यात में अगले दो दशकों में 1.1 बिलियन से 1.3 बिलियन डॉलर की वृद्धि की संभावना है। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यालय ने कहा, कि दोनों नेताओं ने विश्वास जताया कि आने वाले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार दोगुना हो सकता है और अगले 15 वर्षों मेंन्यूजीलैंड भारत में 20 बिलियन डॉलर का निवेश कर सकता है।

### कीवी फल, सेब और ऊन सस्ते होंगे

इस समझौते का सीधा असर आम भारतीय ग्राहकों की जेब पर पड़ेगा। न्यूजीलैंड से आने वाले ताजे फल, विशेष रूप से कीवी और सेब पर अब काफी कम टैक्स लगेगा। इसके अलावा ऊन और उससे बने प्रोडक्ट्स, लकड़ी और कुछ खास किस्म के डेयरी आइटम भी सस्ते हो जाएंगे। भारत के प्रमुख निर्यात में दवा, पेट्रोलियम उत्पाद, सूती वस्त्र और मोटर वाहन शामिल हैं। वहीं, न्यूजीलैंड के प्रमुख निर्यात में ताजे फल, लोहे और इस्पात, लकड़ी, कोयला, कच्चा ऊन और डेयरी उत्पाद शामिल हैं। दोनों देश इस समझौते के माध्यम से केवल व्यापार ही नहीं, बल्कि शिक्षा, खेल, रक्षा और लोगों के बीच संबंधों को भी मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### सेवाओं और पेशेवर गतिशीलता पर जोर

समझौते की एक महत्वपूर्ण विशेषता सेवाओं और पेशेवर गतिशीलता पर इसका जोर है। न्यूजीलैंड ने 118 सेवाओं के क्षेत्रों में और 139 उप-क्षेत्रों में एमएफएन सुविधा देने का प्रस्ताव दिया है, जिसमें आईटी, पेशेवर सेवाएं, शिक्षा, टेलीकॉम, पर्यटन और निर्माण शामिल हैं। भारत ने भी 100 से ज्यादा सेवाओं के क्षेत्रों में बाजार पहुंच की पेशकश की है।

# भारत-न्यूज़ीलैंड एफटीए दोनों देशों के लिए फायदे का सौदा : पीयूष गोयल

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) को दोनों देशों के लिए फायदे का सौदा बताया है। उन्होंने कहा कि इस समझौते से हमारे किसानों, मछुआरों और डेयरी सेक्टर को बहुत ज्यादा फायदा होगा। उन्होंने कहा कि यह आपसी फायदे वाला समझौता भारत-न्यूज़ीलैंड आर्थिक साझेदारी को और मज़बूत करेगा और विकसित भारत 2047 के विज़न की ओर भारत की यात्रा को आगे बढ़ाएगा।

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने 'एक्स' पोस्ट पर भारत-न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौता वार्ता संपन्न होने पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के मार्गदर्शन और नेतृत्व में और मेरे दोस्त और समकक्ष मंत्री टॉड मैक्ले के करीबी और सहयोगी जुड़ाव से भारत न्यूजीलैंड ने रिकॉर्ड नौ महीनों में एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) को सफलतापूर्वक पूरा किया है। यह हमारे द्विपक्षीय संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने बताया कि एफटीए लागू होने पर भारत के 100 फीसदी निर्यात पर टैरिफ शुल्क सुनिश्चित करेगा, जिसमें सभी टैरिफ लाइनों पर



टैरिफ खत्म कर दिया जाएगा। इससे किसानों, एमएसएमई, श्रमिकों, कारीगरों, महिला-नेतृत्व वाले उद्यमों और युवाओं को फायदा होगा, साथ ही कपड़ा, परिधान, चमड़ा और जूते जैसे श्रम-गहन क्षेत्रों के लिए अपार अवसर मिलेंगे। इंजीनियरिंग और विनिर्माण, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी, प्लास्टिक, फार्मास्यूटिकल्स और रसायन जैसे क्षेत्रों को भी फायदा होगा।

गोयल ने कहा कि एफटीए भारत के सेवा क्षेत्र के लिए नए अवसर पैदा करता है, जिसमें आईटी और आईटीईएस, वित्त, शिक्षा, पर्यटन, निर्माण और अन्य क्षेत्र शामिल हैं। स्वास्थ्य, पारंपरिक चिकित्सा, छात्र गतिशीलता और अध्ययन के बाद न्यूजीलैंड के पहले परिशिष्ट भारतीय पेशेवरों और छात्रों के लिए अभूतपूर्व रास्ते खोलते हैं। इसके अलावा बेहतर मोबिलिटी के प्रावधान, जिसमें वर्किंग हॉलिडे वीज़ा, पढ़ाई के बाद काम करने के रास्ते, और कुशल भारतीय प्रोफेशनल्स के लिए 5,000 अस्थायी रोज़गार वीज़ा का एक खास कोटा शामिल है, भारतीय टैलेंट को बेहतर ग्लोबल मौके पाने में मदद करेगा।

# भारत में ईटीएफ निवेश ने बनाया रिकॉर्ड, एयूएम 10 लाख करोड़ पार

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत में एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) निवेश ने नया रिकॉर्ड बनाया है। अक्टूबर 2025 तक भारत के ईटीएफ सेक्टर का कुल एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) 10 लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच गया है। जेरोधा फंड हाउस की रिपोर्ट के मुताबिक, ईटीएफ इंडस्ट्री ने अपना एयूएम सिर्फ तीन साल में दोगुना कर लिया है। यह तेजी दिखाती है कि निवेशकों का रुझान अब तेजी से ईटीएफएस की ओर बढ़ रहा है।

रिपोर्ट के अनुसार, सिर्फ एयूएम ही नहीं, बल्कि ईटीएफ की ट्रेडिंग में भी जबरदस्त इजाफा हुआ है। वित्त वर्ष 2019-20 में जहां ईटीएऊ ट्रेडिंग वॉल्यूम 51,000 करोड़ रुपए था, वहीं वित्त वर्ष 2024-25 में यह बढ़कर 3.83 लाख करोड़ रुपए हो गया। यानी 7 गुना से ज्यादाय का इजाफा हुआ है। वित्त वर्ष 2025-26 के पहले छह महीनों में ही ईटीएफ ट्रेडिंग वॉल्यूम 3.2 लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच गया है, जो पिछले पूरे साल के लगभग बराबर है।

**ईटीएफ निवेशकों की संख्या 5 साल में 8 गुना बढ़ी :** ईटीएफ की इस सफलता की सबसे बड़ी वजह रिटेल निवेशकों की बढ़ती भागीदारी है। नवंबर 2020 में जहां ईटीएफ फोलियो की संख्या करीब 41 लाख थी, वहीं नवंबर 2025 तक यह बढ़कर 3 करोड़ से ज्यादा हो गई है। निवेश को लेकर बढ़ी जागरूकता और डिजिटल प्लेटफॉर्म तक आसान पहुंच ने इसमें बड़ी भूमिका निभाई है। जेरोधा फंड हाउस के सीबीओ वैभव जलान ने कहा कि नए निवेशकों के लिए ईटीएफ अलग-अलग एसेट क्लास, थीम और सेक्टर में निवेश का आसान और कम खर्च वाला तरीका है।

हालांकि इक्विटी ईटीएफएस अब भी सबसे आगे हैं। पिछले 12 महीनों में इनमें 25 लाख नए निवेशक खाते जुड़े हैं। लेकिन अब निवेशक सिर्फ शेयर बाजार तक सीमित नहीं रहना चाहते। गोल्ड और सिल्वर ईटीएफएस में निवेश तेजी से बढ़ा है और नवंबर 2025 तक ये कुल ईटीएफ एयूएम का करीब 15 फीसदी हिस्सा बन चुके हैं।

# शेयर बाजार में बढ़त के साथ क्लोजिंग, सेंसेक्स 638 अंक चढ़ा, निफ्टी 26100 के पार

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विदेशी निधि प्रवाह और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा मौद्रिक नीति में और ढील की उम्मीदों पर वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच निवेशकों का सकारात्मक रहा। इसके कारण बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में सोमवार को लगभग 1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

पिछले सत्र की तेजी को बरकरार रखते हुए, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 638.12 अंक या 0.75 प्रतिशत बढ़कर 85,567.48 पर बंद हुआ। दिन के दौरान, इसमें 671.97 अंक या 0.79 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 85,601.33 पर पहुंच गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 206 अंक या 0.79 प्रतिशत चढ़कर 26,000 के अंक से ऊपर 26,172.40 पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में, दक्षिण



### डॉलर के मुकाबले रुपया तीन पैसे गिरा

सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुझान से मिल रहे समर्थन के बावजूद कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने से रुपया शुरुआती बढ़त गंवा बैठा और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 3 पैसे गिरकर 89.70 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से ट्रेंट, इंफोसिस, भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और मारुति सबसे बड़े लाभ कमाने वालों में शामिल थीं। वहीं एसबीआई, कोटक महिंद्रा बैंक, लार्सन एंड टुब्रो और टाइटन इस मामले में पिछड़ गए।

कोरिया का कोस्पी सूचकांक 2 प्रतिशत से अधिक उछला, जबकि जापान का निक्केई 225 सूचकांक भी लगभग 2 प्रतिशत बढ़ा। शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक भी सकारात्मक दायरे में रहे। यूरोपीय बाजारों में मिला-जुला रुख रहा। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुए।

# 2030 तक 20 फीसदी हो सकती है एआई की हिस्सेदारी : रिपोर्ट

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आने वाले वर्षों में भारत में बिजली की मांग को तेजी से बढ़ाएगा। इंडियन कैपिटल मैनेजमेंट की एक रिपोर्ट का कहना है कि 2025 से 2030 के बीच बिजली की बढ़ी हुई मांग का करीब 20 फीसदी हिस्सा एआई से जुड़ी गतिविधियों से आएगा। इसमें ज्यादातर बिजली की खपत डेटा सेंटर्स की डिमांड से आएगी। इंडियन कैपिटल मैनेजमेंट अमेरिका की निवेश कंपनी इंडिया कैपिटल मैनेंजमेंट एलसीसी का हिस्सा है। रिपोर्ट के अनुसार, 2025 से 2030 के बीच भारत में बिजली की मांग में करीब 817 लाख करोड़ यूनिट की बढ़ोतरी हो सकती है। यह अनुमान पहले लगाए गए 2023 के अनुमान से ज्यादा है, जिसमें 2030 तक मांग में बढ़ोतरी का अनुमान था।

## सोने-चांदी के भाव एक और नए शिखर पर

# सोना 1,37,591 रुपए पर, चांदी 2,13,776 रुपए पर पहुंची

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** सर्राफा बाजारों में सोने-चांदी के भाव एक नई ऊंचाई पर पहुंच गए हैं। दोनों धातुएं ऑल टाइम हाई पर हैं। चांदी के भाव 7214 रुपए प्रति किलो उछला है। जबकि, सोने के भाव में 1805 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। जीएसटी समेत चांदी अब 213776 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है। जबकि, 24 कैरेट गोल्ड का रेट अब जीएसटी समेत 137591 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गया है।

शुक्रवार को चांदी बिना जीएसटी 200336 रुपए प्रति किलो और सोना बिना जीएसटी 131779 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। आज बिना जीएसटी सोना 133584 रुपए के ऑल टाइम हाई पर खुला। दूसरी ओर चांदी बिना जीएसटी 207550 रुपए प्रति किलो के रेट से खुली। इस साल अबतक सोना 57844 रुपए उछल चुका है। जबकि, चांदी 121533 रुपए उछल चुकी है। यह रेट आईबीजेए द्वारा जारी किए गए हैं। सोमवार को 23 कैरेट गोल्ड भी 1798 रुपए उछल कर 133049 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर खुला। जीएसटी संग इसकी कीमत अब 137040 रुपए हो गई है। अभी इसमें मेकिंग चार्ज नहीं जुड़ा है। 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 1653 रुपए चढ़कर 122363 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है। जीएसटी संग यह 126033 रुपए है। 18 कैरेट गोल्ड 1332 रुपए की तेजी के साथ 100188 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है और जीएसटी के साथ इसकी कीमत 103193 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है। चांदी की कीमतों में बीते कुछ समय से लगातार तेजी देखने को मिल रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह रुझान 2026 तक भी जारी रह सकता है। भारतीय रुपए में चांदी के भाव 2026 में 2.25 लाख रुपए से 2.50 लाख रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच सकते हैं। कमोडिटी बाजार के जानकारों के मुताबिक, चांदी की कीमतों को सबसे बड़ा सहारा औद्योगिक मांग से मिल रहा है। सोलर पैनल, इलेक्ट्रिक वाहन और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में चांदी का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। वैश्विक स्तर पर हरित ऊर्जा पर बढ़ते निवेश से भी चांदी की मांग मजबूत बनी हुई है।

# खुदरा महंगाई, जीडीपी आंकड़ों में अगले साल होगा बदलाव

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने आधार वर्ष में बदलाव का ऐलान किया है। सरकार अगले साल फरवरी महीने से खुदरा महंगाई और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़ों की नई सीरीज और मई से औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) डेटा जारी करेगी। ये जानकारी प्रतिभागियों के साथ भी शेयर की जाएगी।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने सोमवार को जानकारी दी कि खुदरा महंगाई दर, राष्ट्रीय लेखा और औद्योगिक उत्पादन सूचकांक से जुड़े प्रमुख व्यापक आर्थिक आंकड़ों की नई शृंखला अगले वर्ष जारी की जाएगी, जिसमें आधार वर्ष बदला गया होगा। मंत्रालय ने बताया कि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी), सीपीआई और आईआईपी के आधार वर्ष में बदलाव को लेकर 23 दिसंबर को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में एक परामर्श कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इसके पहले मुंबई में 26 नवंबर को पहली कार्यशाला आयोजित की गई थी। इस कार्यशाला में प्रतिष्ठित अर्थशास्त्रियों, वित्तीय संस्थानों और बैंकिंग क्षेत्र के विशेषज्ञों, मामले के जानकार, प्रमुख सांख्यिकीय आंकड़ों के उपयोगकर्ताओं और केंद्र एवं राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारियों की भागीदारी होगी। कार्यशाला में नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन के. बेरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

# मैकडॉनल्ड्स इंडिया ने लॉन्च किया नया सिग्नेचर कलेक्शन

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मैकडॉनल्ड्स इंडिया-नॉर्थ एंड ईस्ट ने दो नए वैरिएंट्स के साथ नया सिग्नेचर कलेक्शन लॉन्च करने का ऐलान किया है। इस लॉन्चिंग के साथ मैकडॉनल्ड्स ने भारत के नए फ्लेवर फ्लेक्स एरा में कदम रखा है, जिसे महसूस करने, देखने और शेयर करने के लिए प्रीमियम इनग्रेडिएंट्स, रिच फ्लेवर लेयर्स और बर्गर के खास अनुभव को साथ लाया गया है।

पिछले वर्षों में मैकडॉनल्ड्स




ने ग्राहकों की पसंद में स्पष्ट बदलाव देखा है। अब लोग ऐसा बर्गर चाहते हैं, जिसकी रिचनेस ज्यादा हो और जिससे खास एहसास मिले। इस चाहत को देखते हुए और बर्गर के एहसास को नई ऊंचाई देने की जरूरत को देखते हुए हर बाइट के साथ ज्यादा की चाहत रखने वाले ग्राहकों को ध्यान में रखकर दो नई ऑफरिंग्स के साथ इस साल मैकडॉनल्ड्स फिर अपने सिग्नेचर कलेक्शन को वापस लेकर आया है। हर बर्गर को बोल्ड और खास लेयर्ड इनग्रेडिएंट्स के साथ तैयार किया गया है, जो मुंह में जाते ही घुल जाते हैं और खास स्वाद का एहसास जगाते हैं। यह फ्लेवर का ऐसा तड़का है, जो आपको 'वाह' कहने पर मजबूर कर देगा।

**चीजी मशरूम (239 रुपए):** रिच, चीजी मशरूम पैटी को स्वाद से भरपूर इटैलियन सॉस, टैंगी गर्किंस और क्रिस्प लेटस के साथ मिलाते हुए प्रोटीन बन के बीच पिरोया जाता है, जिससे टेक्सचर और स्वाद का खास एहसास पैदा होता है। मैकडॉनल्ड्स की 'प्राउडली इंडियन' कमिटमेंट के साथ फ्रेश लेटस, मशरूम, चिकन और एग तक इसमें पड़ने वाले हर इनग्रेडिएंट को भरोसेमंद भारतीय सप्लायर्स से ही लिया जाता है। इसमें देशभर में किसानों व अन्य पार्टनर्स को सोर्सिंग सपोर्ट देने पर फोकस किया जाता है।साथ ही यह सुनिश्चित किया जाता है कि हर बर्गर फ्रेश, हाई क्वालिटी इनग्रेडिएंट से तैयार हो, जिसमें भारतीय स्वाद का भी एहसास हो।

इस लॉन्चिंग को लेकर मैकडॉनल्ड्स इंडिया- नॉर्थ एंड ईस्ट के मैनजिंग डायरेक्टर राजीव रंजन ने कहा, 'सिग्चेनर कलेक्शन के साथ हम रोजाना के बर्गर को सही मायने में स्वादिष्ट विकल्प में बदल रहे हैं। बोल्ड फ्लेवर और प्रीमियम इनग्रेडिएंट्स से तैयार इन बर्गर को ऐसे ग्राहकों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जो हर बाइट में ज्यादा रिचनेस और ज्यादा संतुष्टि चाहते हैं। नए चीजी मशरूम और चीजी चिकन वैरिएंट को खास लेयर्ड इनग्रेडिएंट्स से बनाया गया है, जिनसे खास स्वाद, टेक्सचर और संतुष्टि का एहसास होता है।

ग्लोबल फ्लेवर को भारत से सोर्स किए हुए इनग्रेडिएंट्स से मिलाते हुए हमने ऐसा फ्लेवर तैयार किया है, जिससे मिलने वाला स्वाद आपको 'वाह' कहने पर मजबूर कर देगा। साथ ही इसमें लोकल प्रेफरेंस का भी ध्यान रखा गया है।'

दो नए प्रीमियम वैरिएंट्स के साथ सिग्नेचर कलेक्शन की वापसी के साथ मैकडॉनल्ड्स ने इनोवेशन और क्वालिटी को लेकर अपनी प्रतिबद्धता को मजबूती दी है। साथ ही बर्गर के दीवानों को खास एहसास देने की तैयारी की है। सिग्नेचर कलेक्शन पूरे उत्तर एवं पूर्वी भारत में मैकडॉनल्ड्स के रेस्टोरेंट्स में डाइनइन, टेकअवे, ड्राइव थ्रू और थर्ड पार्टी एग्रीगेटर्स के माध्यम से डिलीवरी के लिए उपलब्ध है।

# इंडियन ऑडियंस को काफी पसंद आ रही 'द ग्रेट फ्लड' कोरियन मूवी

## ओटीटी पर धड़ल्ले से देखा जा रहा, टॉप-2 पर कर रही ट्रेंड

**कोरियन ड्रामा** का क्रेज भारत में काफी देखने को मिलता है। ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर आपको एक से बढ़कर एक कोरियन फिल्म और वेब सीरीज देखने को मिल जाएंगी, जो आपका मनोरंजन करने का पूरा दमखम रखती हैं। इस कड़ी में अब एक और नई कोरियन ड्रामा फिल्म शामिल हो रही है, जिसे हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर ऑनलाइन स्ट्रीम किया गया है।

1 घंटा 48 मिनट की ये कोरियन मूवी फिलहाल नेटफ्लिक्स पर टॉप ट्रेंडिंग में बनी हुई है। आइए जानते हैं कि यहां कौन सी फिल्म के बारे में जिक्र किया जा रहा है। मशहूर ओटीटी प्लेटफॉर्म पर हमेशा से बेहतरीन के ड्रामा थ्रिलर लेते आया है। इस बार भी एक रोचक कहानी फिल्म को नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया गया है, जो इंडियन ऑडियंस को भी काफी पसंद आ रही है। गौर किया जाए तो इस कोरियन फिल्म की स्टोरी की तरफ तो ये एक साई-फाई सर्वाइवल थ्रिलर जॉनर की मूवी है, जिसमें एक मां की बहादुरी को दिखाया गया है। एक महिला है, जो एआई रिसर्चर की नौकरी करती है और भविष्य में होने वाली घटनाओं को जानने में रुचि रखते है, लेकिन उसकी जिदंगी में सबसे बड़ा मोड़ उस वक्त आता है, जब उसके शहर में अचानक से सुनामी आ जाती है। पूरा शहर पानी में डूब जाता है और वह अपने बच्चे को बचाने की पूरी कोशिश करती है। भयानक बाढ़ के बीच वह एक बिल्डिंग में फंस जाती है और वहां सर्वाइव करती है। क्या वह लेडी और उसका बच्चा इस बाढ़ से बच पाती है या नहीं, उसके लिए आपको ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर बीते शुक्रवार को रिलीज होने वाली फिल्म द ग्रेट फ्लड को देखना पड़ेगा। इस मूवी को ओटीटी पर धड़ल्ले से देखा जा रहा है और इंडियन क्रिटिक्स और ऑडियंस की तरफ से इसे पॉजिटिव रिस्पॉन्स भी मिल रहा है। कोरियन सिनेमा के मशहूर कलाकार किम दा मी, क्वोन यूं सियांग और पार्क हे सू स्टारर द ग्रेट फ्लड का नेटफ्लिक्स पर दबदबा बना हुआ है। इसका अंदाजा आप इस बात से लगा सकते हैं कि ये मूवी इस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर टॉप-2 पर ट्रेंड कर रही है।





# लाइमलाइट से दूर जिंदगी जी रहे बिग बी के छोटे भाई अजिताभ बच्चन

## एक्टर नहीं फिर भी हैं करोड़पति, लो-प्रोफाइल में रहना करते हैं पसंद

**चकाचौंध** और ग्लैमर की दुनिया में जहां कई एक्टर आते हैं और चले जाते हैं या समय के साथ फीके पड़ जाते हैं, वहीं एक ऐसा स्टार है, जिसकी स्टारडम और चमक कभी कम नहीं हुई। वह 82 साल के हो गए हैं और इसके बावजूद जब भी वह स्क्रीन पर आते हैं, फैंस दीवाने हो जाते हैं। हम बात कर रहे हैं अमिताभ बच्चन की। जहां बिग बी इंडस्ट्री के सबसे मशहूर सितारों में से एक हैं, वहीं उनके परिवार के सदस्य भी कम नहीं हैं।

उनकी पत्नी और जानी-मानी एक्ट्रेस जया बच्चन अपने समय की स्टार थीं, जबकि उनके बेटे अभिषेक बच्चन और बहू ऐश्वर्या राय भी बॉलीवुड की जानी-मानी हस्तियां हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि अमिताभ बच्चन के छोटे भाई लाइमलाइट से पूरी तरह दूर रहते हैं? वह एक्टर नहीं हैं, लेकिन फिर भी करोड़पति हैं। अमिताभ बच्चन के भाई अजीताभ बच्चन हैं। उनके बड़े भाई भारत के सबसे पसंदीदा सेलिब्रिटी में से एक होने के बावजूद अजीताभ लो-प्रोफाइल में रहना पसंद करते हैं और ग्लैमर की दुनिया से दूर रहते हैं।

अमिताभ अपने भाई अजीताभ से पांच साल बड़े हैं। 18 मई 1947 को जन्मे अजीताभ ने भी नैनीताल के शेरवुड कॉलेज में पढ़ाई की। अमिताभ के विपरीत उनकी रुचियां बचपन से ही अलग थीं। हालांकि अपने पिता हरिवंश राय बच्चन की मृत्यु के बाद अमिताभ और अजीताभ के रिश्ते में तनाव आ गया और दोनों ने दूरी बना ली, इसलिए दोनों को बहुत कम ही साथ देखा जाता है।

### बिजनेस की पढ़ाई कर बने सफल एंटरप्रेन्योर

अजिताभ अपने स्कूल के सबसे होशियार बच्चों में से एक थे। शुरू से ही उन्हें बिजनेस का शौक था और इसलिए उन्होंने बिजनेस की पढ़ाई की और एक सफल एंटरप्रेन्योर बने। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अजिताभ बच्चन तीन कंपनियों के डायरेक्टर हैं। उनकी पर्सनल लाइफ की बात करें तो अमिताभ ने अजिताभ की जिंदगी में कूपिड का रोल निभाया, क्योंकि अजिताभ की पत्नी रमोला बिग बी की करीबी दोस्त थीं। रमोला अक्सर उनके घर आती थीं और तभी बिग बी ने उन्हें अजिताभ से मिलवाया। धीरे-धीरे दोनों को प्यार हो गया और बाद में उन्होंने शादी कर ली। अजिताभ व रमोला के चार बच्चे हैं। एक बेटा जिसका नाम भीम है और तीन बेटियां नीलिमा, नम्रता व नैना है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अजिताभ की नेट वर्थ 166 करोड़ रुपए है। अमिताभ बच्चन और अजिताभ बच्चन दोनों ही अपनी अलग-अलग जिंदगी जी रहे हैं, जिनमें एक को लाइमलाइट में रहना पसंद है, वहीं दूसरे को शांत जीवन।





# सुपर नैचुरल थ्रिलर की शूटिंग के दौरान हुई भूतिया घटना, एक्ट्रेस ने सुनाया खौफनाक किस्सा

**पैरानॉर्मल** कहानियां दर्शकों को डराने के लिए बनाई जाती हैं, लेकिन 'भयः द गौरव तिवारी मिस्ट्री' ने शायद एक परेशान करने वाली हद पार कर दी है। यह भारत के पहले डॉक्यूमेंटेड पैरानॉर्मल इन्वेस्टिगेटर गौरव तिवारी पर बनी है। जहां डर सिर्फ स्क्रीन तक ही सीमित नहीं रहा। ओटीटी प्लेटफॉर्म की इस सुपर नैचुरल थ्रिलर ने हाल ही में एक लीक हुई ऑडियो क्लिप के बाद जबरदस्त ऑनलाइन चर्चा बटोरी, जिसे कथित तौर पर लीड एक्टर करण टैकर ने रिकॉर्ड किया था। यह वायरल वॉइस नोट, जो कथित तौर पर कभी भी पब्लिक के लिए नहीं था, शो की शूटिंग के दौरान हुई कई अनजानी घटनाओं के बारे में बताता है। जैसे ही यह ऑडियो फैला इसने नकली हॉरर और असल जिंदगी के अनुभव के बीच की पतली लाइन पर फिर से चर्चा शुरू कर दी। खासकर जब शूटिंग की जगह खुद असल जिंदगी की पैरानॉर्मल जांच से जुड़ी थीं। अब वायरल हो चुके ऑडियो में करण टैकर सेट के उन पलों के बारे में बताते हुए सुने जा सकते हैं, जिन्होंने कास्ट और क्रू दोनों को परेशान कर दिया था।

सबसे परेशान करने वाली घटनाओं में से एक गौरव तिवारी के असली घर के अंदर शूटिंग के दौरान हुई थी। करण टैकर ने इस सीरीज में गौरव तिवारी का रोल निभाया है, जो भारत के पहले डॉक्यूमेंटेड पैरानॉर्मल इन्वेस्टिगेटर थे। ऑडियो के अनुसार क्रू मेंबर्स ने अजीब परछाइयां, कैमरे में कैद अचानक होने वाली हलचलें और माहौल में एक भारीपन महसूस किया, जो काफी देर तक बना रहा। टैकर ने ऐसी टेक्निकल गड़बड़ियों का भी जिक्र किया, जिनका कोई जवाब नहीं था, जिसमें एक साथ कई फोन की बैटरी जीरो हो जाना और खाली कमरों में अजीब आवाजें गूंजना शामिल हैं। सीरीज में आइरीन वेंकट का किरदार निभाने वाली कल्कि कोचलिन ने इस बढ़ती चर्चा पर बात की और कंफर्म किया कि ये सब बातें सच है। लीक हुए ऑडियो को लेकर हो रही बातचीत को मानते हुए कल्कि ने कन्फर्म किया कि बताई गई घटनाएं मनगढ़ंत नहीं थीं और उन्होंने भी सेट पर ऐसे पल अनुभव किए थे, जो बहुत ज्यादा परेशान करने वाले थे।

गौरव तिवारी द्वारा इन्वेस्टिगेट किए गए असली मामलों से प्रेरित यह सीरीज उनकी जिंदगी, काम और उनकी रहस्यमयी मौत से जुड़े अनसुलझे सवालों को दिखाती है। अन्य सुपरनैचुरल ड्रामा के उलट 'भय : द गौरव तिवारी मिस्ट्री' एक जमीनी, संयमित तरीका अपनाती है, जिससे डर या तमाशे के बजाय असलियत में तनाव पैदा करती है। यह शो तिवारी के मकसद अनजानी चीजों से उनके सामना और बार-बार डर से भरी जगहों पर जाने के भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक असर को दिखाता है। 'भय : द गौरव तिवारी मिस्ट्री', जिसमें करण टैकर और कल्कि कोचलिन हैं। यह सीरीज अभी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर फ्री में स्ट्रीम हो रही है।

# 'ब्लैक वारंट' वेब सीरीज ने इस साल दर्शकों का किया भरपूर मनोरंजन



**ओटीटी** प्लेटफॉर्म पर साल 2025 में एक से बढ़कर एक वेब सीरीज देखने को मिली, इनमें से कुछ ऐसी रही, जिनकी चर्चा पूरे साल हुई। ऐसे में हम आपको ऐसी ही एक बहुचर्चित सीरीज की जानकारी देने जा रहे हैं, जिसने 2025 में ओटीटी पर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इस सीरीज के 7 एपिसोड थे और सातों के सातों में हद से ज्यादा रोमांच भरा हुआ था। जिस तरह की कहानी इस वेब सीरीज में दिखाई गई थी, वैसी पहले कभी किसी भी इंडियन सीरीज में नजर नहीं आई। ऐसे में आइए जानते हैं कि यहां कौन सी थ्रिलर के बारे में जिक्र किया जा रहा है।

जिस वेब सीरीज के बारे में यहां बात हो रही है, उसे 10 जनवरी 2025 को ओटीटी पर ऑनलाइन स्ट्रीम किया गया था। सीरीज की कहानी ने हर किसी को चौंका दिया और ये साबित किया था कि अगर कंटेंट में दम है तो यकीनन तौर पर बगैर बड़े स्टार्स के कोई भी फिल्म और वेब सीरीज सफलता हासिल करती है। ऐसा ही कुछ इस सीरीज के साथ भी देखने को मिला। आईएमडीबी से 7.9/10 की धांसू रेटिंग हासिल करने वाली इस वेब सीरीज की कहानी एक ऐसे शख्स के इर्द-गिर्द घूमती है, जो पुलिस में भर्ती होता है और उसकी पहली पोस्टिंग जेल में होती है। जेल में कैदियों के बीच का माहौल और शख्त जेलर का रवैया उस नए नवेले पुलिस वाले को काफी परेशान करता है, लेकिन वह अपनी ड्यूटी को पूरे जोश और ईमानदारी के साथ निभाता है। सीरीज की स्टोरी में कई राज और रहस्य भी मौजूद हैं, जो सच्ची घटनाओं से प्रेरित हैं। इसमें जिस जेल की दास्तां दर्शाई गई है वह दिल्ली का तिहाड़ जेल है। अब तो आप समझ ही गए होंगे कि यहां वेब सीरीज 'ब्लैक वारंट' की बात की जा रही है, जिसे ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर इस साल की शुरुआत में ऑनलाइन रिलीज किया गया था। पहले सीजन की अपार सफलता के बाद आने वाले समय में आपको ब्लैक वारंट का सीजन-2 जरूर देखने को मिलेगा, जिसकी पुष्टि मेकर्स पहले ही कर चुके हैं। फैंस भी ब्लैक वारंट-2 के लिए काफी एक्साइटेड हैं। बता दें कि इस सीरीज के अगले सीजन को 2026 के अंत में नेटफ्लिक्स पर ऑनलाइन स्ट्रीम किया जा सकता है।

# आखिरी दांव खेलने आ रहे अजय देवगन, दृश्यम-3 की रिलीज डेट आउट

**विजय** सलगांवकर बनकर एक बार फिर अजय देवगन की बड़े पर्दे पर वापसी होने जा रही है और आखिरकार सबको पता चल ही जाएगा कि आखिर 2 अक्टूबर को हुआ क्या था? दृश्यम और दृश्यम-2 की जबरदस्त सक्सेस के बाद अब दृश्यम-3 की रिलीज का ऐलान कर दिया गया है। अजय देवगन की आगामी फिल्म की अनाउंसमेंट वीडियो जारी कर दी गई है। कुछ महीने पहले ही मोहनलाल और अजय देवगन ने अलग-अलग दृश्यम-3 की शूटिंग शुरू की थी।

अब मोहनलाल से पहले ही अजय देवगन की फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया गया है। फिल्म मेकर्स ने सोमवार को दृश्यम-3 की अनाउंसमेंट वीडियो शेयर की है, जो सस्पेंस से भरा है। एक मिनट 13 सेकंड के वीडियो में दिखाया गया है कि अजय देवगन परिवार को बचाने के लिए नई प्लानिंग के साथ लौट रहे हैं। क्रिमिनल, मर्डरर, फरेबी, मक्कार, फ्रॉड, शातिर, हीरो, निर्दोष, पिता, मास्टरमाइंड जैसे नामों से बुलाए जाने वाला विजय अपना आखिरी दांव खेलने के लिए एकदम तैयार है। अनाउंसमेंट वीडियो में अजय देवगन को कहते हुए सुना जा सकता है कि दुनिया मुझे कई नाम से बुलाती है, लेकिन मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता है, क्योंकि




पिछले सात सालों में जो कुछ हुआ, जो कुछ किया, जो कुछ देखा, जो कुछ दिखाया, उससे मुझे एक बात समझ में आ गई है। इस दुनिया में हर किसी का सच अलग है। हर किसी का सही अलग है।

मेरा सच, मेरा सही सिर्फ मेरी फैमिली है। जब तक सब थक नहीं जाते, जब तक सब हार नहीं जाते, मैं यहीं खड़ा हूं, चौकीदार बनकर, पहरेदार बनकर, एक दीवार बनकर, क्योंकि कहानी अभी खत्म नहीं हुई है। आखिरी हिस्सा अभी बाकी है। फिल्म में एक सीन है, जिसमें अजय देवगन बताता है कि 2 अक्टूबर को आखिर उसने क्या-क्या किया था। अब आखिरकार 2 अक्टूबर का राज खुल ही जाएगा। यह फिल्म अगले साल गांधी जयंती को ही रिलीज हो रही है।

# अभिनेत्री शुभांगी अत्रे के समर्थन में आए अभिनेता सौरभ राज जैन

**लोकप्रिय** सिटकॉम 'भाभी जी घर पर हैं' में अंगूरी भाभी की भूमिका के बारे में शिल्पा शिंदे की ओर से की गई विवादास्पद टिप्पणी के बाद टेलीविजन अभिनेता सौरभ राज जैन अभिनेत्री शुभांगी अत्रे के समर्थन में सामने आए हैं। हाल ही में एक बातचीत के दौरान की गई शिल्पा की टिप्पणियों पर ऑनलाइन तीखी प्रतिक्रिया हुई। सोशल मीडिया पर सौरभ राज जैन ने शिल्पा का नाम लिए बिना उनके कमेंट्स की आलोचना की और कहा कि ऐसे कमेंट्स में बेसिक तमीज की कमी दिखती है। सौरभ ने लिखा कि जिस एक्टर को रिप्लेस किया गया था, उसने करीब 10 साल तक दर्शकों का मनोरंजन किया और उसे हमेशा प्यार मिला और किसी भी वजह से जब पहली एक्टर फिर से उसी किरदार में वापस आती है, जिसे उसने 10 साल पहले किसी भी वजह से छोड़ दिया था, तो वह मीडिया से कहती है... कि रिप्लेस की गई एक्टर उसके जितनी बड़ी नहीं है और उसमें कॉमिक टाइमिंग की कमी है। नहीं मैम, आप में ही बेसिक तमीज की कमी है। उन्होंने आगे कहा कि मैं यह क्यों शेयर कर रहा हूं... यह मेरे खुद के सीखने के लिए और मेरे जैसे सभी लोगों के लिए है। विनम्रता ही मायने रखती है, बाकी सब कुछ अस्थाई है। शिल्पा शिंदे जिन्होंने शो छोड़ने से पहले मूल रूप से अंगूरी भाभी का रोल किया था, उन्होंने कथित तौर पर शो में अपनी वापसी के बाद शुभांगी के इस किरदार के साथ लंबे जुड़ाव के बारे में हल्के-फुल्के कमेंट्स किए थे। उनके बयान शो के फैंस को पसंद नहीं आए, जिनमें से कई को लगा कि शुभांगी के योगदान को कम आंका जा रहा है। एक इंटरव्यू में शिल्पा ने कहा कि एक अभिनेता के रूप में देखो, मैंने उस वक्त भी बोला था जब विवाद चल रहा था, बहुत स्पष्ट रूप से, उसने काम किया है अच्छा। अच्छी अभिनेत्री है, लेकिन कॉमेडी सबके बस की बात नहीं है। उसके बाद किसी को कॉपी करना, वह बहुत मुश्किल है, बहुत दबाव होता है। देखो आज मैं कितना भी सोचो किसी एक्ट्रेस को कॉपी करना, तो वो कॉपी हो जाती है चाहे मैं कितनी भी अच्छी एक्टिंग करूं। शुभांगी अत्रे को इस किरदार को आगे बढ़ाने और सालों से अंगूरी भाभी के नाम से मशहूर होने के लिए खूब तारीफ मिली है। इस महीने की शुरुआत में 'भाभीजी घर पर हैं' के मेकर्स ने नए सीजन का टीजर रिलीज किया और इसने फैंस को एक्साइटेड कर दिया है, जहां ओरिजिनल शो सिर्फ हंसी-मजाक वाला था, वहीं यह टीजर एक डरावने ट्विस्ट की तरफ इशारा कर रहा है।

**अंगूरी भाभी की भूमिका पर शिल्पा शिंदे ने की थी विवादास्पद टिप्पणी**




सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार
2 साल
नव उत्थान - नई पहचान
बढ़ता राजस्थान - हमारा राजस्थान
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री
राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन
प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में ₹2,000 + करोड़ की स्वीकृति
राज्य परियोजनाओं से कृषकों को ₹1,200 करोड़ का हस्तांतरण
मुख्य अतिथि
श्री शिवराज सिंह चौहान
माननीय केंद्रीय ग्रामीण विकास, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री
अध्यक्षता
श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री
नागौर जिले में ₹351 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास
राशि हस्तांतरण
कृषि एवं उद्यानिकी योजनाएं
31,600 कृषकों को ₹200 करोड़
कृषि आदान-अनुदान
5 लाख कृषकों को ₹700 करोड़
प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण
18,500 लाभार्थियों को ₹100 करोड़
मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादन संबल योजना
4.50 लाख पशुपालकों को ₹200 करोड़
23 दिसम्बर, 2025 | अपराह्न 12:00 बजे | डांगावास, मेड़ता सिटी (नागौर)
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान
राजस्थान संवाद


MARUTI SUZUKI
NEXA
ROAD TAX? WE HAVE TAKEN CARE OF IT!
GRAND VITARA STRONG HYBRID WITH OFFERS OF UP TO ₹ 2.17 LAKH*.
GRAND VITARA
GRAND VITARA
STRONG HYBRID
R17 MACHINED ALLOY WHEELS
AUTO PURIFY WITH PM2.5 DISPLAY
8-WAY DRIVER POWERED SEAT
EV MODE
6 AIRBAGS AS STANDARD
5 YEAR WARRANTY~
3 YEARS + 2 YEARS COMPLIMENTARY
NEXA SAFETY SHIELD
SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU
E-BOOK TODAY @ WWW.NEXAEXPERIENCE.COM
Contact us at
1800-200-[6392]
1800-102-[6392]
For detailed T&C kindly visit nearest dealership. Creative visualisation. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice and offers may vary across variants. Features and accessories shown may not be part of the standard fitment. *Offers applicable on Delta+, Zeta+ & Alpha+ variants. **Offer includes consumer offer, exchange bonus and institutional or rural offer (wherever applicable) on select models/variants. Finance is at the sole discretion of financier. Above offers are valid for limited period only. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. Car color may vary due to printing on paper. ~This extended warranty is applicable for Delta+, Zeta, Zeta+, Alpha and Alpha+ variants except CNG variants of Grand Vitara. Offer amount is equivalent to the applicable Road Tax.